e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 55
मंगलवार
25.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
ऊँचे ख़्वाबों के लिए दिल की,
गहराई से काम करना पड़ता है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 2025 का राष्ट्रीय प्रतियोगिता कैलेंडर जारी किया

**चेन्नई :** सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 2025 के लिए एक विस्तृत राष्ट्रीय प्रतियोगिता कैलेंडर जारी किया है। इसका उद्देश्य भारतीय सर्फर्स को अधिकतम समुद्री प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्रदान करना है, जिससे वे आगामी एशियन गेम्स के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें।एसएफआई ने आधिकारिक तौर पर 2025 राष्ट्रीय सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल इवेंट कैलेंडर जारी किया है, जो भारत में इस खेल की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता का एक और प्रमाण है। 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल करने के बाद 2025 भारतीय सर्फिंग को वैश्विक मंच पर और मजबूत करने का वर्ष होगा।

### बांग्लादेश में फिर झड़प, युवक की मौत

**ढाका :** बांग्लादेश में हवाई अड्डे के विस्तार के लिए बेदखली के प्रयास को लेकर कॉक्स बाजार शहर में वायु सेना के जवानों और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प में एक युवक की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह झड़प सोमवार को कॉक्स बाजार नगर पालिका के अंतर्गत समिति पारा में हुई।कॉक्स बाजार जिला सदर अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी सैफुल इस्लाम ने माना है कि झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य का इलाज चल रहा है। समिति पारा निवासी मुजाहिदुल इस्लाम के अनुसार, भूमि अधिग्रहण के लिए दोपहर को जिला प्रशासन कार्यालय में वायु सेना के अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच पूर्व निर्धारित बैठक होने वाली थी। दोपहर करीब 12 बजे मोहम्मद जाहिद नाम का एक व्यक्ति और कुछ अन्य लोग एक वाहन से जिला प्रशासन कार्यालय जा रहे थे।

### 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दूसरी भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी बनी सविता

**भुवनेश्वर :** भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता पुनिया ने सोमवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले में अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। इस खास मुकाम तक पहुंचने वाली वह दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सविता से पहले वंदना कटारिया ने यह उपलब्धि हासिल की थी।हॉकी इंडिया ने सविता को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, फ्रसविता भारतीय हॉकी की मजबूत दीवार रही हैं। 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। वह युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं, खासतौर पर उन गोलकीपर्स के लिए जो उनके नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं।

### भारत को नवीकरणीय ऊर्जा हासिल करने के लिए 30 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी : जोशी

**मुंबई :** भारत को 2030 तक 500 गीगावाट गैर ईंधन आधारित ऊर्जा हासिल करने के लिए 30 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी। इसे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्तीय संस्थानों, अंतरराष्ट्रीय ऋण, इक्विटी फंडिंग, ऋण फंडिंग, कॉर्पोरेट बॉन्ड और पेंशन फंड सहित कई स्रोतों के माध्यम से जुटाया जाएगा। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोमवार को यहां नवीकरणीय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेने के बाद यह बात कही। जोशी ने कहा कि वित्त जुटाना 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा हासिल करने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा वित्तपोषण दायित्व समय की मांग है।

### उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी वाराणसी पहुंचे, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

**वाराणसी :** प्रयागराज महाकुंभ में परिवार के साथ त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सोमवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तर राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मुख्यमंत्री मोहन चरण का स्वागत भाजपा के नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने किया। एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत से मुख्यमंत्री माझी उत्साहित दिखे।यहां स्वागत करने वाले में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, संजय सिंह,अमित चौबे, भाजपा प्रोटोकॉल प्रभारी शैलेष पांडेय आदि रहे। एयरपोर्ट से उड़ीसा के मुख्यमंत्री कड़ी सुरक्षा के बीच वाराणसी शहर के लिए रवाना हो गए। नमोघाट पर काशी तमिल संगमम –3 के साथ अन्य कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री माझी शामिल होंगे।


## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ झारखंड विधानसभा का बजट सत्र

# बजट सत्र के दौरान विपक्ष करेगा पूरा सहयोग : राज्यपाल

**27 मार्च तक चलेगा बजट सत्र**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार से हुई. 27 मार्च तक चलने वाले इस सत्र की शुरुआत राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण से हुई. इस मौके पर विधानसभा पहुंचे राज्यपाल को पारंपरिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर देने के पश्चात स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया. इस दौरान मुख्यसचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना दादेल भी मौजूद थीं. अपने संबोधन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य सरकार की उपलब्धि बताते हुए भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए सरकार की वचनबद्धता दोहराई. हालांकि इस दौरान प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सरकार की उपलब्धि पर आपत्ति जताते नजर आए. इस मौके पर राज्यपाल ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि बजट सत्र अहम होता है.रज्यपाल ने कहा कि इस बजट सत्र के दौरान विपक्ष भी पूरा सहयोग करेगा और कई महत्वपूर्ण निर्णय होंगे. उन्होंने कहा कि सदन में अच्छी चर्चा होगी और अच्छा निर्णय लिया जाएगा. राज्यपाल ने उम्मीद जताते हुए कहा कि सदन में विपक्ष भी अच्छी भूमिका निभाएगा, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत जो स्वरूप है, उसके तहत अच्छा आचरण और तौर तरीका प्रस्तुत करेगा.

### जन कल्याणकारी योजनाओं पर अहम फैसला लेगी सरकार : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि हम सभी को उम्मीद है कि सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं पर अहम फैसला लेगी. जातीय जनगणना, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर सार्थक निर्णय लिए जाएंगे. प्रदीप यादव ने कहा कि हमारे सारे विधायक इसकी तैयारी में हैं कि जिन मुद्दों को लेकर हम जनता के बीच गए हैं और जो मुद्दे आज भारतीय जनता के पार्टी के कारण लटकी है उन मुद्दों को फिर से जागृत किया जाए. उन्होंने पेपर लीक मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि पहले भी पेपर लीक होते होंगे, लेकिन तब ये बातें सार्वजनिक नहीं होती होंगी. उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में भाजपा नेताओं के ही नाम आ रहे हैं.

### विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधान सभा में विभिन्न सरना समिति एवं आदिवासी संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण से संबंधित कुछ मांगो से अवगत कराया। मौके पर मंत्री चमरा लिंडा, विधायक राजेश कच्छप सहित सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र संघ, जय आदिवासी परिषद, आदिवासी जन परिषद एवं सिरम टोली सरना समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर किया गया स्वागत

बजट सत्र में सदन के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सदन की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे. इस दौरान मुख्यमंत्री को संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, कार्मिक सचिव वंदना दादेल, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मणिक लाल हेम्ब्रम ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया. इसके अलावे सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी प्रमुख विधायक मंत्री मौजूद थे.

### बेहतरीन तरीके से चलेगा बजट सत्र : हेमलाल

पूर्व मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ विरोध करना है. उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि विधानसभा का बजट सत्र बेहतरीन तरीके से चलेगा. उन्होंने कहा कि पेपर लीक के मामले में सरकार ने त्वरित कार्रवाई की है. राज्य की मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को जनवरी-फरवरी की राशि नहीं मिलने के सवाल पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि किसी को चिंता नहीं करनी चाहिए. बजट सत्र के दौरान ही मंईयां सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में भेज दी जाएगी.

### वायनाड राहत पैकेज को अनुदान में बदला जाए : प्रियंका

**नई दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव और केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है. जिसमें उन्होंने आग्रह किया कि वायनाड भूस्खलन त्रासदी को लेकर घोषित राहत पैकेज को अनुदान में बदला जाए। साथ ही इसके क्रियान्वयन की अवधि बढ़ाई जाए. सांसद ने यह भी कहा कि 529.50 करोड़ का राहत पैकेज पर्याप्त नहीं है. उन्होंने कहा कि इस त्रासदी को 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित नहीं करने से वहां के लोगों में निराशा है. प्रियंका गांधी ने केंद्र से प्राप्त 529.5 करोड़ रुपये की सहायता राशि के वितरण से जुड़ी शर्तों की आलोचना की. उनका कहना है कि यह पैकेज न सिर्फ अपर्याप्त है बल्कि इसमें रखी गई शर्तें भी त्रासदी से जूझ रहे लोगों के लिए अन्यायपूर्ण हैं. उन्होंने कहा कि इस रकम को दो शर्तों के साथ मंजूरी दी गई. पहली शर्त यह कि धनराशि को अनुदान के रूप में नहीं दिया जैसा कि मानक भी है. राशि को लोन के रूप में दी गई.दूसरा यह कि इस धनराशि को 31 मार्च 2025 तक पूरी तरह से खर्च किया जाना चाहिए. ये स्थितियां न केवल अत्यधिक अनुचित हैं, बल्कि ये चूरलमाला और मुंदक्कई के भारी नुकसान झेलने वाले लोगों के प्रति संवेदनशीलता की कमी को भी दर्शाती हैं.



## कोल्हान विश्वविद्यालय के बैंक खाते से 1.58 करोड़ की अवैध निकासी मामले में 3 गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा :** कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के बैंक खाता से 1 करोड़ 58 लाख 96 हजार 800 रुपये की अवैध निकासी के मामले में पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 लाख 80 हजार रुपये नगद, 5 मोबाइल फोन, एक एटीएम और 73 बैंक चेक बरामद किए हैं.गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पहला आरोपी संजय कुमार, रांची के कडरू स्थित ईएसएएफ बैंक का एसिस्टेंट मैनेजर है. दूसरा आरोपी अमृता शर्मा, बोकारो जिले के चास स्थित येस बैंक की कर्मचारी हैं. तीसरा आरोपी धनंजय कुमार प्रजापति, बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र का निवासी है और अस्थायी रूप से रामगढ़ में रह रहा था. पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने 19 फरवरी 2025 को मुफ्फसिल थाना में शिकायत दर्ज कराई थी.इस गंभीर मामले की त्वरित जांच करते हुए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया और राज्य के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की. पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए और 14 लाख 80 हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान बरामद किए गए.

## 20 हजार करोड़ रुपये की राशि पीएम ने किसानों के खाते में किया ट्रांसफर

# किसानों की भलाई के लिए काम करती है हमारी सरकार : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 19वीं किस्त जारी कर दी। देश के 9.8 करोड़ से भी ज्यादा किसानों को 2000-2000 रुपये उनके खाते में सीधे ट्रांसफर कर दिया गया है। बता दें, पीएम-किसान योजना के तहत हर लाभार्थी किसान को हर चार महीने में 2,000 रुपये की तीन बराबर किस्तों में कुल 6,000 रुपये का सालाना लाभ दिया जाता है। पीएम मोदी ने आज 22,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम ट्रांसफर किया। साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार 300 रुपये से कम में खाद की बोरी दे रही है। हमारी सरकार किसानों की भलाई के लिए काम करती है। यूरिया और डीएपी का पैसा किसानों को खर्च करना था लेकिन वह केंद्र सरकार खुद खर्च कर रही है। जो 12 लाख करोड़ रुपये आपकी जेब से जाने वाले थे, वह केंद्र सरकार ने बजट में से दिए हैं। यानी इतना रुपया देश के किसानों की जेब में बचा है। अगर एनडीए सरकार न होती तो आपको पीएम किसान निधि योजना न मिली। इस योजना के शुरू हुए छह साल हुए हैं। अब तक तीन लाख 70 हजार करोड़ रुपये सीधे किसानों के खाते हैं। इसमें कोई बिचौलिया नहीं है।इससे पहले इस खास मौके पर मौजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा- यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी कर रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की पावन धरती से अन्नदाता बहनों-भाइयों के खातों में पीएम-किसान की 19वीं किस्त ट्रांसफर करने के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन कर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। ये स्तंभ हैं गरीब, किसान, महिलाएं और युवा। एनडीए सरकार की प्राथमिकता किसानों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी शक्ति से काम किया है। बीते वर्षों में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है।



## टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों को लेकर पदाधिकारी तेलंगाना हुए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश पर तेलंगाना के निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर पदाधिकारी तेलंगाना रवाना हो गए।गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और गुमला जिला प्रशासन का कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किया। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल कुल 8 श्रमिक फंसे हुए हैं, जिनमें झारखण्ड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब का एक एक श्रमिक शामिल है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है।नियंत्रण कक्ष ने एडिशनल लेबर ऑफिसर नागरकुरनूल एवं फंसे हुए झारखण्ड के श्रमिकों के साथ तेलंगाना गए अन्य श्रमिकों से संपर्क किया है।श्रमिकों ने बताया कि वे जयप्रकाश एसोसिएट्स एलटीएस के अंतर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल प्रोज्क्ट में कार्य कर रहें हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष तेलंगाना प्रशासन एवं वहां मौजूद अन्य श्रमिकों के साथ निरंतर संपर्क में है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा किए जा रहे बचाव कार्यो की नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में गई टीम भी वहाँ पहुँच कर नियंत्रण कक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराएगा।

## अंबेदकर-भगत सिंह की प्रतिमा को लेकर गरम हुआ सियासत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता के कार्यालय से डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीर हटाने का आरोप लगाया है. आम आदमी पार्टी ने बीजेपी को दलित विरोधी करार दिया है. आतिशी का कहना है कि बीजेपी ने अपनी असली मानसिकता का प्रमाण देश के सामने रख दिया है. सदन में इस मुद्दे को लेकर आप के विधायकों ने जमकर हंगामा किया. जिसके बाद अब इस मामले ने तूल पकड़ लिया है.

आम आदमी पार्टी के आरोपों पर बीजेपी ने जवाब दिया है. पार्टी ने मुख्यमंत्री कार्यालय की एक तस्वीर जारी किया. इस तस्वीर में बाबा साहेब अंबेडकर और भगत सिंह दोनों की तस्वीरें दीवारों पर लगी नजर आ रही हैं.

बीजेपी ने कैप्शन में लिखा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सभी मंत्रियों के कक्ष में श्रद्धेय महात्मा गांधी, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, भगत सिंह, महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के चित्र सुशोभित हैं.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# पलामू में आयोजित हुआ जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सफलता के लिए इंफॉर्मेशन, एनालिसिस एवं एप्लीकेशन आवश्यक है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। वर्तमान दौर प्रतियोगिताओं का है और तकनीक का विस्तार हुआ है। ऐसे में पढ़ने, सीखने और माहौल से खुद को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। किसी काम को करने के लिए नींव को मजबूत करना जरूरी है। नींव को मजबूत करने के लिए मेहनत अति आवश्यक है। उपायुक्त 4 वें जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम युवक-युवतियों को मार्गदर्शन कर रहे थे। मेला का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने हेतु दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित था।उपायुक्त ने अनुशासन पूर्वक सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए जीवन शैली को बेहतर बनाने की सीख दी। साथ ही समूह में अध्ययन करने हेतु सभी को प्रेरित किया। उन्होंने एआई तकनीक, चैट जीपीटी आदि तकनीक के प्रयोग एवं उसके सकारात्मक प्रभाव से जीवन को बेहतर बनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से तकनीक का विस्तार हो रहा है, वैसे में तकनीक के साथ चलना होगा। उन्होंने कहा कि नई चीज़ सीखने की ललक होगी, तो भविष्य बेहतर कर पाएंगे। उन्होंने रोजगार उन्मुख गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। उपायुक्त ने बालक-बालिकाओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत की। उन्होंने युवक-युवतियों के साथ द्विपक्षीए संवाद किया। रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के लिए चयनित अमरजित कुमार, सैफ खान, मो. रजा, साजीद, राणा गोपाल को सांकेतिक रूप से मुख्य मंच से ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इसके साथ ही रोजगार मेला के दौरान 363 युवक-युवतियों कोविभिन्न कंपनियों में रोजगार हेतु ऑफर लेटर प्रदान किए गए। रोजगार मेला के दौरान 1440 युवक-युवतियों का पंजीकरण किया गया। इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर इनकी योग्यता के अनुरूप 754 को शॉर्ट लिस्ट किया जा चुका है। अन्य आवेदकों के आवेदनों की जांच की जा रही है, ताकि उनकी योग्यता अनुरूप रोजगार प्रदान किया जा सके। **कर्म ही पूजा है, का करें अनुसरण : डीपीआरओ :** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार ने कहा कि सफलता के लिए मेहनत आवश्यक है। कर्म ही पूजा है, का अनुसरण हम सभी को करनी चाहिए। उन्होंने युवक-युवतियों को रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रोजगार के लिए जाने के पूर्व किन-किन प्रमाण पत्रों, दस्तावेजों की आवश्यकता होगी, इसका मूल्यांकन कर साथ रख लें, ताकि आवश्यकता अनुसार उसे तुरंत प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने भी युवक-युवतियों को तकनीक के साथ आगे बढ़ने का सुझाव दिया। उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों को डिजिटल लॉकर में रखने एवं तकनीक का सदुपयोग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही अपने संबंधियों, सहयोगियों का मोबाइल नंबर अवश्य साथ रखने की बातें कही, ताकि विषम परिस्थितियों में उनसे संपर्क कर आवश्यक मदद ली जा सके। **सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी :** श्रम अधीक्षक-सह-श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी एतवारी महतो ने सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए प्रशिक्षण केन्द्रों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा माइग्रेशन सेंटर खोला गया है, जहां प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बिरसा योजना सहित सहित सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। **रोजगार आपके द्वार आई है : अमित चौधरी** जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय से पहुंचे प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। यहां मेला आयोजित हुई है, कंपनियां आई हैं। अथार्त रोजगार आपके द्वार आया है। युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उनकी हुनर, स्कील के अनुरूप रोजगार और वेतन प्राप्त होगा। **रोजगार मेला बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का बेहतर मंच : डीपीएम :** जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से पलामू में 18549 स्वयं सहायता समूह बनाएं गए हैं। वहीं 1310 ग्राम संगठन एवं 60 संकुल संगठन है। इससे 2 लाख 2 हजार से अधिक परिवार जुड़ा है।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की नौवी किस्त रिलीज पर किसानों के बीच कार्यशाला का आयोजन



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 19 वी क़िस्त की राशि सीधे किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजें जायेंगे। इसके उपलक्ष्य में प्रखंड मे आए हुए किसानों के बीच अमरूद का पौधा का वितरण किया गया एवं मूंग का बीज भी वितरण किया गया जिसमें उपस्थित प्रखंड सहायक तकनीकि प्रबंधक अभिमन्यु कुमार,जनसेवक मुखिया सतौवा, किसान विनोद प्रजापति, सुधांशु सिंह, कमता प्रसाद, कमलेश कुमार, कमलेश सिंह, हरि नारायण शुक्ला, धनंजय मेहता, एवं नंद किशोर टाना भगत, सावित्री टाना भगत एवं अन्य किसान उपस्थित हुए।

## प्राण प्रतिष्ठा हेतु निकाला गया जलायात्रा



**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुगलजान वासियों ने ढोल नगाड़े के साथ निकाली जलयात्रा। हैदरनगर, ग्राम कुकही टोला मुगलजान वासियों ने आज सोमवार को श्री श्री शिव जी के प्राण प्रतिष्ठा केलिए निकालीं जलयात्रा। हैदरनगर प्रखण्ड प्रमुख कलावती देवी कुकहि ग्राम पंचायत के मुखिया रेनू देवी पूर्व सैनिक महेन्द्र प्रसाद, आचार्य दिनेश पाठक पुर्व सैनिक प्रसाद सिंह, पूर्व सैनिक सुरेश तातवा, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, मृत्यूनजय प्रसाद, अजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, ने मुख्य रूप से मुख्य यजमान लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं पत्नी श्रीमती आरती देवी को कलश दे कर यात्रा की शुरुआत की। आचार्य जी के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण एवं शिव जी, पार्वती जी, हर हर महादेव एवं अन्य सभी देवी-देवता के जयकारे लगाते हुए मंदिर स्थल से क्षेत्र के जाने-माने कुकहि नदी मे जल उठाव के लिए यात्रा शुरू कराई। प्रखंड प्रमुख एवं पंचायत के मुखिया ने शिव जी की महिमा को बताते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त किया साथ ही सभी नगर वासि भक्तों को बधाई दी। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि टोला मोगलजान छोटा है लेकिन यहां के सभी ग्राम निवासी देवी देवताओं के पुजा पाठ मे काफी रुचि रखते हैं यहीं कारण है कि छोटे से गांव में देवी जी का मंदिर जो पुर्व से स्थापित है और अब शिव जी का भी मंदिर के लिए प्राण प्रतिष्ठा कर रहे हैं। जलयात्रा में ग्राम भैंसाना, कुकही, नैकाडिह, मीर बीघा इत्यादि गांवों के सभी ग्रामीण भक्तों ने पुरुष एवं महिलाओं उल्लास के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया जग नारायण मेहता, विनोद मेहता राजेंद्र प्रसाद, राजेश मेहता भोला पासवान, अंजनी सिंह नरेश मेहता, बनारसी मेहता उज्जवल मेहता एवं कई अनेक महिलाएं बच्चे शामिल हुए। यात्रा के अंत में लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि आगे भी नगर भ्रमण अखंड कीर्तन एवं महा भंडारा में शामिल होकर के पुण्य क्या भागी बने।

# भारत वाणिज्य कंपनी की फोरलेन निर्माण कार्य से जनता परेशान

**ग्रामीण क्षेत्रीय लोगों को हो रही सांस से संबंधित बीमारी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के भोगू से संखा तक भारत वाणिज्य कंपनी के द्वारा फोरलेन रोड न्यू निर्माण कार्य चल रही है। वही देखा जाए तो इस रोड में लगभग कार्य लगे दो साल होने को है पर रोड अभी तक कहीं से भी पूर्ण नहीं हो पाई है, रोड कार्य में डस्ट एवं मिट्टी काफी मात्रा में उपयोग की जा रही है जिसके चलते डस्ट एवं धूल चारों तरफ व्याप्त है। इस रोड से होकर गुजरने पर ऐसा प्रतीत होता है मानो यह रोड किसी माइंस का रोड से कम नहीं जहा हर समय धूल मिट्टी का सामना करना पड़ता है, वही कंपनी के द्वारा पानी की छिड़काव एक दिखावा की तरह है जो कभी-कभी रोड पर छिड़काव की जाती है। अगर सही समय पर कंपनी के द्वारा जल्द से जल्द फोरलेन रोड निर्माण कार्य पूर्ण नहीं की जाती है, तो आने वाला समय में ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी आबादी स्वास्थ्य से संबंधित बीमारी का पूर्ण रूप से भुक्त भोगी बन सकती है। वही प्रशासनिक विभाग को भी चाहिए इस रोड पर कड़ी ध्यान रखते हुए डस्ट धूल नहीं उड़ सके एवं आम आवाम को प्रदूषण से संबंधित कहीं कोई बड़ी बीमारी का समस्या उत्पन्न ना हो पाए।

# पहाड़ में निवास करने वाले लोगों को खिलाया गया फाइलेरिया की दवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत बलिगढ़ से महज 4 किलोमीटर दूर पिपरा पानी पहाड़ के समीप निवास करने वाले 20 घरों के 50 ग्रामीणों को स्वास्थ्य सहिया एवं ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष के द्वारा पैदल चल कर लोगों को फाईलेरिया की दवा खिलाइ गई। इस दौरान ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के निर्देशानुसार बलिगढ़ ग्राम अंतर्गत आने वाली सभी स्वास्थ्य सहिया आज पिपरा पानी पहाड़ में आकर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का कार्य कीया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम का कार्य देख ग्रामीणों ने अनोखी पहल बताया जो 4 किलोमीटर दूर पैदल चलकर आई और फाईलेरिया का दावा खिलाई जिस के लिए स्वास्थ्य सहिया को धन्यवाद दिया। वहीं स्वास्थ्य सहिया ने कहा कि यह अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा जिसके लिए हमलोग के द्वारा घर-घर जाकर फाइलेरिया का दवा खिलाया जा रहा है। साथ ही लोगों से उक्त टीम ने अपील किया कि आप जहां भी रहे अपने आस-पास साफ सफाई रखें अत्यधिक पानी ना जमने दें एवं मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। इस मौके पर स्वास्थ्य सहिया सह सचिव ममता देवी सहिया संगीता देवी उषा देवी संगीता देवी सहित कई लोग शामिल थे।

## हुसैनाबाद शहर को अब हो सकेगी निर्बाध बिजली की आपूर्ति



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पचंबा विद्युत ग्रीड से हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय स्थित विद्युत सब स्टेशन एवं देवरी विद्युत सब स्टेशन जाने वाले विद्युत लाइन में दाता नगर के पास रेलवे पार करने के लिए भूतल केबल लगाए गए हैं। पूर्व में लगाया गया भूतल केबल वर्षो पहले खराब हो गया था। जिससे दोनों विद्युत सब स्टेशन में 33 केवीए का पवार निर्बाध नहीं मिल रहा था। विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो से हुसैनाबाद शहर के उपभोक्ताओं ने बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग की थी। सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने विभाग से केबल उपलब्ध कराने के बाद रविवार को दाता नगर में रेलवे लाइन क्रोसिन किया गया और भूतल केबल को बदलने का काम किया। सहायक अभियंता ने बताया कि केबल बदलने से हुसैनाबाद शहर के अलावा दंगवार फीडर व देवरी सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में काफी सुधार होगा।

## प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रखंड कार्यालय से रहे नदारद, कुर्सी राह जोह रहीं

**उपायुक्त के आदेशों का ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कर रहे नजरअंदाज**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड पंचायती राज विभाग के कॉर्डिनेटर अपने कार्यालय में ससमय उपस्थित नहीं रहते हैं उनका आने व जाने का समय निर्धारित नहीं हैं जिसके कारण जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जनता प्रतिदिन इंतेज़ार करते करते थक हारकर फोन लगाते हैं जिससे कि यह पता चल सके कि आखिरि कॉर्डिनेटर हैं कहा लेकिन कॉर्डिनेटर कॉल उठाना भी मुनासिफ नहीं समझते हैं जिससे तंग आकर प्रतिदिन ब्लॉक का चक्कर लगाने पर जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जनता मजबूर हैं। जहां एक तरफ़ उपायुक्त शशि रंजन ने प्रखंड व अंचल अधिकारी व कर्मियों को निर्देश दिया हैं कि सुबह 10:40 में ससमय ब्लॉक कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य हैं वहीं निर्देशों का अवेलहना करते हुए प्रखंड पंचायती राज कॉर्डिनेटर अपने कार्यालय से कुर्सी छोड़ नदारद हैं। ऐसा ही हाल सोमवार को प्रखंड पंचायती राज कार्यालय में देखने को मिला। इधर पंचायत समिति मुन्ना पाल ने कहा कि ससमय कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण ग्रामीण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसे देखते हुए उनके उच्च अधिकारी को जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत हैं। वहीं प्रखंड कॉर्डिनेटर अमित चौबे ने कहा कि ऑफिस के काम से कार्यालय के काम से पंचायत में हैं। इधर इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास ने कहा कि प्रखंड कॉर्डिनेटर को ससमय कार्यालय में उपस्थित रहना हैं लेकिन कार्यालय से नदारद हैं ऐसा जानकारी मिला हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शिव मंदिर प्राणप्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के लोहरा पोखरी शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित प्राणप्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम को लेकर भव्य कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई जिसमे लोहरा पोखरी, नौरंगा, लोहड़ी समेत आस के कई गावों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा शिव मन्दिर से प्रारंभ होकर लोहड़ी, जोगिया पोखरी, नौरंगा, सतबरवा मेलाटांड होते हुए टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के पास स्थित झरना पहुंची जहां से कलश में जल भरकर श्रद्धालुओं ने उसे यज्ञ स्थल पर स्थापित किया। इससे पहले जिला पार्षद सुधा कुमारी, मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, महेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सह यज्ञ समिति के सह संरक्षक आशीष सिन्हा, उप मुखिया मुधिर साहू आदि अतिथियों ने मुख्य यजमान संतोष साव तथा उनकी धर्मपत्नी को कलश देकर यात्रा प्रारंभ कराई। बता दें कि रविवार को हनुमत पूजा और सुंदरकांड पाठ से साथ कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। आज संध्या से मंगलवार तक अधिवास निर्धारित है। साथ ही रात्रि में प्रयागराज यूपी निवासी श्रीमती समीक्षा पाण्डेय के द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम होगा। बुधवार को भोलेनाथ की प्रतिमा का प्राणप्रतिष्ठा, हवन एवं भंडारे के आयोजन के साथ यज्ञ संपन्न हो जायेगा।

## प्रियंका ने पंचायत के विद्यालयों का किया निरीक्षण जताई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** प्रखंड क्षेत्र के सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी के द्वारा सोमवार को पंचायत के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। पंचायत के शोभिचक, पीठारी, रोंघा, बिश्रामपुर, समेत विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम स्कूली छात्र-छात्राओं को मिलने वाली मिड डे मील की व्यवस्था अधिकांश विद्यालयों में नहीं की गई थी. कई स्कूलों में तो समय से पूर्व ही ताला लटका हुआ पाया गया। इस पर मुखिया ने संबंधित प्रधानाध्यापक को दूरभाष पर चेतावनी दिया कि इस प्रकार का लापरवाही नहीं चलेगा और उन सभी को साफ हिदायत दिया कि बच्चों की शिक्षा में यदि कोताही बरतेंगे तो अच्छा नहीं होगा। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें। उनको मिलने वाली शिक्षा और सरकार के द्वारा दी जाने वाली मध्यानभोजन एवं अन्य व्यवस्था उपलब्ध करवाये।मुखिया ने स्कूली बच्चों से बात किया तो बच्चों ने बताया कि मध्यान भोजन प्रतिदिन नहीं मिलता है। वहीं अधिकांश समय स्कूल से शिक्षक गायब रहते है। शिक्षक सिर्फ बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाने पहुंचते है। बाकी के टाइम अपने निजी कार्य में लगे रहते है। प्रियंका कुमारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से अपील किया है कि विभाग वैसे लापरवाह शिक्षको पर जांच कर करवाई करें।

## हुसैनाबाद शहर में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला के हुसैनाबाद शहर में इन दिनों मच्छरो का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। हर वक्त मच्छरों की भिनभिनाहट व डंक से लोग परेशान हैं। इसके बाद भी नगर पंचायत का इस ओर ध्यान नहीं है। फॉगिंग नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मच्छरों के कारण रात में लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। लोग मच्छरों से बचने के लिए क्वाइल, अगरबत्ती, ऑलआउट समेत अन्य चीजों का सहारा ले रहे हैं। नगर पंचायत की फॉगिंग मशीन शहर के लोगों को मच्छरों के प्रकोप से कुछ हद तक निजात दिला सकती है।

## श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज के अनुयायियों द्वारा मासिक सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के जासा ग्राम स्थित गुलाब राम चन्द्रवंशी के आवास पर श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज के अनुयायियों द्वारा मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ स्वागतगान, मंगलगान, प्रार्थना तथा स्वर्वेद पाठ के बाद अखण्डदीप प्रज्वलित कर किया गया। सत्संग में चर्चा करते हुये गुलाब राम चन्द्रवंशी ने कहा कि दूसरे का अवगुण न देखकर उसका गुण ग्रहण करना चाहिये और अपने दुर्गुण को देखकर उसे त्याग करने का प्रयत्न करना चाहिये। दुर्गुणी व्यक्ति का गुण तो ग्रहण करें, परन्तु उससे सावधान रहें, नहीं तो विशेष हानि हो जाने की सम्भावना होगी। जीवन में आत्म-परीक्षा होनी चाहिये। इससे विवेकी पुरूष अपने दुर्गुणों का त्याग और दूसरे के गुणों को ग्रहण करता है। जब तक परीक्षा करके अपने जीवन के दुर्गुणों का नाश और गुण को ग्रहण नहीं करेंगे तब तक जीवन पवित्र और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये योग्य नही हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वासी पुरुष जितेन्द्रिय, गुणवान होकर अध्यात्म या संसार के किसी क्षेत्र में अग्रसर होंगे, तब उनके जीवन के उद्देश्य पूर्ण हो सकेंगे और वे ही देश,जाति या समाज की भलाई कर सकेंगे। मानव जीवन का लक्ष्य, प्रधान कर्तब्य, महाप्रभु की प्राप्ति है। अन्य सब सर्व कर्तब्य गौण हैं। आर्त, दीन, अधीन हो सद्गुरु-शरण में आने पर प्रभु की प्राप्ति का मार्ग मिलता है। इससे भिन्न कोई उपाय नहीं।सत्संग में डॉ रविन्द्र कुमार, शिवचन्द गुप्ता, सुदेश यादव, ऋषि कुमार, श्रवण कुमार, जगनारायण सिंह, अमरेश कुमार यादव, अंकित कुमार, अर्पित कुमार, प्रियांशु कुमार, सरस्वती देवी, मंजू देवी, शालिनी जायसवाल, आरती देवी, राजकुमार सिंह, विमला देवी, शीला देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# फ्लाइंग विंग्स प्ले स्कूल का भव्य शुभारंभ, बच्चों के उज्जवल भविष्य की नई उड़ान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से स्थानीय जंगीपुर मोड स्थित फ्लाइंग विंग्स पब्लिक स्कूल का भव्य शुभारंभ किया गया। यह स्कूल प्ले ग्रुप कक्षा 5 तक की शिक्षा प्रदान करेगा।जहां आधुनिक सुविधाओं और नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा दी जाएगी। वही स्कूल नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक शिक्षा पद्धतियों और नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित है। स्कूल का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक सह विद्यालय के संस्थापक डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी विजय सिंह, डॉ. सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, रामानंद पांडेय, स्कूल के निर्देशक प्रमोद कुमार ने संयुक्त से फीता काटकर किया। तत्पश्चात विद्वान पुजारी गोविंद पाठक के वैदिक मंत्रोच्चार व शंख ध्वनि के बीच नारियल फोड़ एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।विद्यालय के संस्थापक डॉ. सिद्धनाथ प्रसाद ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और नवीन शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा और बच्चों को एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करेगा। विद्यालय की प्रिंसिपल श्वेता प्रकाश ने कहा कि फ्लाइंग विंग्स स्कूल नवाचार और मनोरंजक शिक्षा का केंद्र होगा। यहां बच्चों के मानसिक, शारीरिक और रचनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यहां खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया को अपनाया गया है, जिससे बच्चे सहजता से ज्ञान अर्जित कर सकें। स्मार्ट क्लासरूम, क्रिएटिव एक्टिविटीज, म्यूजिक एंड मूवमेंट, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज और इंटरएक्टिव लर्निंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं बच्चों को शिक्षा के प्रति उपलब्ध कराई गई हैं। मौके पर प्रणव प्रकाश, सितेंद्र चौबे, लाल चौबे, वकील चौबे, नरेंद्र शुक्ला, मिक्की जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, कमलेश गुप्ता उर्फ पिंटू, संजय साहू, विनोद कांस्यकार, अभय पांडेय, डॉ वेद प्रकाश, दिलेश्वर सिंह, सुदामा पांडेय, नागेंद्र सिंह, पिंकू पांडेय, रूपेश अग्रवाल, अरुण चौबे, तस्लीम खान, शिवनारायण चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड पुलिस की महिला टीम 26 को सीआरपीएफ के साथ फुटबाल मैच खेलेगी

**रांची।** त्रिपुरा के अगरतला में खेले जाने वाले 73वीं बी एन मलिक मेमोरियल ऑल इंडिया पुलिस फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड पुलिस की महिला व पुरुष टीम पूरी तरह से तैयारी कर ली है। 26 फरवरी से खेल के मैदान में जलवा बिखेरेगी। इस खेल में पुरुष टीम में 34 और महिला में 9 टीम शामिल है। झारखंड पुलिस टीम को ग्रुप डी में रखा गया है। इस ग्रुप में पंजाब, त्रिपुरा, तेलंगाना और मेघालय की टीम है। महिला टीम में एस एसबी, झारखंड, सीआरपीएफ और उड़ीसा की टीम है. पुरुष टीम में झारखंड अपनी अभियान की शुरुआत 25 फरवरी को मेघालय के साथ करेगा। झारखंड पुलिस की महिला टीम 26 को सीआरपीएफ के साथ खेलने उतरेंगी।

### मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक के पीछे भाजपा की साजिश, जल्द होगा खुलासा : मंत्री

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र के पहले दिन सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन राज्यपाल संतोष गंगवार के अभिभाषण के साथ सत्र शुरू हुआ। वहीं सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पत्रकारों के सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया दी।मंत्री सोनू ने कहा कि जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में विज्ञान और हिंदी के पेपर लीक के पीछे विपक्षी दलों की बड़ी साजिश है। सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि भाजपा लोकप्रिय हेमंत सरकार पर लगातार उल्टे-पुल्टे आरोप लगाती है, यही कारण है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को 25 विधायक से 21 विधायक वाली पार्टी जनता ने बना दिया। अगर भजपा का रवैया नहीं बदला तो आने वाले समय में भाजपा 21 से 11 सीटों पर आ जायेगी। मंत्री ने कहा कि मैट्रिक की परीक्षा पेपर लीक होने से छात्रों को फायदा नहीं हुआ, यह पूरी तरह से सरकार को बदनाम करने की साजिश है। इसपर बहुत जल्द खुलाशा होगा, आप सब थोड़ा धैर्य रखिये।

# हटिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने शराब की बोतल किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची मण्डल के मण्डल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार के निर्देशानुसार लगातार सघन जांच जारी हैं, इसी क्रम में 23.02.2025 को रे.सु.ब पोस्ट/हटिया तथा रे.सु.ब /फ्लाइंग टीम रांची के द्वारा लगभग 18.00 बजे हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच के दौरान प्लेटफार्म संख्या 03 (रांची छोर) पर एक हरे/काले रंग के कैनवास झोले के साथ 02 व्यक्ति संदिग्ध तरीके से बैठे हुए पाए गए तदुपरान्त उनके झोले की जांच करने पर 750 एमएल की आइकोनिक व्हाइट व्हिस्की की 18 बोतलें बरामद हुई। पूछे जाने पर उन्होंने अपना नाम और पता बताया: राहुल कुमार, उम्र लगभग 22 वर्ष, पुत्र अजय साव, निवासी-भुरकुंडा, पोस्ट-अंकुरी, पीएस-गोहा जिला-औरंगाबाद (बिहार) और



श्रीधर कुमार, उम्र लगभग 27 वर्ष, पुत्र लेफ्टिनेंट गोपाल शर्मा, निवासी-अजान, पोस्ट-फाग, पीएस-गोहा, जिला-औरंगाबाद (बिहार)। इसके अलावा, पूछे जाने पर उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने उपरोक्त प्रतिबंधित वस्तुओं को हटिया से खरीदा था और अपने निजी लाभ के लिए अतिरिक्त पैसे लेकर बेचने के लिए बिहार जा रहे थे। (कुल अनुमानित मूल्य 12420/- रूपये तथा कुल मात्रा 13500 एमएल), जिसे एएसआई/रवि शेखर, आरपीएफ/फ्लाइंग टीम/रांची ने मौके पर मौजूद गवाहों की मौजूदगी में जब्त कर लिया तथा दोनों को गिरफ्तार कर लिया।इसके बाद, जब्त सामग्री तथा गिरफ्तार व्यक्तियों को रे.सु.ब पोस्ट/हटिया लाया गया तथा कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के उपरांत , कानूनी कार्रवाई के लिए गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों को जब्त प्रतिबंधित सामग्री के साथ आबकारी विभाग/रांची को सौंप दिया गया।

**अच्छे कार्य किए गए:** आरपीएफ/पोस्ट/हटिया,एसआई/दीपक कुमार, फ्लाइंग टीम/रांची, स.उप.नि /रवि शेखर, प्र. आ /मोहम्मद अलीम, कांस्टेबल /आर के सिंह, कांस्टेबल /प्रदीप, कांस्टेबल /हेमंत, कांस्टेबल /डी के जीतरवाल शामिल हैं।

# यंग इंडिया के बोल सीजन 5 में युवा कांग्रेस के प्रतिभागियों ने दिखाया उत्कृष्टता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रखर वक्ता चयन कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल सीजन 5 का भव्य आयोजन शगुन बैंक्वेट हॉल, मोराबादी, रांची में किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संयोजक मेहुल प्रसाद ने किया, जिसमें युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, प्रदेश प्रभारी इशिता सेढ़ा, तथा कार्यक्रम प्रभारी विशाल यादव उपस्थित रहे।इस प्रतियोगिता में साकेत सौरभ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 10,000 की पुरस्कार राशि जीती। द्वितीय स्थान पर नावेद अहमद रहमानी रहे, जबकि महिला वर्ग में पूनम यादव विजेता बनीं, जिन्हें क्रमशः 7,500 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने प्रतिभागियों को प्रवक्ता के गुणों से अवगत कराते हुए कहा कि वे समाज की समस्याओं को मुखरता से उठाने तथा पार्टी की विचारधारा को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की



शुभकामनाएँ दीं। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि यंग इंडिया के बोल मंच के माध्यम से युवा कांग्रेस के प्रतिभाशाली साथियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। प्रदेश प्रभारी इशिता सेढ़ा ने युवाओं की देश के समकालीन परिदृश्य में सहभागिता को आवश्यक बताते हुए कार्यक्रम की सराहना की। यंग इंडिया के बोल सीजन 5 के प्रभारी विशाल यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को कांग्रेस की विचारधारा और इस मंच की व्यापकता से अवगत कराया।निर्णायक मंडल में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर, बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर मृणाल पाठक, और वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण रमन शामिल रहे।इस कार्यक्रम में झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, झारखंड कांग्रेस के महासचिव विनय सिंह दीपू, युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी इशिता सेढ़ा, प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, यंग इंडिया के बोल के झारखंड प्रभारी विशाल यादव, कार्यक्रम संयोजक मेहुल प्रसाद, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम सिंह, कुमार रोशन, दिलीप वर्मा सहित अनेक गणमान्य नेता उपस्थित रहे।

# एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने टीआरवाई संगठन के साथ साझेदारी की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत में जीवन बीमा क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में से एक, एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस ने टी आर वाई संगठन के साथ मिलकर आज रांची और देवघर जिलों में कमजोर तबके एवं ग्रामीण समुदायों की किशोरियों के बीच सेहत एवं स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने तथा उन्हें शिक्षित करने के लिए बेहद रोचक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।इस कार्यक्रम में स्वच्छता एवं शिक्षा जागरूकता सत्र के अलावा, पौष्टिक भोजन के वितरण और माहवारी के दौरान स्वास्थ्य के बारे में जानकारी सहित बालिकाओं की भागीदारी के लिए प्रभावशाली गतिविधियों की एक श्रृंखला को शामिल किया गया था। बालिकाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और



सशक्तिकरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए परस्पर बातचीत पर आधारित वर्कशॉप का आयोजन किया गया, ताकि लंबे समय में उनकी भलाई को बढ़ावा मिल सके।बालिकाओं की सेहत को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों से भरपूर पोषण किट का वितरण किया गया, और संतुलित आहार की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई।

इसके अलावा, माहवारी संबंधी स्वच्छता और कुल मिलाकर उनकी सेहत को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता किट प्रदान की गई, जिसमें सैनिटरी नैपकिन और साबुन शामिल थे।इस आयोजन में स्थानीय समुदाय ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मार्केटिंग प्रमुख, श्री एरम किदवई के साथ-साथ टी आर वाई के प्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और समाज की भलाई के लिए अपने सामूहिक संकल्प की पुष्टि की। इस कार्यक्रम में एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मार्केटिंग प्रमुख, एरम किदवई ने जोर देकर कहा, ÷एजेस फ़ेडरल लाइफ़ इंश्योरेंस में, सस्टेनेबिलिटी हमारे व्यवसाय की जान है। यही हमें विकास को गति देने और अधिक समावेशी एवं सस्टेनेबल दुनिया की और आगे बढ़ने का हौसला देती है।

# पीएम की प्रेरणा से प्राकृतिक खेती की तरफ लौट रहे किसान : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से देश के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 19वीं किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित की। इस दौरान किसान विकास केंद्र, रामकृष्ण मिशन, रांची में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान, कृषि वैज्ञानिक और कृषि कार्यों में रुचि रखने वाले प्रबुद्धजन भी मौजूद रहे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसान सम्मान निधि किसानों की समृद्धि के लिए है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश में चार वर्गों की बात की है, जिसमें प्रमुख वर्ग हमारे अन्नदाता किसान है। किसानों का ख्याल रखना, कृषि से जुड़ी उनकी जरूरत का ख्याल रखना, यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार कर रही है। इसी के तहत प्रतिवर्ष किसानों को सम्मान राशि के रूप में 6000 दिए जाते हैं ताकि कृषि कार्यों में उनकी जरूरतें पूरी हो सकें। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने कृषि



विज्ञान केंद्र के माध्यम से उपजाए गए कृषि उत्पादों को भी देखा और इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र और रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के किसानों में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया है। किसान अब प्राकृतिक खेती की तरफ लौट रहे हैं, यह सुखद है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान का प्रतिफल है कि हमारे अन्नदाताओं की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। इस अवसर पर राम कृष्णा मिशन के स्वामी स्वामी भबेशानंद सहित जिला के कृषि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संगठन पर्व को समयबद्ध चरण में बनाये सफल : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू,मनोज कुमार सिंह,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पी एन सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी,बालमुकुंद सहाय,विकास प्रीतम,भानु प्रताप शाही,नीलकंठ सिंह मुंडा,सीमा शर्मा सहित संगठन पर्व को सफल बनाने में जुटे जिलों



के चुनाव पर्वेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एवम चुनाव अधिकारी सुनील बंसल , लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं चुनाव अधिकारी संजय जायसवाल जी का मार्गदर्शन हुआ।संचालन गणेश मिश्र ने,विषय प्रवेश प्रदेश महामंत्री एवम चुनाव अधिकारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी सुनील बंसल ने कहा कि संगठन पर्व पार्टी की मजबूती और सर्व स्पर्शी विस्तार का पर्व है।उन्होंने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। आज देश भर में 13.50 करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त भाजपा से ही विकसित भारत , स्वाभिमानी भारत का स्वप्न साकार होगा।

# एबीवीपी करेगी शैक्षणिक सर्वेक्षण : याज्ञवल्क्य शुक्ला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर की ओर से यशवंत स्मृति भवन में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में होने वाले शैक्षणिक सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से अभाविप बिहार झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला एवं प्रांत संगठन मंत्री निलेश कटारे उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिसर में कार्य करने वाला सक्रिय छात्र संगठन है, रांची में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों



को किस प्रकार उपलब्ध हो और परिसरों में एक सकारात्मक शैक्षणिक माहौल किस प्रकार से बनाया जा सके। इसके लिए वर्तमान परिदृश्य में शैक्षणिक सर्वेक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिषद शैक्षणिक सर्वेक्षण करायेगी। सर्वेक्षण के पश्चात हम इस स्थिति में रहेंगे कि परिसरों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए किन स्तरों पर सुधार की जा सकती है। इसके लिए अभाविप का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल एवं कुलपति से संवाद स्थापित कर झारखंड के सभी विश्वविद्यालय में इस प्रकार की पहल करेगी, जिससे उच्च शिक्षा का स्तर ठीक किया जा सके। कार्यशाला में शैक्षणिक सर्वेक्षण परिसरों में किस प्रकार से संचालित होंगे इसके लिए कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें परिषद कार्यकर्ताओं ने एक फॉर्मेट तैयार किया है उस फॉर्मेट के माध्यम से विद्यार्थियों से उनके परिचय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे और विद्यार्थियों के उत्तर और उनके सुझाव के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का 4 एवं 5 मार्च को दो दिवसीय सम्मेलन

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने 4-5 मार्च, 2025 को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ दो दिवसीय सम्मेलन निर्धारित किया है। श्री ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद से आयोजित होने वाला यह पहला ऐसा सम्मेलन है। पहली बार, सीईओ को सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ और एक ईआरओ को नामित करने का निर्देश दिया गया है।

# नवजात शिशु को सकुशल बरामद कर माँ को सौंपने वाली पुलिस टीम को समाज बेदिया ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल से नवजात शिशु के अपराह्न किए जाने के बाद लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद के अथक प्रयास से नवजात शिशु को सकुशल बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया गया । इस सराहनीय कार्य को देखते हुए पिठोरिया थाना क्षेत्र के बेदिया समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस पूरे मामले के उद्वेदन करने वाले पुनि सह थाना प्रभारी लोअर बाजार थाना दयानंद कुमार, पुअनि दिवाकर कुमार, खादगढ़ा टीओपी थाना-लोअर बाजार, पुअनि सुधीर बारा, थाना-लोअर बाजार, सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टीओपी थाना-लोअर बाजार, सलीम अंसारी टाइगर मोबाइल 37 लोअर बाजार थाना, अजमत अंसारी तकनिकी शाखा, राँची,आ0 897 विवेक कुमार तकनिकी शाखा, राँची, लोअर बाजार थाना के और वरीय पुलिस पदाधिकारियों के सराहनीय कार्य से प्रति आभार व्यक्त किया और लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, पुअनि दिवाकर कुमार, खादगढ़ा टीओपी थाना-लोअर बाजार, पुअनि सुधीर बारा, थाना-लोअर बाजार, सअनि भीम सिंह,





खादगढ़ा को बूके, साफा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर बेदिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, उमेश बेदिया, राजमोहन बेदिया, जय नाथ उरांव , रघुनाथ उरांव, रघु पहन आदि शामिल थे।

केंद्रीय अध्यक्ष जीत नाथ वेदिया ने कहा कि मां-बाप की किस्मत और थाना प्रभारी और उनकी पूरी पुलिस टीम के मेहनत का परिणाम था की तीन दिनों की नवजात शिशु 24 घंटा के अंदर सकुशल बरामद कर लिया गया। वहीं नवजात शिशु के पिता उमेश बेदिया ने कहा कि कुछ समय के लिए तो हम लोग आस ही छोड़ दिए थे, लेकिन यह ऊपर वाला की मेहरबानी थी और पुलिस प्रशासन की मेहनत थी कि मेरी बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया । जिंदगी भर हम इसका एहसानमंद रहेंगे। बता दे की बीते 17 फरवरी 2025 को लोअर बाजार, राँची अंतर्गत सदर अस्पताल से पुतुल उरांव नामक महिला द्वारा तीन दिनों का नवजात शिशु के अपहरण संबंधित मामला लोअर बाजार थाना में दर्ज किया गया था। घटना की संवंदनशीलता को देखकर, नवजात शिशु के बरामदगी तथा कांड उद्भेदन के लिए तत्काल पुलिस अधीक्षक, नगर राजकुमार मेहता के नेतृत्व में विशेष अनुसंधानक दल का गठन किया गया। अनुसंधानक दल के द्वारा घटनास्थल तथा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों, मंदिरों तथा मार्गो पर लगे कैमरो का बारीकी से अवलोकन किया गया एवं अज्ञात महिला को चिन्हित किया गया। थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि सफलता के पीछे हमारे थाने के जवान हैं सभी के सहयोग से सफलता मिलती है, वरीय पुलिस पदाधिकारियों का भी निर्देश रहता है। उन्होंने कहा कि एक महिला द्वारा शिशु की मौसी को बहलाकर पुजा-पाठ में उलझाकर शिशु का अपहरण कर लिया गया तथा सुरक्षित स्थान पर छिपा दिया। सीसीटीवी फुटेज के सहयोग से सुखदेवनगर थाना, राँची अंतर्गत पाहन टोली स्थित किराये के घर से अपहरण शिशु की सकुशल बरामदगी की गई थी। अपहरणकर्ता महिला पुतुल को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया। जिस महिला ने अपराह्न किया था उसके पति का निधन हो चुका था और वह अपने आसपास के मोहल्ले में यह बात बता दी थी कि वह मां बनने वाली और इसी बात को सच करने में जुट गई थी। इसी दौरान सदर अस्पताल का चक्कर काटते थी और एक दिन इसे नवजात शिशु का अपहरण करने का मौका मिल गया, हालांकि नवजात शिशु सकुशल परिवार को सौंप दिया गया।

# डोरंडा में महिला थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद ने लिया प्रभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** डोरंडा थाना की थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद बनाई गयी हैं। दीपिका प्रसाद जो पूर्व मे रांची की महिला थाना मे थाना प्रभारी के रूप मे अपना योगदान दे चुकी हैं और उस दौरान इनकी कार्य कुशलता और बहादुरी की चर्चा आम थी उसके बाद चतरा की महिला थाना प्रभारी रही, सीआईडी और सीआईडी साईबर थाना आदि जगहो पर अपना योगदान दे चुकी हैं।

अब डोरंडा थाना का कमान संभालने के बाद दीपिका प्रसाद से उम्मीद की जा रही हैं कि इस थाना क्षेत्र मे अपराध पर काबू होगा और पुलिस पब्लिक के बीच रिश्तों मे मधुरता आयेगी। एक महिला अधिकारी का थाना प्रभारी बनाया जाना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल का नतीजा हैं जब पिछले वर्ष प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन-2024 समारोह मे उन्होंने मंच से कहा था कि महिलाओ को भी थाना प्रभारी बनाया जाना चाहिए। डोरंडा थाना मे महिला के रूप मे थाना प्रभारी के आने से महिलाओ मे पुलिस के प्रति ज्यादा



सुरक्षा का भावना जागेगा और महिलाएं अपने समायाओ को खुलकर थाना मे ले जा सकेंगी। दीपिका प्रसाद अपराधियों के बीच एक सख्त और कड़क पुलिस अधिकारी के रूप मे जानी जाती हैं इसलिए इन्हे लोग लेडी सिंघम के नाम से भी जानते हैं। डोरंडा थाना प्रभारी के रूप मे कमान संभालने के दौरान अनि संतोष कुमार रजक, अनि अजाद अंसारी, अनि रीना दास, सअनि सुशीला किंडो, आ संतोष मिश्रा,नरेंद्र तिवारी,रमेश राय,महिला आ आर्या,अर्चना,इमी, प्रभारी पिता रमाशंकर प्रसाद एव व्यवसाई प्रशांत कुमार उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने आदेश में किया संशोधन दो नये थानेदारों को दिया जिम्मेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने अचानक रातो रात अपने ही आदेश में संशोधन करके पुलिस महकमे में हलचल मचा दिया है। 23 फरवरी को उन्होंने थाना प्रभारियों का तबादला किये थे। 24 फरवरी को उन्होनें इस आदेश में संशोधन किया है। जिसमें सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार का तबादला हुवा है, वहीं नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद को पुलिस केंद्र भेज दिया गया। एसएसपी ने चार इंस्पेक्टर और तीन सब इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारी का तबादला किये थे। इस आदेश में संशोधन करते हुए उन्होंने दो इंस्पेक्टर के पदस्थापन को बदला गया है। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को सदर थाना से तबादला करते हुए डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया था, लेकिन नये आदेश के बाद उन्हें फिर से उन्हें सदर थाना प्रभारी बनाये रखा गया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस केंद्र में पदस्थापित रणजीत सिन्हा को सदर थाना प्रभारी बनाया गया था, लेकिन आदेश में संशोधन करते हुए उन्हें टाटीसिलवे थाना प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा मनोज कुमार को नामकुम थाना प्रभारी बनाया गया। साथ ही नामकुम थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित ब्रह्मदेव प्रसाद को पुलिस केंद्र में भेजा और दीपिका प्रसाद को डोरंडा थाना प्रभारी नियुक्त कर दिए।

## अलग-अलग सड़क हादसे में बाइक सवार समेत दो लोगों की मौत

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला में अलग अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पहले हादसे में जरमुंडी थाना क्षेत्र के काशीपुर निवासी नेटवा मरांडी(49) की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह मटकरा गांव डीलर के पास चावल लेने के लिए पैदल गया था। जाने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे सड़क हादसे काठीकुंड थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ग्रामीणों की सहायता से घायल को काठीकुंड स्थित कल्याण अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीजीएमसीएच रेफर कर दिया गया। परिजन रविवार की रात घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने घायल सुदामा सोनार(36) को मृत घोषित कर दिया। मृतक शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के ढाका गांव का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि वह भुरकुंडा गांव में दुकान चलाता है। रविवार की देर शाम वह दुकान बंद करके अपने भांजा पीयूष साह के साथ बाइक से ढाका लौट रहा था। काठीकुंड थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव के पास अज्ञात वाहन के धक्के से दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

## बासुकीनाथ मंदिर सभागार में महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर उप विकास आयुक्त ने की बैठक

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि को लेकर उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को निकाले जाने वाले शिव बारात को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाय।बारात निकलने वाले पथ को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त रखा जाय।उन्होंने सभी संबंधित विभाग को अपने कार्य को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया।उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुँचते हैं।श्रद्धालुओं को पूजा करने में कठिनाई नहीं हो,वे सुगमतापूर्वक पूजा अर्चना कर सकें इसे सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम जरूरी दवाई के साथ उपस्थित रहेंगे ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में आसानी से निपटा जा सके।सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थान चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन वाहन एक्टिव मोड में रहे।सीसीटीवी के माध्यम से महत्वपूर्ण पॉइंट पर नजर रखी जाए।उन्होंने कहा कि साज सज्जा से संबंधित सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाय।विधुत सज्जा का कार्य बेहतर ढंग से किया जाय।उन्होंने कहा कि पार्किंग के संबंध में आवश्यक साइनेज लगाए जाएं लोगों को वाहन खड़ी करने में कठिनाई नहीं हो तथा यातायात भी प्रभावित नहीं हो। बैठक में वरीय अधिकारी,संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ पंडा समाज के लोग उपस्थित थे।

## जोरिया में डूबने से बालक की मौत

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुरकुंडा गांव में सोमवार को जोरिया में नहाने के दौरान डूब जाने से किशोर की मौत हो गयी। मृतक रमेश मंडल(13) भुरकुंडा निवासी लक्ष्मण मंडल का बेटा था। जानकारी के मुताबिक वह अपनी मां के साथ जोरिया में नहाने गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गया। ग्रामीणों की सहायता से किशोर को पानी से निकाल कर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल, गंभीर

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका देवघर मुख्य मार्ग पर जामा थाना क्षेत्र के महारो पुल के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मुन्ना खिरहर जरमुंडी थाना क्षेत्र के पलसिया गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक वह निजी काम से बाइक लेकर जामा थाना क्षेत्र के चिहुटिया गांव जा रहा था। इस दौरान संतुलन बिगड़ जाने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एकमुश्त समझौता ऋण मुक्ति शिविर आज

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ इंडिया के सिल्ली शाखा द्वारा लोटा पंचायत भवन में 25 फरवरी दिन मंगलवार को एकमुश्त समझौता ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस समझौता शिविर में बैंक द्वारा एनपीए ऋण खाते जिनमें ऋणी की मृत्यु हो चुकी है एवं ऋण बकाया है, उनके परिजनों से एकमुश्त समझौता कर उन्हें ऋण से मुक्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही ऐसे ऋणी जो बिलकुल भी ऋण चुकाने की स्थिति में नहीं है उनको भी इस योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक डेविड खलखो ने बताया कि इस समझौता शिविर का लाभ उठाने वाले इच्छुक ऋणियों जो एक मुश्त संपूर्ण राशि जमा कराएगा उसको अतिरिक्त छूट का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं एवं ऋण से मुक्ति पाएं।

# उप विकास आयुक्त ने योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा जरमुण्डी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत पुतलीडाबर में आवास प्लस सर्वे, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के तहत् बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धमनचीपा का औचक निरीक्षण किया गया।हरिशंकर राय का बिरसा सिंचाई कूप निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कार्य बहुत दिनों से बंद है, सूचना पट्ट पर योजना के बारे में कुछ भी अंकित नहीं है एवं कूप अपूर्ण तथा खराब स्थिति में है। इस पर उप विकास आयुक्त द्वारा रोजगार सेवक से कारण पृच्छा करने तथा सूचना पट्ट पर योजना की विवरणी अंकित नहीं



रहने के कारण रोजगार सेवक पर जुर्माना अधिरोपित करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार श्रीमती पानबती देवी का बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में घेराबंदी कराने एवं बाउन्ड्री पर टीसीबी निर्माण कराने का निदेश दिया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जरमुण्डी को निदेश दिया गया कि कृषकों को स्ट्रॉबेरी की खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें। उप विकास आयुक्त द्वारा पंचायत पुतलीडाबर के ग्राम जरूआडीह एवं धमनचीपा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 के तहत् आवास प्लस सर्वे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों से आवास प्लस सर्वे की जानकारी ली गई तथा ग्रामीणों को बताया गया कि आवास प्लस सर्वे में यदि किन्हीं सर्वेक्षक द्वारा अनियमितता बरती जाती है तो अविलम्ब सूचित करें। सर्वेक्षकों एवं पंचायत सचिव को सख्त हिदायत दी गई कि ईमानदारी पूर्वक सर्वे का कार्य करें। इसी क्रम में ग्राम-जरूआडीह में सोनामुनी मराण्डी तथा ग्राम धमनचीपा में मिलन किस्कू का अबुआ आवास का निरीक्षण किया गया तथा शेष राशि विमुक्ति हेतु जिला को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धमनचीपा का निरीक्षण किया गया तथा प्रधानाचार्य को पेयजल, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जरमुण्डी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) आदि मौजूद थे।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा :** शिकारीपाड़ा प्रखंड के विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए आज बीडीओ एजाज आलम ने प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों के साथ एक बैठक की। बैठक में अंचलाधिकारी शिकारी पाड़ा कपिल देव ठाकुर, प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी के अलावे विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक शामिल हुए।बैठक के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री आलम ने बताया कि विद्यालयों में बच्चों से संबंधित समस्याओं जैसे आधार इनरौलमैंट, छात्रों का बैंक में खाता



खुलवाने, उपस्थिति, मध्यान भोजन, साइकिल वितरण से संबंधित कई तरह की समस्याएं पाई जाती हैं। इसके निराकरण के लिए आज शिक्षकों के साथ यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों की समस्याओं के बारे में जाना गया और उसके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बताते चलें कि वर्तमान समय में शिकारीपाड़ा प्रखंड में आधार केंद्र की सीमित उपलब्धता के कारण बच्चों के नए आधार बनाने एवं अपडेशन की प्रक्रिया काफी श्रम साध्य एवं कष्टप्रद बनी हुई है और अभिभावकों को अपने बच्चों के आधार कार्ड बनाने एवं सुधार करवाने के लिए आधार केन्द्रों का चक्कर लगाना पड़ता है और घंटों इंतजार करना पड़ता है।

# गोलाफेंक और भारोत्तोलन में मुकेश और रवि ने दिखाया दम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद समिति के तत्वावधान में हिजला मेला परिसर में सोमवार को पुरुष एवं महिलाओं के लिए तीरंदाजी, ऐथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, खो खो एवं वॉलीबॉल सहित मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई।

14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में इनोश मुर्मू, संजीव हांसदा तथा मुजाम सोरेन तथा लंबी कूद में लक्ष्मण हांसदा, राजीव बेसरा तथा दीपक टुडू जबकि पुरुष वर्ग के अन्तर्गत लंबी कूद में अशोक मुर्मू, रसीलाल सोरेन तथा प्रकाश हांसदा,100 मीटर दौड़ में प्रणव पाठक, मानवेल मरांडी तथा अशोक मुर्मू, 400 मीटर दौड़ में अशोक मुर्मू, राकेश मुर्मू तथा प्रणव पाठक, मटका फोड़ में शांतनु कुमार साह, टीमू बेसरा तथा अगस्टिन मुर्मू, भारोत्तोलन में



रविस्टेफन मुर्मू, दुर्गा मरांडी तथा प्रकाश चालक गोला-फेंक में मुकेश कुमार, जॉन हांसदा तथा शशि मिश्रा, क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में अनुप्रिया हांसदा, शिवानी टुडू तथा सबिना हेम्ब्रम, कुश्ती सब जूनियर वर्ग में सपना मरांडी, प्रेरणा मरांडी तथा सनोदी बेसरा, जूनियर वर्ग में सुष्मिता मुर्मू, टेरेसा हेम्ब्रम तथा पूजा टुडू, सीनियर वर्ग में शीला मुर्मू, सुष्मिता मुर्मू तथा तेरेसा हेम्ब्रम तथा पंछी पहनी महिलाओं के घड़ा दौड़ में सुनीता हांसदा, बहामुनि हांसदा तथा सुशीला हेम्ब्रम क्रमशः पहले से तीसरे पर रहीं।

विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार तथा हिजला मेला खेलकूद समिति के सदस्यों ने नकद तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आयोजन की सफलता में आयोजन समिति के अध्यक्ष तूफान कुमार पोद्दार, सह संयोजक उमाशंकर चौबे, केएन सिंह, गोविंद प्रसाद, वरुण कुमार, अरविंद कुमार, मदन कुमार, अमरनाथ चौधरी, मुकेश कुमार, देवीधन टुडू, जयराम शर्मा, संदीप कुमार जय, संतोष गोस्वामी, विद्यापति झा, शिशिर कुमार घोष, हैदर हुसैन, डॉ रुपम कुमारी, वंशीधर पंडित, प्रदीप झा, ज्ञान प्रकाश, निर्मल हांसदा, विनय कुमार सिंह, अमित कुमार, रंजीत कुमार मिश्रा, देवीधन टुडू, सुशील हेम्ब्रम, सोनाधन हेम्ब्रम, रंजन मुर्मू, असीम हेम्ब्रम, राजेश हेम्ब्रम, अग्नेश मुर्मू, ललित कुमार झा, मंतोष कुमार तिवारी, कुलदीप सिंह, दाउद अली, गौरव सिंह, अमित कुमार, इन्द्र जीत गुप्ता, शमशेर अंसारी, दिव्यवाणी राय, आशीष रंजन भारती, सुनेन्दु सरकार, विनीत कुमार सिंह, प्रिंसराज सिंह, फरीद खान, अंजू टुडू आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# बीडीओ ने किया सिंचाई कूप का स्थल निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रानीश्वर :** डीसी दुमका के निदेशानुसार प्रखंड अंतर्गत वृन्दावनी पंचायत का बीडीओ ने निरीक्षण किया। मनरेगा के तहत लाभुक जागेन मराण्डी और होपेन सोरेन के बिरसा सिंचाई कूप योजना में बिना कार्य कराये राशि निकासी करने की सूचना प्राप्त होने पर दोनों योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। लाभुक जागेन मराण्डी के योजना में 4.0 फीट कार्य और होपेन सोरेन के योजना में 5.0 फीट कार्य हुआ है। कार्य कर रहे मजदूरों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि दोनो योजनाओं में तीन-चार दिन पूर्व ही कार्य प्रारम्भ हुआ है। जबकि योजना के अभिलेख और स्ब्ढ्ठस पोर्टल से स्पष्ट पता चल रहा है कि उक्त दोनों योजनाओं में 10-12 महीने पूर्व ही कुल 40824.00 (चालीस हजार आठ सौ चौबीस) रूपया राशि की निकासी कर लिया गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के मुखिया श्रीमति किरण देवी, पंचायत सचिव श्री अमित कुमार, कनीय अभियंता श्री पुनित कुमार साह और ग्राम रोजगार सेवक श्री नरेश मुर्मू को मनरेगा अधिनियम के तहत जुर्माना सहित राशि की वसुली करने के साथ-साथ विभागीय कारवाई और कानूनी कारवाई करने संबंधी स्पष्टीकरण किया गया है। स्पष्टीकरण का जवाब प्राप्त होने के उपरांत अग्रतर कारवाई किया जायेगा । इसके अतिरिक्त अबुआ आवास योजना और 15वी0 वित्त की योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया तथा जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु पंचायत सचिव को निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, प्रखंड समन्वयक आवास, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं अन्य उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर,शाम 3 बजे से रात 11बजे तक सिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया है जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक, पदाधिकारी एवं शांति समिति के लोग शामिल हैं। भव्य आयोजन के तैयारी के लिए समिति के संरक्षक प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, बीडीओ अनिल कुमार, सीओ अरुणिमा एक्का, अध्यक्ष नरोत्तम गोराई, थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर समेत सभी सदस्य जुटे हुए हैं। परिसर को नये कलेवर में सजाकर मंदिर परिसर की भव्यता को अंतिम रूप दिया गया है। समिति के ओर से



जानकारी दी गई है कि बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में रुद्राभिषेक, शिव बारात की स्वागत, शिव पार्वती विवाह, भंडारा एवं देर शाम जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची के कलाकार भजन की प्रस्तुति देंगे। महाशिवरात्रि के दिन सिल्ली के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सिल्ली बजार के मुख्य सड़क पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी ने निर्देश जारी किया कि शाम 3 बजे रात 11 बजे तक सिल्ली बजार में भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

# दुर्गा देवी की ग्यारह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर के परिसर स्थित दुर्गा मंडप के समीप में नवनिर्मित दशभुजी मां दुर्गा देवी की ग्यारह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन आगामी 1 मार्च से किया गया है। प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है। यहां यज्ञमंडप, पंडाल निर्माण व पुरा महादानी परिसर व सभी मंदिरो को रंगीन लाईट से सजाय जा रहा है। वहीं मंदिर प्रांगण से एक मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान ग्यारह दिनों तक संध्या 4ः30 बजे संध्या कालीन आरती एवं संध्या 5 बजे से श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं झांकी



का आयोजन किया जाएगा। वहीं समारोह में यज्ञ मुख्य आचार्य काशी वाराणसी ब्रजेन्द्र कुमार मिश्रा और उनके सहयोगी आचार्य नरोत्तम पाण्डेय, काशी के आचार्य मृत्युंजय मिश्रा,केके आंचल पाठक, अयोध्या के आचार्य ध्रुव मिश्रा, अमित भारद्वाज शास्त्री, गया के आचार्य भारतेंदु द्विवेदी, आचार्य सोनू पाण्डेय और कथा व्यास सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज के कृपापात्र शिष्या देवी रश्मि किशोरी जी के साथ-साथ अयोध्या, हरिद्वार, वृंदावन और काशी के कई साधु-संतों का आगमन होगा। वहीं ग्यारह दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में दुर्गा मंदिर समिति सहित कई संगठन के लोग सहियोग कर रहे हैं।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में लगभग 130 मरीजों ने जांच कराया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूथ हवारी कमिटी, लाईन मोहल्ला, डोरण्डा, रांची के द्वारा दिनांक 23 फरवरी 2025, दिन रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक धोबी मोहल्ला, डोरण्डा उर्दू लाइब्रेरी के नज़दीक, राजू किराना दुकान के सामने में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया जिसमें श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय अस्पताल,अशोक नगर, के प्रसिद्ध डॉक्टरों के द्वारा आंखों का जांच किया गयानि:शुल्क नेत्र जांच शिविर को सफल बनाने में वार्ड 45 के समाजसेवी मोहम्मद इमरान रजा,मोहम्मद इमाम,यूथ हवारी कमिटी के अध्यक्ष मोहम्मद शकीब रजा, उपाध्यक्ष शाहिद हवारी,सचिव मोहम्मद बिलाल,संयुक्त सचिव रिजवान मनीर, कोषाध्यक्ष मुजफ्फर आलम,मोहम्मद इम्तियाज,मोहम्मद आमिर,मोहम्मद वैज,मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद इरशाद,सऊद आलम,मोहम्मद सद्दाम,नौशाद आलम, ताजुद्दीन,शोएब आलम,मोहम्मद माजिद और समस्त सदस्यों ने अहम भूमिका निभाया।




## मांडर प्रखंड में फेडरेशन समिति गठन को लेकर बैठक

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड में सोमवार दोपहर 3 बजे सहकारिता समिति कोऑपरेटिव गठन को लेकर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने प्रखंड के सभी पंचायतों के लोगों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि समिति बनाकर आप अपने पंचायत के हर कोऑपरेटिव से जुड़कर सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाएं और ग्रुप बनाकर स्वयं भी रोजगार का संसाधन उपलब्ध कारण। इस दौरान उन्होंने कई पंचायत के कोऑपरेटिव समिति का भी गठन किया। आगे उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव विभाग के मंत्री का सोंच है कि हमारे क्षेत्र के सभी लोग समिति से जुड़े और रोजगार युक्त हो और इसी को लेकर कर समिति कैसे बने उसका प्रशिक्षण दिया गया।



## उमरा के लिए मुरी से दिल्ली के लिए रवाना

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शायरे हिन्दुस्तान अलहाज दिलकश रांचवी उमरा के बिषय पर मक्का मदीना जाने के लिए मुरी स्टेशन से स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुए। इस दौरान छोड़ने आए साथियों द्वारा माला पहनाकर ट्रेन से रवाना किए। इस मौक पर मोहम्मद फारूक,अब्दुल,जब्बार,हमीद,सब्बीर, फिरोज, मुस्लिम, जमील ने तीर्थ यात्रियों को यात्रा की शुभकामनाएं दी एवं गले मिलकर विदाई दिया।



## सदस्यता अभियान चलाया गया

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 24 फरवरी 2025 को टीन बाजार चौक दुमका में झारखंड मुक्ति का सदस्यता अभियान नगर प्रभारी रवि यादव के नेतृत्व में चलाया गया ।जिसमें शहर के सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने सदस्यता रसीद कटवा कर सदस्यता प्राप्त की जिसमें मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष चंदन भुवानिया,राजेश राउत,दीपक केवट,गौरव झा,मधुअली खान,अमित रक्षित,मनोज रक्षित, अजय पाठक नौशाद शेख, इंदु चोबे,गीता देवी,कृष्णा देवी,बबीता देवी,अब्दुल अफरोज,मंटू ठाकुर, प्रदीप साह,हेमंत स्वर्णकार, इत्यादि समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कवियों को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के तीसरे दिन फूलो झानो भीतरी कला मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कई दिग्गज कवि पहुंचे हुए थे। हिजला मेला महोत्सव में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संथाली, खोरठा, अंगिका, हिंदी, उर्दू सहित अन्य भाषा में कवियों ने शमा बांधा। अपना कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि कमलाकांत सिन्हा, मो. हनीफ,अमरेन्द्र सिन्हा,डा. रामचन्द्र राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष हेंब्रम, चुण्डा सोरेन 'सिपाही, नारायण मिश्र, धर्मणजय हेंब्रम, मनोज घोष, सौरव सिन्हा एवं विद्यापति झा ने कविता पाठ किया। इसी क्रम में युवा कवियों ने भी कविता पाठ कर सभी को अपना मुरीद बनाया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संयोजक के रूप में होड़ सोम्बाद के संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही रहे। सभी कवि को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## सात चालकों पर हुई कार्रवाई

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए न्यायालय के निर्देश पर नगर थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में सात चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुए जब्त वाहनों की सूची न्यायालय में सौंप दी गई। वाहन चेकिंग अभियान में नगर थाना के एएसआई अशोक मिश्रा जवानों के साथ शामिल थे।

## एक व्यक्ति को गिरफ़्तार कर भेजा गया जेल

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी पुलिस ने वारंट निष्पादन के क्रम में थाना क्षेत्र के कुल्ली डहुटोली गांव से बंधना उरांव पिता स्व चुंदा उरांव को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दिया। इस पर उसकी पत्नी द्वारा मेंटेनेंस का केस दर्ज कराया था।

## समाजसेवी इरशाद अंसारी ने पिठोरिया के नये थाना प्रभारी से मिलकर दी बधाई

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाज सेवी इरशाद आलम ने सोमवार को पिठोरिया थाना के नये थाना प्रभारी अभय कुमार को बुके व सॉल देकर स्वागत किया। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने में हर संभव मदद देने की बात कही। थाना प्रभारी ने अभय कुमार ने बताया कि लोगों व जनप्रतिनिधियों से आपसी सामंजस्य स्थापित कर एक बेहतर विधि व्यवस्था व क्षेत्र में शांति बनाये रखने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। आपसी प्रेम सोहार्द व शांति व्यवस्था कायम रखने में सभी के सहयोग की जरूरत है। वहीं समाजसेवी इरशाद आलम ने बताया कि पिठौरिया क्षेत्र हमेशा से शांति प्रिय रहा है, आपसे जनता पूरी अपेक्षा रखती है कि आपातकालीन अवस्था में क्षेत्र में शांति भंग ना हो पाए इसका विशेष ख्याल रखा जाए, वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र के असहाय,गरीब लाचार लोगों का भी समस्या सुनी जाएगी।



# 10 मार्च तक फाइलेरिया रोधी दवा का किया जाएगा वितरण : उपायुक्त

## जिले से फलेरिया को जड़ से समाप्त करने को फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खायें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक संचालित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की समीक्षा जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा की गई। बैठक में विकास आयुक्त अनिकेत सचान, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि चार प्रखंड क्रमशः बोड़ाम, पटमदा, पोटका, गोलमुरी एवं जुगसलाई तथा पूरे शहरी क्षेत्र मिलाकर कुल 18 लाख 27 हजार 932 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं इस अभियान से जुड़े पांच (5) एनजीओ की टीम 11 फरवरी से लोगों के घर-घर जाकर तथा कार्यस्थल में भी अल्बेंडाडोल एवं डीईसी की दवा उपलब्ध कराते हुए लोगों से सेवन सुनिश्चित करा रही है। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा मॉप तिथि अब 10 मार्च तक बढ़ा दी गई है ऐसे में जिसने भी पात्र लोग अबतक अल्बेंडाजोल व डीईसी की दवा का सेवन नहीं कर पायें है वे घर-घर वितरण के दौरान जरूर लें और सेवन करें। उपायुक्त ने अभियान की समीक्षा करते हुए इसे और व्यापक बनाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि कई लोग दवा का सेवन करने से इन्कार करेंगें, उन्हें दवा का सेवन नहीं करने के दुष्परिणाम और हाथी पांव की समस्या से अवगत करायें, आवासीय सोसायटी में वहां के पदाधिकारीगण से बात करें तथा जागरूकता लाते हुए लोगों को दवा खिलायें। ग्रामीण क्षेत्रों में ईंट भट्ठा, खेती-किसानी या अन्य कार्यस्थल में व्यस्त लोगों के लिए भी उनकी दवा घर में वितरित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अभियान की सफलता जनभागीदारी में ही निहित है।

# गुड़ाबांदा में ट्रेक्टर पलटने से चालक घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के सुंड्गी गांव के पास सोमवार को एक बालू लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना मे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को इलाज के लिए धलभूमगढ़ स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। घायल चालक की पहचान मुड़ाकाटी निवासी दासो सोरेन के रूप मे किया गया है। बताया जाता है कि बालू लदा एक ट्रैक्टर रेड़ुआ से धलभूमगढ़ की ओर जा रहा था। सुड़ुगी गांव के छोटा नाला के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया। जिससे ट्रैक्टर पलट गया। इस दुर्घटना मे चालक बुरी तरह घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि चालक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे धालभूमगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## महादेव की साधना में जुटे बन्ना गुप्ता ने की स्वर्णरेखा आरती की तैयारियों के लिए बैठक



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक तरफ पूरा देश कुंभ की आस्था में डूबा हैं दूसरी तरफ पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता महादेव की भक्ति में लीन हैं, गौरतलब है कि बन्ना गुप्ता पिछले 4 साल से लगातार महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य स्वर्णरेखा आरती का आयोजन करते हैं उसके पहले नदी पूजन का आयोजन भी किया जाता हैं और आरती के दौरान आतिशबाजी और पुष्पवर्षा की जाती हैं।इसको लेकर रविवार को सुबह बन्ना गुप्ता ने दोमुहानी संगम घाट का निरीक्षण कर सफाई की व्यवस्था, आयोजन स्थल का चयन एवं अन्य तैयारियों की व्यवस्था की समीक्षा की, इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष निर्देश जारी किए।बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना हैं इसके लिए माँ स्वर्णरेखा का 50 हजार निमंत्रण पत्र युद्ध स्तर पर बांटा जा रहा हैं, सभी मंदिरों एवं शिवालयों में, बस्ती एवं सोसायटी में भी निमंत्रण भेजा जा रहा हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि सपरिवार इस आस्था के महासंगम में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें।

## दोगडीगोड़ा प्राथमिक विद्यालय में दो दिवसीय विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण शुरु



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के माचा संकुल अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दोगडीगोड़ा में दो दिवसीय विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को हुआ। प्रशिक्षक के रूप में शामिल सीआरपी मनोरंजन गोराई के द्वारा विभिन्न विषयों पर सदस्यों को विस्तार पूर्वक बताया गया । इसमें मुख्य रूप से बाल अधिकार अधिनियम, जीने, विकास, संरक्षण, सहभागिता, शिक्षा एवं वाचन का अधिकार के साथ साथ प्रबंधन समिति की संरचना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस संबंध में प्रधानाध्यापक गोपेश्वर रजक ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जो सीखेंगे उसे विद्यालय में लागू करेंगे ताकि बच्चों में गुणवत्ता के विकास पर पहल करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधान अध्यापक गोपेश्वर रजक, अध्यक्ष शिवानी महतो, शिक्षक आशावती हेंब्रम, पूर्णिमा महतो ,सुमित्रा घोषाल ,कनिका महतो ,वृहस्पति महतो ,भारती महतो आदि सदस्यों उपस्थित थे ।

## उ.म विद्यालय भुला के प्रधानाध्यापक अजय कुमार का स्थानांतरण होने पर दी गई विदाई



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुला के प्रधानाध्यापक अजय कुमार का पोटका प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हितकू में स्थानांतरण हो जाने पर सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यालय परिवार की ओर से विधाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुला में वर्ष 2013 में योगदान किया था और 12 वर्षों तक सेवा दी। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें पौधे, शॉल और ट्रॉफी और बच्चों ने विभिन्न गिफ्ट देकर सम्मानित किए। प्रधानाध्यापक ने कहा कि वार्षिक परीक्षा में हर वर्ष भुला स्कूल के वर्ग 8 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थीयों को खुद आकर पुरस्कृत करेंगे। इस अवसर पर छोटे -छोटे बच्चों ने विधाई गाना पर नृत्य प्रस्तुति दी। मौके पर ग्राम प्रधान संतोष सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कनक सिंह, शिक्षक दिलीप कुमार महतो ,बासुदेव कुमार, सुनील कुमार सिंह बिपिन कुमार महतो, रेवती गोप, अमित मुखर्जी, सहदेव बनर्जी, सावित्री सिंह, देवा मुखर्जी, गौतम कर्मकार,मिलन मुखर्जी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## खरकई और हुडको की आसान जीत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कीनन स्टेडियम में खेले जा रहे मीडिया कप 2025 के अंतिम लीग मुकाबले में खरकई और हुडको एकादश ने आसान जीत दर्ज की। सुबह खेले गए मैच में खरकई एकादश ने दोमुहानी एकादश को 62 रन से हराया। खरकई एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। अमित ने 39 और देबाशीष ने 30 रन बनाए। अभिजीत ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दोमुहानी एकादश की टीम बिखर गई। पूरी टीम 15 ओवर में आठ विकेट पर 84 रन ही जोड़ सकी। अभिजीत ने 17 और उमेश ने 11 रन जोड़े। बाबू वसीम और अमित ने दो-दो विकेट लिए। दूसरे मैच में हुडको एकादश ने जुबिली एकादश को आठ विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जुबिली एकादश ने तीन विकेट पर 121 रन बनाए। वकील ने 38 रन और रजत ने 30 रन बनाए। हुडको के शुभदर्शी के 79 रन और रोहित के नौ रनों की बदौलत 11.1 ओवर में दो विकेट पर 124 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## खरसावां बासंती मंदिर में ब्राह कुमारों का सामुहिक उपनयन संस्कार सात मार्च को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के मॉ बांसती मंदिर प्रांगण श्री श्री 108 मां बसंती दुर्गात्सव समिति खरसावां की एक बैठक हरिश्चंद्र आचार्य की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मॉ बांसती मंदिर में आगामी अप्रैल से बेल्लाधिवास के साथ शुरू होगा। 4 अप्रैल को सप्तमी, 5 अप्रैल को अष्टमी की पूजा-अर्चना होगी, 6 अप्रैल को नवमी तथा 7 अप्रेल को पारंपरिक विधि विधान के तहत विजया दशमी की पूजा-अर्चना होगी। विजयादशमी के दिन ब्राहकुमारों निशुल्क उपनयन संस्कार किया जाएगा। उपनयन संस्कार के लिये आवेदन आगामी 1 मार्च से 25 मार्च तक खरसावां के पूजा समिति से संपर्क कर आवेदन कर सकेंगे। इस बैठक में समिति के हरिश्चंद्र आचार्य, सचिव कामाख्या प्रसाद सारंगी, हरकुवर दास, पंकज, अशोक, बिरोजा, असीत, राजेश, सुशील, सुजीत, सरोज, प्रीति रंजन, प्रवीण, रंजीत उर्फ नाउ, भास्कर आदि उपस्थित थे।

## सरायकेला के पुलिस लाइन में मागे पर्व का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** सरायकेला के पुलिस लाइन में पहली बार मागे पर्व का आयोजन किया गया जिसमें खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत, एसपीडीओ संजय सवैया समेत पुलिस कर्मी व आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे. देशाउली में पूजा अर्चना कर मांदर व नगाडे की थाप पर मागे गीतों पर लय मिलाते हुए नृत्य किया. नृत्य का सिलसिल देर रात तक चलता रहा. यह फसल के कटने व खेत खलिहान के कार्य खत्म होने के बाद माघ महीने के पूर्णिमा को मनाया जाता है. मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि मागे पर्व सृजन का पर्व है. मागे पर्व हमारी परंपरा व संस्कृति से जुड़ा हुआ है. एसपी मुकेश कुमार लुणायत व एसडीपीओ समीर सवैया ने भी सभी लोगों को मागे पर्व की बधाई देते हुए लोगों के साथ मांदर पर थाप देते हुए नृत्य किया।

## कांड्रा में 10 लाख की लागत से बन रहे सड़क का जिप अध्यक्ष व सदस्य ने किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** प्रखंड के कांड्रा पंचायत अंतर्गत मुख्य पथ से रौनक गुप्ता के घर तक तथा हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर से स्टेशन तक करीब दस लाख रुपए प्राक्कलित राशि से बनने वाली पीसीसी सड़क का सोमवार को शिलान्यास किया गया। मौके पर मौजूद ज़िप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा तथा ज़िप सदस्य पिंकी मंडल ने शिलापट्ट अनावरण कर दोनों पथों का शिलान्यास किया। बताया गया है कि 15वीं वित्त योजना के तहत कुल 540 फीट इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क के बन जाने से कांड्रा व आसपास के 48 गांव के लोगों को सहूलियत होगी। इस मौके पर भाजपा नेता राम हांसदा, मुखिया शंकरी सिंह, उप मुखिया रीना मुखर्जी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## दशरथ गागराई ने पतपत गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर सड़क निर्माण कराने का दिया आश्वासन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के रीडिंग पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र बरगीपुट, बुरुटोला व तेलायगोड़ा के ग्रामीण खेत की पगडंडियों से आवागमन करने को मजबूर है। देश की आजादी के 77 साल बाद भी पतपत गांव के तीन टोलों के लगभग सात सौ आबादी वाले इन गांव के ग्रामीण आज भी खेत की पगडंडियों से आवागमन करती है। इसकी सूचना पाकर खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां के पतपत गांव के बरगीपुट, बुरुटोला व तेलायगोड़ा टोला पहुचे और ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव की मुलभूत समस्याओं से रू-ब-रू हुए। साथ ही ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि खरसावां के पतपत गांव के बरगीपुट, बुरुटोला व तेलायगोड़ा टोला पहुचने के लिए खेत के पगडंडी रास्ते को विधायक निधि से 300 फीट मिट्टी मुरुम सड़क निर्माण जल्द कराया जाएगा। सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगा। इस दौरान मुख्य रुप से ग्रामु मुंडा रासाय मुंडा, वार्ड सदस्य राज किशोर हांसदा,बाले हांसदा, रविंद्र हांसदा सामु मुंडा, शंकर हांसदा, रायसिंह हांसदा, दुलाल हांसदा, भीमसेन हांसदा, बुधन सिंह हांसदा, मोहन सिंह सोय, लखीराम सरदार, जीवन सिंह हांसदा, गोंदे सरदार, लक्ष्मण मांझी, दिलदार हेंब्रम, हीरो सरदार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट का 'इंडिया सेंस टीबी' सेमिनार आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने जिला 3250 स्तरीय टीबी जागरूकता एवं रोकथाम सेमिनार 'इंडिया सेंस टीबी' का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में रोटरी जिला गवर्नर (3250) रोटेरियन बिपिन चाचान और फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचान मुख्य अतिथि रहे। बिष्टुपुर स्थित होटल अल्कोर में आयोजित इस सेमिनार में 20 रोटरी क्लबों के 120 से अधिक सदस्यों, चिकित्सा विशेषज्ञों और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के अध्यक्ष रोटेरियन शुभ्रजीत बसु ने स्वागत भाषण दिया। जिला सह अध्यक्ष (टीबी जागरूकता) डॉ. तमाल देब ने सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुंबई से आये पीपीजी डॉ. बालकृष्ण इनामदार ने रोटरी की टीबी उन्मूलन में भूमिका पर चर्चा की, जबकि प्रो. डॉ. नारायण मिश्रा ने जागरूकता बढ़ाने के सरल तरीकों पर जोर दिया। कार्यक्रम में 'रिटर्न्स फ्रॉम डूम' नाटक का मंचन हुआ, जिसने टीबी की पहचान और उपचार के महत्व को दर्शाया। सेमिनार का समापन रोटरी फाउंडेशन सम्मान समारोह और रोटेरियन मनीष जैन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अंत में रोटरी दिवस पर सभी क्लबों ने एकता और सेवा संकल्प का प्रतीकात्मक केक काटा।

## रामकृष्णा फोजिंग्स के सेवानिवृत्त कर्मचारी भूपेंद्र गोराई को दी गई विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोजिंग्स लिमिटेड, प्लांट एक मे समारोह आयोजित कर फोर्ज शॉप विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी भूपेंद्र गोराई को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी मैनक गुप्ता ने कहा कि विगत करीब 42 वर्षो के लंबे कार्यकाल में इन्होंने अपनी कुशल कार्यक्षमता का परिचय दिया है। आरकेएफएल परिवार उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के अध्यक्ष अभय लाभ ने कहा है सेवानिवृति नौकरी पेशा लोगों के लिए एक नियमित प्रक्रिया है जिससे होकर सभी कर्मचारियों को गुजरना पड़ता है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी को स्वस्थ व दीर्घायु रहने की कामना की। समारोह को यूनियन के कई सदस्यों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रबंधन व यूनियन के पदाधिकारी व अन्य कर्मचारियों ने उन्हें गुलदस्ता व उपहार प्रदान कर विदाई दी। अपने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए भूपेंद्र गोराई ने कार्यकाल के दौरान सहयोग करने के लिए सभी सहपाठियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर यूनियन के महासचिव तारकेश्वर यादव, उपाध्यक्ष दिनेश राम, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव, विपुल गोलदार, शैलेंद्र सिंह, राज कुमार साफी, कुशध्वज प्रामाणिक समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले के आला अधिकारियों ने कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को किया विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संचालन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा पदाधिकारियों को भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण एवं परीक्षा के सफल संचालन का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने दूसरी पाली में इंटर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ग्रेजुएट कॉलेज में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कोई भी परीक्षार्थी कदाचार करते पाए जाते हैं तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीओ घाटशिला सुनिल चंद्र, एलआरडीसी घाटशिला नीत निखिल सुरीन, एलआरडीसी धालभूम गौतम कुमार, सभी बीडीओ और सीओ द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा। परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को भी कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया है ।

## पटमदा में एसबीआई से केसीसी लोन को किसान 7 माह से लगा रहे हैं चक्कर, ग्राम प्रधान डीसी से करेंगे शिकायत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** केंद्र व राज्य सरकार किसानों की आयवृद्धि के लिए 5 लाख रुपए तक का केसीसी ऋण देने का प्रावधान किया है। लेकिन पटमदा के विभिन्न गांवों के किसानों को भारतीय स्टेट बैंक की पटमदा शाखा से लोन लेना महंगा साबित हो रहा है। बामनी गांव निवासी आदिवासी किसान रवि माझी का कहना है कि पिछले 7 माह से लगातार बैंक का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन आज तक लोन तो मिला नहीं बल्कि बैंक के अधिकारी व कर्मचारी अब दुर्व्यवहार पर उतारू हो गए हैं। किसानों को लोन देना तो दूर की बात संतोषजनक जवाब भी नहीं मिलता है। रवि माझी का कहना है उन्होंने जब इसकी शिकायत शाखा प्रबंधक तरुण कुमार से की तो उन्हें जवाब मिला कि केसीसी के मामले में जो भी करना है मैडम ही करेगी, वह कुछ नहीं कर सकते हैं। जब मैडम से गुहार लगाई गई तो उनका जवाब था कि आपको अगर आने में अधिक दिक्कत है तो आवेदन को रद्द करवा लीजिए। रवि का कहना है वह युवा किसान है और करीब 4 एकड़ जमीन पर सालों भर सब्जियों की खेती करते हैं जबकि धान की खेती 3 एकड़ में करते हैं। उनके आग्रह पर बैंक के कर्मचारियों द्वारा स्थल जांच भी की जा चुकी है और सबकुछ संतोषजनक मिला लेकिन उनके 90 हजार के आवेदन पर अब तक कोई विचार नहीं किया गया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान संघ पटमदा के अध्यक्ष बृंदावन दास का कहना है कि एसबीआई पटमदा शाखा के प्रति ग्राहकों की काफी शिकायतें हैं और यहां काम करवाना काफी मुश्किल है।

## 4 स्कूलों के 160 छात्रों के बीच साइकिल वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के परिसर में सोमवार को झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा उन्नति का पहिया योजना के तहत पटमदा प्रखंड के गेंगाडा, बांगुड़दा, गोपालपुर व काश्मार स्कूल के 160 छात्रछ छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए साइकिल उपलब्ध करवाया गया, ताकि बच्चे समय पर स्कूल पहुंच सके। मौके पर बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, पार्षद प्रदीप बेसरा,कल्याण पदाधिकारी अभय कुमार सहित चारो स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## करीम सिटी कॉलेज में भू-राजनीति विषय पर गोष्ठी का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के भूगोल विभाग के तत्वाधान में एक अतिथि वक्तव्य का कार्यक्रम हुआ जिसका विषय था- भू-राजनीति के पक्ष और विपक्ष। अतिथि वक्ता डॉ अनवर शहाब (विभागाध्यक्ष राजनीतिक विज्ञान, करीम सिटी कॉलेज) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ आले अली ने की। मुख्य वक्ता डॉ अनवर शहाब ने कहा कि इस नए युग में विश्व की राजनीति को पूर्ण रूप से हम तब तक नहीं समझ सकते जब तक उसे विभिन्न आयाम द्वारा समझाने का प्रयास न करें।मुख्य वक्तव्य के बाद छात्रों के पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। अंत में विभाग की प्राध्यापिका डॉ इनायत बानो ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में डॉ एजाज अहमद, डॉ इफ्तिखार नबी, डॉ तनवीर जमाल काजमी, डॉ जकी अख्तर के अलावा कई शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## उम्मीद के पथ पर

**बड़े** संकल्पों से निकले उम्मीद के पथ आखिर शिक्षा के हिस्से में आए और 67 शिक्षक सिंगापुर निकल पड़े। इससे पहले कुछ छात्र इन्हीं राहों से होकर लौटे, तो इस सफर की कहानी में शिक्षा एक बड़ा पात्र होगी। बेशक आंखें खोलने के लिए विदेश के भ्रमण एक ताज की तरह होंगे, लेकिन किसी चांदनी को तोडक़र लाने के लिए यह कारवां छोटा है। आखिर हम शिक्षा से बतौर शिक्षक, बतौर अभिभावक, बतौर समाज और बतौर छात्र चाहते क्या हैं। जो बच्चों को चाहिए, उससे कब पूछा गया। जो मां-बाप को चाहिए, उससे स्कूलों का वर्गीकरण हो गया और जो शिक्षा को चाहिए, उसके भीतर रोजगार घुस गया। कोई टीचर इसलिए है क्योंकि वहां रोजगार के अत्यधिक अवसर मिले। हम ढंग से पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम के बीच ढंग से अध्ययन का माहौल नहीं दे सकते, लेकिन बच्चों को तोता बना सकते है। हैरानी यह कि शिक्षा में सफलता के फार्मूले अब बाजार में बिकते हैं। ले लो कोई दुकान चलाकर बता रहा है कि उसकी अकादमी से सीधे निकल कर डाक्टर बनोगे और कोई आईआईटी तक ले जा रहा है। जब ये अध्यापक सिंगापुर से लौटेंगे, तब भी हिमाचल शिक्षा बोर्ड के वार्षिक प्रश्नपत्र पर वास्तविक मूल्यांकन का खतरा मंडरा रहा होगा और तब भी शिक्षा की खोज में कोई बच्चा सीबीएसई या आईसीएसई स्कूल के बाहर अपना प्रवेश पा रहा होगा। शिक्षा के भीतर देशीपन है कहां जो हम विदेशी फार्मूलों में अपना सपना पूरा करेंगे। अंततः सारा हिमाचल तो शिमला की विभागीय कसरतों में शिक्षा विभाग का दस्तूर देखता है, जिसकी कसौटियों में अभी तक यह भी तय नहीं कि पूरे हिमाचल के स्कूल कब छुट्टियां मनाएं और कब खेल का मैदान सजाएं। शिक्षा विभाग तो माथापच्ची का पाठ्यक्रम है और आजादी के बाद से शिक्षा सिर्फ अलग-अलग आयोगों की दासी बनी रही। अब पुनः नई शिक्षा नीति आजमाई जा रही है और जहां मातृ या क्षेत्रीय भाषा के सिंदूर में ज्ञान का टीका लगाने की उत्कंठा जाहिर है। हो सकता है पंजाबी भाषा में पंजाब के बच्चे ज्यादा समझ जाएं या गुजराती भाषा में भविष्य का अर्थ निकल आए, लेकिन हिमाचल के पास तो कोई हिमाचली भाषा नहीं। ऐसी कोशिश नहीं कि एकलव्य को संबोधित करने के लिए पूरा परिवेश अपनी मातृभाषा में बोले और अनुगूंज शाबाशी दे। बहरहाल, सिंगापुर जा रहे शिक्षकों को कम से कम व्यवस्था से शाबाशी तो मिल ही रही है। यह एक सौगात की तरह, पुरस्कार की तरह और इत्मीनान की तरह अगर सिद्ध हो तो शायद हमारे स्कूल फिर से सांस ले सकते हैं वरना पढ़ाई का जादुई आंकड़ा सरकारी परिसरों में घट रहा है। स्कूलों से कहीं अधिक सचिवालय में अध्यापकों को अपना परिचय देना पड़ता है। उनकी सरकारी सेवा की वरीयता शिक्षण से कहीं अधिक स्वयं को मनपसंद की पोस्टिंग में स्थापित बनाए रखना है। अगर कल कांगड़ा निवासी शिक्षक शिमला और सिरमौर के बच्चों के अध्ययन का चरित्र बदलता है, तो बात बनेगी, वरना विदेश यात्रा में तमगे का एहसास शिरकत करने लगेगा। आज ये गए, तो कल वे जाने का तिकड़म बैठाएंगे और इस तरह कारवां पहले स्थानांतरण में सुविधा खोजता था, तो आइंदा विदेश भ्रमण में खुद को तराशता रहेगा। दरअसल शिक्षा में शिक्षक की संवेदना का प्रभाव बच्चों की दृष्टि, उपलब्धि का तापमान और ज्ञान की परिभाषा बदल सकता है। पाठ्यक्रम के फैलते दायरे और परीक्षा परिणामों की योग्यता में सफलता के नुस्खे इतने प्रभावशाली हो गए हैं कि छात्र सिर्फ कठपुतली हैं। कुछ कठपुतलियां इन धागों में खुद को बेहतर बना लेती हैं, बाकी उलझ जाती हैं। छात्रों की उलझन, छात्रों की शिकायत और शिक्षा की वकालत, आखिर कब कहने और सुनने का अवसर मिलेगा। बेशक सरकारी क्षेत्र में अच्छे व गुणी अध्यापक होते हैं, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता में उनका योगदान दर्ज नहीं होता। पूरी शिक्षा को बदलना है तो अभिभावकों का भ्रमण सरकारी स्कूल में कराएं।

> बेशक आंखें खोलने के लिए विदेश के भ्रमण एक ताज की तरह होंगे, लेकिन किसी चांदनी को तोडक़र लाने के लिए यह कारवां छोटा है। आखिर हम शिक्षा से बतौर शिक्षक, बतौर अभिभावक, बतौर समाज और बतौर छात्र चाहते क्या हैं। जो बच्चों को चाहिए, उससे कब पूछा गया। जो मां-बाप को चाहिए, उससे स्कूलों का वर्गीकरण हो गया और जो शिक्षा को चाहिए, उसके भीतर रोजगार घुस गया। कोई टीचर इसलिए है क्योंकि वहां रोजगार के अत्यधिक अवसर मिले। हम ढंग से पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम के बीच ढंग से अध्ययन का माहौल नहीं दे सकते, लेकिन बच्चों को तोता बना सकते है। हैरानी यह कि शिक्षा में सफलता के फार्मूले अब बाजार में बिकते हैं। ले लो कोई दुकान चलाकर बता रहा है कि उसकी अकादमी से सीधे निकल कर डाक्टर बनोगे और कोई आईआईटी तक ले जा रहा है। जब ये अध्यापक सिंगापुर से लौटेंगे, तब भी हिमाचल शिक्षा बोर्ड के वार्षिक प्रश्नपत्र पर वास्तविक मूल्यांकन का खतरा मंडरा रहा होगा और तब भी शिक्षा की खोज में कोई बच्चा सीबीएसई या आईसीएसई स्कूल के बाहर अपना प्रवेश पा रहा होगा। शिक्षा के भीतर देशीपन है कहां जो हम विदेशी फार्मूलों में अपना सपना पूरा करेंगे।

### भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है

## विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

**रमेश सर्राफ**

> देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है।

**देश** में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है। भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे




में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी. ।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी। हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है।

दृष्टि कोण

## प्रदेश में वित्तीय अनुशासन की जरूरत

**वर्तमान** में हिमाचल प्रदेश एक छोटा सा पहाड़ी राज्य, जिसके पास आय के बहुत सीमित साधन हैं, देश के सबसे ज्यादा कर्ज लेने वाले राज्यों में शुमार हो चुका है। यह स्थिति राज्य के गंभीर आर्थिक संकट को उजागर करती है, जहां पिछले कुछ वर्षों में लिया गया कर्ज केवल प्रदेश के विकास के लिए नहीं, बल्कि चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए खर्च किया गया है। यह एक ऐसी समस्या बन चुकी है, जिसका समाधान न तो सत्ता और विपक्ष के राजनीतिक टकरावों में है, न ही कर्ज के आंकड़ों को बढ़ाकर राजनीतिक फायदा हासिल करने में। प्रदेश के वित्तीय असंतुलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हिमाचल अब एक कर्जदार राज्य नहीं, बल्कि कर्ज के जाल में फंसा हुआ राज्य बन चुका है। विधानसभा के बजट सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच हो रहे आरोप-प्रत्यारोप से कहीं अधिक महत्वपूर्ण यह सवाल है कि हम अपनी वित्तीय स्थिति को कैसे सुधारें और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए स्थायी उपाय क्या हो सकते हैं। वर्तमान में, राज्य का राजकोषीय उत्तरदायित्व और कर्ज की सीमा दोनों ही बढ़ रही हैं। अगर इस कर्ज को चुकाने की क्षमता में वृद्धि नहीं होती, तो यह स्थिति प्रदेश के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। इसके आलावा राज्य सरकारों को चुनावी राजनीति के लिए फ्रीबीज से बचना चाहिए। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के वक्त की जाने वाली मुफ्त की योजनाओं पर सख्त टिप्पणी की, जो कि कहीं न कहीं सरकारों के लिए एक चेतावनी है। हमारे मार्गदर्शक और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार भी कई बार सरकारों द्वारा फ्रीबीज और मुफ्त की रेवडियां बांटने की संस्कृति से होने वाले नुकसान पर अपनी चिंता व्यक्त कर चुके है। पिछले दो वर्षों में राज्य ने 25000 करोड़ का कर्ज लिया है और पुराने कर्ज को चुकाने के लिए लगभग 7000 करोड़ की अतिरिक्त उधारी उठानी पड़ी है। अब तक हिमाचल ने लगभग 98000 करोड़ का ऋण लिया है, और कर्ज लेने की प्रक्रिया में निरंतरता बनी हुई है। यह कर्ज न केवल एक भारी आर्थिक बोझ बन चुका है, बल्कि भविष्य में यह हमारे आर्थिक संतुलन को और भी बिगाड़ सकता है। कर्ज का बढना असमानता और आर्थिक असंतुलन को बढ़ावा देगा, जो प्रदेश के विकास में रुकावट पैदा करेगा। राज्य के बोर्ड और निगम घाटे में चल रहे हैं, और इसके बावजूद सरकार का ध्यान कर्ज जुटाने पर केंद्रित है। सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब कर्मचारियों के वेतन के लिए भी कर्ज लिया जा रहा है। यह स्थिति दर्शाती है कि क्या राज्य सरकार के पास खर्चों को नियंत्रित करने और वित्तीय अनुशासन लागू करने का कोई उपाय नहीं है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की विनिवेश नीति से कुछ सीखें और घाटे में चल रहे बोर्ड और निगमों से अपनी हिस्सेदारी खत्म करे। केंद्र सरकार कई सरकारी उपक्रमों की बिक्री करके अपने बजट घाटे को पूरा कर रही है, वहीं हिमाचल को भी अपने घाटे को कम करने के लिए ऐसे कदम उठाने चाहिए। लेकिन अफसोस, राज्य सरकार की प्राथमिकताएं फिजूलखर्ची और नए कार्यालयों के निर्माण पर केंद्रित हैं, जबकि प्रदेश की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं। हिमाचल के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वह अपनी आर्थिक नीति को निष्ठा और अनुशासन के साथ लागू करे। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना आवश्यक है। साथ ही, पर्यटन क्षेत्र में भी हमें अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सैलानियों की संख्या बढ़ाकर इस क्षेत्र से अधिक राजस्व जुटाया जा सकता है। हवाई सेवाओं को सुधारकर और पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की आय में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश को अपने प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग करना चाहिए, विशेषकर जलविद्युत क्षेत्र में। हिमाचल में जलविद्युत उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन उनका पूर्ण उपयोग नहीं किया जा रहा है। यदि सरकार इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाए और निजी क्षेत्र को साथ लेकर चले, तो यह राज्य के लिए एक बड़ा राजस्व स्रोत बन सकता है। इसके साथ ही स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करना और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। यदि सरकार इन ठोस कदमों को उठाती है, तो आने वाले समय में राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। लेकिन यह तभी संभव है जब हम राजनीतिक गुटबंदी और आरोप-प्रत्यारोप की बजाय राज्य की समृद्धि के लिए ठोस और प्रभावी निर्णय लें। कुल मिलाकर, हिमाचल प्रदेश को अपने वित्तीय संकट से उबारने के लिए एक ठोस, पारदर्शी और दीर्घकालिक वित्तीय नीति की आवश्यकता है। केवल कर्ज लेकर हम न तो प्रदेश का विकास कर सकते हैं और न ही आने वाली पीढियों के लिए एक स्थिर आर्थिक ढांचा बना सकते हैं।

कुछ अलग

## जादुई छड़ी कहां है...

**मसला** बहुत सीरियस है। आतंकवाद, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भी सीरियस। सरकार कह रही है कि 'मंहगाई रोकने के लिए उसके पास कोई जादुई छड़ी नहीं है।' विपक्ष कह रहा है कि जादुई छड़ी सरकार के पास ही है, लेकिन सरकार इस छड़ी को इस्तेमाल नहीं कर रही। सरकार और विपक्ष के बयानों में विरोधाभास से पूरे मुल्क में कन्फ्यूजन पैदा हो गई है। गली, मोहल्लों, कूचों से लेकर सरकारी दफ्तरों और दारू के ठेकों तक में अगर किसी करंट टापिक को लेकर चर्चा है तो बस यही कि जादुई छड़ी आखिर गई कहां? मुल्क में बाहर से कोई लुटेरा भी नहीं आया और न ही किसी थाने में जादुई छड़ी गुम होने की एफआईआर दर्ज है। फिर कहां गई जादुई छड़ी? क्या सरकार में बैठी किसी पुण्यात्मा ने इसे अपने लॉकर में छिपा दिया है या फिर आतंकवादियों ने जादुई छड़ी किडनैप कर ली है? चर्चाएं तरह-तरह की हैं। जितने मुंह, उतनी बातें। अब कहने वालों का कोई मुंह थोड़े ही पकड़ा जा सकता है? कोई कह रहा है कि जादुई छड़ी गायब या किडनैप नहीं हुई, बल्कि सरकार ने मल्टीनेशनल कंपनियों व देश के बड़े औद्योगिक घरानों के पास इसे गिरवी रखकर लोन लिया हुआ है ताकि सरकार चलाई जा सके। कोई कह रहा है कि सरकार ने जादुई छड़ी गिरवी नहीं रखी बल्कि मुनाफाखोरों और जमाखोरों को बेच दी है। बातों-बातों में कुछ लोग यह कहने से भी नहीं चूक रहे कि इस सरकार के पास ले-देकर एक जादुई छड़ी ही थी, जिसकी हिफाजत भी सरकार नहीं कर पाई। लिहाजा यह खेद का विषय है। इन तमाम चर्चाओं के बीच एक सज्जन सरकार का पक्ष लेते हुए कह रहे हैं कि 'सरकार का काम जादुई छड़ी की हिफाजत करना नहीं बल्कि सरकार में बैठे अपने लोगों के हितों की हिफाजत करना होता है।' सरकार के हिमायती एक और सजन फरमा रहे हैं कि 'सरकार बहुत बड़ी पावर होती है। वह अपने पास कोई छड़ी-वड़ी नहीं बल्कि लाठी रखती है जिससे गरीब आदमी को हांका जाता है।' एक अन्य सज्जन उसकी बात काटते हुए कहते हैं, 'लाठी सरकार के पास नहीं बल्कि गुंडों, लठैतों और बाहुबलियों के पास होती है जिससे वे मुल्क को हांकते हैं।' तीसरे सज्जन की दलील है कि लाठी सरकार और बाहुबलियों दोनों के पास होती है क्योंकि दोनों का काम हांकना है। एक चौथे सज्जन फरमाते हैं कि सरकार के पास छड़ी या लाठी नहीं बल्कि चाबुक होता है, जिसके दम पर वह लोकतंत्र के छकड़े को ठेलती है। विषय से विषयांतर कर रहे लोगों को हडक़ाते हुए पांचवें सज्जन ने कहा- 'बात जादुई छड़ी को लेकर हो रही थी, इसमें लाठी और चाबुक जैसी दो कौड़ी की आइटमें कहां से आ गई?' छठे सज्जन का कहना है कि महंगाई लाठी या चाबुक से नहीं बल्कि जादुई छड़ी से ही रुक सकती है और जादुई छड़ी चूंकि सरकार के पास है नहीं, इसलिए महंगाई पर हाय-तौबा मचाना फिजूल है। सातवें सज्जन ने सुझाव दिया कि मुल्कवासियों को अपने सारे धंधे छोडक़र जादुई छड़ी ढूंढने में लग जाना चाहिए। इस पर तैश में आकर आठवें सज्जन ने कहा कि लोग अपने धंधे क्यों छोड़ें? सरकार को अपने धंधे छोडक़र जादुई छड़ी ढूंढनी चाहिए। नौवें सज्जन का कहना है कि सरकार को यह काम सीबीआई को सौंप देना चाहिए। दसवें सज्जन की दलील है कि सीबीआई पहले ही सैकड़ों केसों को सुलझाने के काम में लगी है, इसलिए जादुई छड़ी ढूंढने का जिम्मा किसी इंटरनेशनल जांच एजेंसी को सौंपा जाना चाहिए। एक और उत्साही सज्जन ने सुझाव दिया, 'सरकार को एक आयोग गठित करना चाहिए जो यह पता लगाए कि जादुई छड़ी आखिर गई कहां?' उन्होंने कहा, 'ऐसा आयोग बनाने से दो फायदे होंगे।

देश दुनीया से

## वैश्विक तनाव में सोने की कीमतों में उछाल

**चौदह** फरवरी, 2025 को 24 कैरेट वाले 10 ग्राम सोने की कीमत 86,360 रुपये के स्तर पर पहुंच गई, जो अब तक का उच्चतम स्तर था। 1 जनवरी से 13 फरवरी तक की अवधि यानी महज 44 दिनों में 10 ग्राम वाले 24 कैरेट सोने की कीमत में 9,092 रुपये का इजाफा हुआ। प्रतिशत में देखें तो इसकी कीमत में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और अब 1 लाख रुपए के स्तर को छूने के लिए इसमें केवल 16 प्रतिशत की वृद्धि होनी शेष है। देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस साल के अंत तक इसकी कीमत आसानी से 1 लाख रुपये के स्तर को पार कर सकती है। सोने की कीमत में बढ़ोतरी में प्रमुख कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनाई जा रही आर्थिक नीतियां हैं। वैश्विक स्तर पर कारोबारी जंग होने की संभावना बढ़ रही है। दूसरी तरफ, अमेरिकी नीतियों और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण डॉलर के मुक़ाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। महंगाई का डर भी देश एवं विदेश में अभी भी बरक़रार है। हालांकि, भारत में सब्जियों एवं अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमत में कमी आने की वजह से खुदरा महंगाई दर जनवरी महीने में कम होकर 4.31 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो पिछले 5 महीनों में सबसे कम है। अमेरिका और इंग्लैंड द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करने और विश्व के कुछ भागों में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण भी सोने की चमक चमकीली हो रही है। गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ने से भी सोने की मांग बढ़ रही है। इधर, शेयर बाजार में हाल में आई गिरावट की वजह से निवेशकों का रुझान सोने की तरफ बढ़ रहा है। दूसरी तरफ, भारत में शादी का सीजन शुरू हो चुका है। इसलिए, सोने की कीमत बढ़ने के बावजूद इसकी मांग और कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। आजादी के 75 सालों में सोने की कीमत आसमान पर पहुंच गई है। इस तरह, सोने की कीमत 78 सालों में चंद रुपयों से आगे बढ़ते हुए 86 हजार रुपये के स्तर को पार कर गई है। भारत में सोना इतना ज्यादा सोणा इसलिए है, क्योंकि भारत में महिलायें सोने के प्रति दीवानी हैं और यह दीवानगी अनादिकाल से बदस्तूर बनी हुई है। प्राचीनकाल में तो स्त्रियों के साथ-साथ पुरुष भी सोने के गहने पहना करते थे। भारत में किसी भी शुभ मुहूर्त में, शादी, त्योहार या फिर मृत्यु के समय सोने की खरीददारी की जाती है, जबकि पश्चिमी देशों में ऐसा नहीं होता है। वहां के लोग शादी में बहुत सारे गहने नहीं पहनते हैं। न ही वहां, गिफ्ट में सोने के जेवर या सोना देने का चलन है। अमेरिका और यूरोप में शादी में सिर्फ सोने की रिंग दी जाती है, जो 9 या 12 कैरेट की होती है, जबकि भारत में शादी में 22 या 24 कैरेट



> 1 जनवरी से 13 फरवरी तक की अवधि यानी महज 44 दिनों में 10 ग्राम वाले 24 कैरेट सोने की कीमत में 9,092 रुपये का इजाफा हुआ। प्रतिशत में देखें तो इसकी कीमत में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और अब 1 लाख रुपए के स्तर को छूने के लिए इसमें केवल 16 प्रतिशत की वृद्धि होनी शेष है। देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस साल के अंत तक इसकी कीमत आसानी से 1 लाख रुपये के स्तर को पार कर सकती है। सोने की कीमत में बढ़ोतरी में प्रमुख कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनाई जा रही आर्थिक नीतियां हैं।

का सोना जेवर के रूप में लड़की और लड़के को दिया जाता है। आजकल शादी में सोने की बिस्किट भी सौगात में दी जाती है। भारत में फिल्मों की नायिकायें, बड़े कारोबारी या कॉर्पोरेट्स घराने या फिर राजे-रजबाड़ों के वारिसों की बहू-बेटियां शादी या किसी भी त्योहार या किसी भी पार्टी या कार्यक्रम में महंगे सोने के जेवरात पहनना पसंद करती हैं। इसी वजह से आज शादी-विवाह में अरबों-खरबों रुपये सोने के जेवर खरीदने में खर्च किये जा रहे हैं। शादी के मौसम में या दिवाली में या फिर अक्षय तृतीया में सोने या सोने के गहनों की जमकर खरीददारी की जाती है, क्योंकि आजकल सौगात में सोना या सोने के जेवर देने का चलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2024 में सोने की मांग में सबसे ज्यादा तेजी आई। डब्ल्यूजीसी ने 2025 के लिए जारी आउटलुक में कहा कि केंद्रीय बैंक सोने में ज्यादा निवेश कर रहे हैं और गोल्ड ईटीएफ में भी बड़ी मात्रा में निवेश किया जा रहा है, जिससे सोने की मांग में लगातार तेजी बनी हुई है। डब्ल्यूजीसी की 2024 की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के मंदिरों में 2000 से 4000 टन सोना रखा हुआ हो सकता है। भारत सोने की मांग की घरेलू आपूर्ति खुद से करने में असमर्थ है, इसलिए इसे इसके लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। वर्ष 2024 के 11 महीनों में भारत ने कुल 47 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सोना आयात किया था, जो अब तक का उच्चतम स्तर है, जबकि वर्ष 2023 में भारत ने कुल 42.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सोना आयात किया था। इसमें स्विट्ज़रलैंड से 40 प्रतिशत, यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से 16 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका से 10 प्रतिशत और शेष आस्ट्रेलिया, गिनी, पेरू आदि देशों से सोना आयात किया था। दुनिया में सबसे ज्यादा सोना चीन खरीदता है। इस समय देश में शादी का सीजन चल रहा है, जिससे आने वाले दिनों भारत में सोने की मांग में और भी इजाफा होने की संभावना है। दूसरी तरफ, मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं, विश्व के कुछ भागों में भू-राजनीतिक तनाव के बने रहने, अमेरिकी नीतियों, रुपये का डॉलर की तुलना में लगातार कमजोर होना, शेयर बाजार में हालिया गिरावट आदि कारणों से भी सोने की कीमत में निरंतर वृद्धि हो रही है।

आप का नजरीया

## हिंदी-तमिल लड़ाई

**तमिलनाडु** और उससे पहले मद्रास प्रांत में हिंदी भाषा का विरोध बहुत पुराना है। सबसे पहले ब्रिटिश भारत में 1937 में हिंदी-विरोधी आंदोलन छेड़ा गया। भारत में जब कांग्रेस की प्रथम सरकार थी, तब भी सी. राजगोपालाचारी के नेतृत्व में आंदोलन सुर्ख हुआ। बाद में पेरियार (ईवी रामासामी) और विपक्षी न्यायमूर्ति पार्टी (बाद में द्रविड़ कषगम) ने आधिकारिक भाषा के तौर पर हिंदी का विरोध किया। संविधान निर्माण के दौरान भी यह गरम बहस का मुद्दा बना रहा। जब 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ और हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा तय कर दिया गया, तो 1965 के बाद कुछ गैर-हिंदी राज्यों ने उसे स्वीकार नहीं किया। वे राज्य अंग्रेजी के ही उपयोग के पक्षधर थे और अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को लेकर दुराग्रही थे। 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने आधिकारिक भाषा हिंदी और अंग्रेजी के अनिश्चित उपयोग के मद्देनजर आधिकारिक भाषा अधिनियम में संशोधन किए। जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और द्रमुक नेता अन्नादुरई के बीच त्रि-भाषा फॉर्मूले पर संवाद तो हुआ, लेकिन हिंदी-विरोध के पूर्वाग्रह आक्रामक ही रहे। करीब 88 साल लंबा वक्त गुजर चुका है। शीर्षस्थ नेता दिवंगत होकर अतीत बन चुके हैं। अब विवाद केंद्र की मोदी सरकार और तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक सरकार तक आ पहुंचा है, लेकिन तमिलनाडु में प्रचारित किया जा रहा है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा, राजभाषा और उसके अध्ययन के लिए थोपा जा रहा है। तमिलनाडु को यह स्वीकार्य नहीं है। वोट बैंक का भी सवाल है। केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना सरीखे दक्षिणी राज्यों में हिंदी-विरोध के आंदोलन और पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम हैं। वे उग्र भी नहीं हैं। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बीच यह मुद्दा सुलगता जा रहा है। हालात टकरावपूर्ण हैं, क्योंकि 2026 में विधानसभा चुनाव भी हैं। भारत सरकार का सहज आग्रह है कि तमिलनाडु को संवैधानिक व्यवस्था को स्वीकार करना चाहिए। लड़ाई छात्रों के नाम पर लड़ी जा रही है, लेकिन उनके शैक्षिक भविष्य और बाद में कौशलपूर्ण रोजगार पर विमर्श शून्य है। केंद्र ने 'समग्र शिक्षा योजना' के तहत तमिलनाडु के हिस्से के आर्थिक संसाधन फिलहाल रोक दिए हैं। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक तमिलनाडु भारत सरकार की भाषायी व्यवस्था को स्वीकार नहीं करता। तमिल सरकार हिंदी के अध्ययन को छात्रों पर अतिरिक्त मानसिक बोझ और 'सांस्कृतिक आक्रमण' करार दे रही है, लिहाजा समग्र शिक्षा के बजट को रोकना संघीयवाद का उल्लंघन मान रही है। शायद राज्य सरकार सर्वोच्च अदालत की चौखट भी खटखटाए! हालांकि हम बजट को रोकना 'असंसदीय' मानते हैं और इसे अनधिकार चेष्टा भी करार देते हैं। इस संदर्भ में शैक्षणिक योग्यता ही मानदंड होना चाहिए। एक हालिया रपट में खुलासा किया गया है कि तमिलनाडु में सरकारी स्कूल की 5वीं कक्षा के 36 फीसदी छात्र कक्षा 2 के स्तर के पाठ्य को ही पढ़ पाते हैं, जबकि 21 फीसदी छात्र ही भाग का सवाल कर पाते हैं। ऐसे छात्रों का राष्ट्रीय औसत क्रमशः 49 फीसदी और 31 फीसदी है।

# चतरा में जनजातीय गौरव दिवस पर 27 को लगेगा रोजगार मेला

## बीडीओ ने हरी झंडा दिखा कर प्रचार वाहन किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** जिला प्रशासन एवं झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन सोसायटी (जे.एस.एल.पी.एस.) चतरा के संयुक्त तत्वावधान में 27 फरवरी को जिला मुख्यालय स्थित डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर सोमवार को सिमरिया प्रखंड कार्यालय से एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने रवाना किया। यह प्रचार वाहन सभी गांव में जाकर लोगों को रोजगार मेला में पहुंचने की जानकारी देगा। मौके पर प्रखंड समन्वयक भावेश कुमार ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेला लगेगा। मेला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर नियमित वेतन आधारित रोजगार से जोड़ना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना है। इस रोजगार मेले में देश की कई प्रमुख कंपनियां भाग लेंगी, जो युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करेगी। इच्छुक लोगों के लिए योग्यता न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष के लोग अपने साथ आधार कार्ड एवं आयु प्रमाण पत्र, उच्चतम शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र साथ लेकर आवें। जाएगा में ही तुरंत साक्षात्कार के साथ साथ रोजगार भी मुहैया करवाया जाएगा।

## लोक प्रेरणा केंद्र के तहत किशोरियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र और डिग्निटी फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किशोरियों के लिए दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन लोक प्रेरणा केंद्र के सिमरिया कार्यालय में किया गया। जिसका विषय था नेतृत्व विकास एवं व्यक्तित्व विकास जिसमें 12 गांव के 36 लीडर किशोरियों ने हिस्सा लिया। मौके पर संस्था सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सुदूरवर्ती गांव की किशोरियों के अंदर छिपी हुई कौशल को निखार के सामने लाना और उनके अंदर की नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देना ताकि वह स्वयं से जुड़े मुद्दों पर नेतृत्व ले सके और पहल कर पाए ।इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में संस्था के प्रतिमा, रानी, कविता ने अहम भूमिका निभाई।

## प्रचार प्रसार रथ को अधिकारियों व प्रतिनिधि ने दिखाई हरी झंडी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर से बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, मुखिया निर्मला देवी समेत अन्य ने सोमवार को प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रोजगार सृजन मेला का आयोजन आगामी 27 फरवरी को विकास भवन चतरा में किया गया है। रोजगार सृजन मेला के प्रचार प्रसार के लिए रथ को रवाना किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के पीआरपी सुनीता देवी, बीपीओ रामकुमार सिंह, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिन दत शर्मा, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, निर्मल दांगी समेत अन्य मौजूद थे।

## पुलिस ने दो फरार आरोपी को भेजा जेल





**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने दो अलग अलग मामले के दो फरार आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पहला गिरफ्तार आरोपी गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरटा टोला पांडेयटांड निवासी गोवर्धन भुइंया का पुत्र विजय भारती है।विजय भारती पर पोक्सो एक्ट के तहत गिद्धौर थाना में 2017 में प्राथमिकी दर्ज हुआ था। तब से फरार चल रहा था। जबकि दूसरा फरार आरोपी बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के गोई गोही गांव निवासी स्वर्गीय तिलक सिंह भोक्ता का पुत्र रौशन सिंह भोक्ता है। रौशन पर गिद्धौर थाना में 2018 में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। तब से फरार चल था था। दोनों का फरार आरोपी की गिरफ्तारी इनके घर से हुआ है। यह जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दिया।

## बागवानी सखीयों को आम बागवानी का मिला एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सोमवार को सिमरिया प्रखंड के मिशन प्रबंधन इकाई के सभागार में बागवानी सखीयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 40 बागवानी सखी उपस्थित हुई। सभी बागवानी सखी को आम बागवानी के लाभुक गांव अनुसार उनको जोड़ा गया ताकि समय-समय पर बागवानी से संबंधित गढ़ा खोदना, पैच सिलेक्शन करना, लाभुक चयन करना, टेका लगवाने, निराई, गुड़ाई करवाना, मंजर को मसलना, खर पतवार नियंत्रण करना, रोग प्रबंधन और कीट प्रबंधन इत्यादि विषयों पर पीपीटी के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में जबड़ा, बागरा , बन्हें, पगार, डाडी, एदला इत्यादि पंचायत से बागवानी सखी उपस्थित हुई। मोके पर मनरेगा विभाग से प्रशिक्षक हरेंद्र कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम भावेश कुमार, बीपीओ सुरेंद्र कुमार प्रजापति, एफटीसी रेणु देवी, एलएचसीआरपी कंचन देवी, एचबीआरपी आरती देवी, नेहा देवी, आशा देवी, डीईओ उपेंद्र कुमार रजक उपस्थित थे।

## टूर्नामेंट: रोमांचक मुकाबले में वेस्ट सिंहभूम ने सिडमेगा को छह रनों से किया पराजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में आज इंटर-डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 टूर्नामेंट में वेस्ट सिंहभूम और सिमडेगा के बीच मैच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में वेस्ट सिंहभूम ने सिमडेगा को 6 रनों से हराकर मैच अपने पाला में डाल लिया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट सिंहभूम की टीम ने 46.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 165 रन बनाए। शुभम सिंह ने 47 रन, अनीश कुमार गुप्ता ने 39 रन और ललित सिंह ने 32 रन बनाए। सिमडेगा की ओर से, संजीव शर्मा ने 4 विकेट, अविनाश कुमार पांडे ने 3 विकेट और तनिष्क शब्बीर ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिमडेगा की टीम 38 ओवर में 159 रन पर ऑल आउट हो गई। हिमांशु द्विवेदी ने सिमडेगा के लिए 70 रन बनाए। वेस्ट सिंहभूम की ओर से, तन्मय तंतुबाई ने 4 विकेट, आशीष कुमार सिंह ने 3 विकेट और अजीत कुमार सिंह ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वेस्ट सिंहभूम के तन्मय तंतुबाई को दिया गया।

## हाइवा के चपेट में युवक की मौत, हाइवा का तांडव बढ़ा

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेलगाम हाइवा का कहर इन दिनों जारी है। टंडवा-केरेडारी सिमा स्थित बुकरू मोड़ पास कोल हाईवा के चपेट में आने से एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत गई है। वहीं आक्रोषित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मुआवजे और वाहनों के विरुद्ध लगाम लगाने का बात कर रहे हैं। आपको बता दे कि नो इंट्री खुलने के बाद कोल वाहनों की तांडव बढ़ जाता है लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं। जिसके कारण उनके चपेट में कई लोग जान गवां चुके है।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बांय मोड समीप से पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा के आवेदन के अनुसार सोमवार को करवाई की गई।।थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि इचाक के महाने नदी से अवैध बालू की धुलाई धड़ल्ले से हो रहा है।सूचना के आलोक में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को बीते रविवार के देर शाम जब्त किया था।मौके पर पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया माता सबरी पुजा

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारियातु, डाढ़ा, और चुम्बा बिरबिर ग्राम मे भुइंया समाज द्वारा माता सबरी पुजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान माता सबरी, भगवान राम और माता सीता की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पुजा की गई। माता सबरी को भगवान श्री राम के प्रति अटुट भक्ति के लिए जाना जाता है. जिसने प्रभु राम के प्रतिक्षा मे कई वर्ष गुजार दिए. जब श्री राम चौदह वर्ष का वनवास काट रहे थे, तब उन्होने माता सबरी को अपना दर्शन दिए .माता सबरी प्रभु राम के सच्चे भक्त व प्रेम त्याग की प्रतिक मानी जाती है.पुजा के सफल आयोजन मे पुजा समिति के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## हाइवा से दबकर युवक की मौत, सड़क जाम, ट्रांसपोटिंग ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड स्तिथ फुलबसिया रेलवे कोयला साइडिंग में एक अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वकील गंझु उर्फ विनोद 41 वर्ष पिता स्व दशय गंझु फुलबसिया थाना बारियातु निवासी शौच के लिए रेलवे साइडिंग की ओर जा रहा था। इसी दौरान मगध कोलियरी से कोयला लादकर फुलबसिया रेलवे साइडिंग जा रहे एक अनियंत्रित हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव के साथ फुलबसिया रेलवे साइडिंग मार्ग को जाम कर दिया। जिससे सीसीएल का ट्रांसपोटिंग कार्य ठप हो गया। और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। ग्रामीण परिजनों के लिए 20 लाख रुपए मुआवजा व नौकरी की मांग कर रहे थे। वही घटना कि सूचना पाकर अमरवाडीह पिकेट पुलिस मौके पर पहुंच कर जाम को हटाने का प्रयास कर रही थी। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाउ सदस्य था। उसकी दो पुत्र एवं दो पुत्री है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## वार्ड पार्षद ने किया ब्यूटी पार्लर सह श्रृंगार स्टोर का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के वार्ड नंबर दो अंतर्गत अग्निशमन कार्यालय के समीप सुप्रिया लेडीज ब्यूटी पार्लर एवं श्रृंगार स्टोर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। उदघाटन निवर्तमान वार्ड पार्षद बलि उर्फ जितेंद्र पाठक, पुजारी त्रिभुवन पांडे और वरीय पत्रकार मनीष उपाध्याय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वार्ड पार्षद श्री पाठक ने बताया गया कि ब्यूटी पार्लर में मसाज, हेयर कटिंग, मेहंदी, थ्रेडिंग, दुल्हन सज्जा आदि का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के उद्योग से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। ब्यूटी पार्लर की संचालिका सुप्रिया पांडे ने कहा कि ग्राहकों की सेवा ही उनका एकमात्र उद्देश्य है। महिलाओं को आगे लाने के लिए एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा हैं। मौके पर चंद्रप्रकाश सिंह, राजीव मिश्रा, आशीष टैगोर, आलोक सिंह, संजय प्रजापति, राहुल पांडे, संजीत पांडे, विनोद दास, विक्रम कुमार, मनीष कुमार, रामकुमार, नीरज सिंहा, अमित पांडे, उषा देवी, पूजा देवी, आशा देवी, बाबिता देवी, एकमिना देवी, सोनी देवी, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अजआ विद्यालय में छात्रावास संकट, स्कूल भवन में रहकर पढ़ाई को मजबूर छात्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड स्थित अनुसूचित बालक जनजाति आवासीय विद्यालय में छात्रों के रहने के लिए छात्रावास की गंभीर समस्या है। विद्यालय भवन में ही रखकर छात्र पढ़ाई करने को मजबूर है। जितने भी पुराने छात्रावास थे सभी जर्जर हो चुके है। नये छात्रावास में अभी तक छात्रों को नहीं भेजा गया है। विद्यालय भवन में कुछ छात्र रहते है बाकि छात्र दूसरे छात्रावास में रहते है। छात्रावास में समुचित व्यवस्था की भारी कमी है। आग से बचाव को लेकर कोई व्यवस्था विद्यालय प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य ने बताया की नये छात्रावास बनकर तैयार है। मार्च माह में सभी को छात्रावास में भेज दिया जाएगा।

# छात्रावास में लगी आग, बच्चे परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत अनूसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय छिपादोहर के छात्रावास के एक कमरे में सोमवार को सुबह अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी जिससे बच्चों का कोई बड़ा नूकसान नहीं हुआ हालांकि बच्चों के बेडरूम में पड़े बेड कंबल बॉक्स किताबें वगैरह जल कर राख हो गये। घटना की सूचना पर छिपादोहर थाना स्थानीय मुखिया व प्रधानाचार्य के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। वहीं आग लगने की सूचना मिलने के बाद अंचलाधिकारी मनोज कुमार व प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज मौके पर तत्काल पहुंचे और घटना का जायजा लिया। मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कमरे में आग शॉर्ट सर्किट से ही लगा है या कोई और कारण है पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्कूल के बच्चे क्लास में थे जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। उन्होंने बताया कि इसकी भारपाई के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीसी के अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य, सहकारिता, मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग, सहकारिता, मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने उपरोक्त विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना जैसे बीज विनिमय एवं वितरण की योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, पशुधन, मत्स्य में डीएमएफटी के तहत चल रही योजना की स्तिथि, केज कल्चर की स्तिथि व प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध केसीसी का पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा शत- प्रतिशत योग्य किसानों को मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना का लाभप्रदान करने का निर्देश दिया। पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच पशु वितरण सुनिश्चित करने तथा अन्य लंबित आवेदनों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित कर सभी योग्य किसान को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने मत्स्य पदाधिकारी से केज कल्चर और डीएमएफटी के तहत चल रही योजनाओं के स्तिथि की जानकारी लेते हुए मधुआरों को रोजगार से जोड़ने के लिए केज कल्चर को बढ़ावा देने की बात कही। सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में लैंप्सो की संख्या, गत माह तक निबंधित समितियों की संख्या, सौर ऊर्जा / विद्युत ऊर्जा चालित कोल्ड रूम की स्थिति समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक मे जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला गव्य विकास पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# अंचलाधिकारी ने अवैध बांग्ला ईटा भट्ठा संचालको को भेजा नोटिस, शिकंजा कसने की तैयारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कई अवैध बांग्ला ईटा भट्ठा संचालित होते हैं, जिस संदर्भ में विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के द्वारा मुहिम चलाते हुए तकरीबन 15 बांग्ला ईटा भट्ठा के संचालकों को नोटिस जारी कर कई सवाल के जवाब मांगे गए हैं। 20 फरवरी को अंचल अधिकारी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करने के उपरांत 21 फरवरी को नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध भट्ठों से कई समान भी जब्त किए गए। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सैकड़ों से भी ज्यादा की संख्या में छोटे-बड़े अवैध ईटा भट्ठा का संचालन किया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इन सभी अवैध ईटा भट्ठों का संचालन अवैध कोयले का इस्तेमाल कर किया जाता है। हालांकि विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोई भी कोयले का खदान नहीं होने के बावजूद यह प्रखंड कोयले के अवैध कारोबार को लेकर लंबे अरसों से सुर्खियों में रहा है। समय दर समय पुलिस बल के द्वारा अवैध कोयले के कारोबार को रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई, लेकिन उच्च स्तरीय संरक्षण प्राप्त होने की वजह से अब तक कोयला माफियाओं पर पूर्णतः नकेल कसने में असफलता ही मिली है। विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर जवाब तलब करते हुए मसलन खनन अनुज्ञप्ति, पर्यावरण प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र, भट्ठा में कार्यरत मजदूरों का विवरण, जिस भूमि से मिट्टी का उठाव होता है उसका विवरण, कोयला भंडारण की भूमि का विवरण तथा जिन जमीनों पर भट्ठा लगाया जाता उसके राजस्व कागजात की मांग की गई है। जवाब एवं दस्तावेजों को जमा करने के लिए संचालकों को एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। इस बात से नकारा भी नहीं जा सकता कि अंचल अधिकारी द्वारा उक्त कार्रवाई किए जाने के बाद अवैध कोयला कारोबारी सकते में आ गए हैं। सूत्र की माने तो सीओ द्वारा कार्रवाई की जानकारी मिलते ही एक राजनैतिक नेता जी ने पैरवीकार बन कार्रवाई को दबाने के उद्देश्य से सीओ को फोन भी घुमा डाला और जब्त सामान की वापसी की सलाह दी। अवैध कारोबारियों को मिल रहे संरक्षण का यह एक प्रमाण है।

# जंगल बचाओ अभियान के तहत गाल्होबार में बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार पंचायत के सपमरवा तिलैया में रविवार को जंगल बचाओ जागरूकता अभियान को लेकर मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने एक आवश्यक बैठक की। बैठक के बाद जंगल बचाओ जागरूकता अभियान के संदर्भ में ढोल-नगाड़े के साथ महिला- पुरुष ग्रामीणों ने रैली निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा मुनादी की गई कि जंगल में वृक्षों को काटना सख्त मना है, जंगल में आग तो बिल्कुल लगाना ही नहीं है, क्योंकि जंगल में पेड़-पौधे एवं रहने वाले कई जीव-जंतुओं पर असर पड़ता हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा ने कहा कि वृक्षों की कटाई से पर्यावरण में कई तरह के नकारात्मक असर पड़ते हैं, जो सीधे हमारे जीवन को प्रभावित कर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि प्रतिदिन हो रही वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से वाष्पीकरण कम हो गया है, जिससे वर्षा कम होती है। अगर वृक्षों की कटाई पर रोक नहीं लगा तो मिट्टी का अपरदन बढ़ जाएगा, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जायेगा और हमारे जीवन को प्रभावित करेगा। जिसका सीधे असर हमारे जीव- जंतुओं पर पड़ेगा। वृक्ष अपनी जड़ों से मिट्टी को बांधकर रखते है, इससे मिट्टी का कटाव कम होता है साथ ही वृक्ष मिट्टी को उपजाऊ बनाता है। इसलिए वृक्षों की कटाई पर रोक लगाना है, जिसका सभी ग्रामीणों ने एक साथ संकल्प लिया। मौके पर रामजी किस्कू, टीपन साव, कन्हाई महतो, कार्तिक तुरी, लालचंद मांझी, लच्छू मांझी, करमा मांझी, सरयु तुरी, इंदाराम महतो, बुंदिया देवी, शांति टुडू, जेठू महतो, बहराम मांझी, संतोष मांझी, मंटू मांझी कांति देवी, सुनील मांझी, खेमनारायण मांझी, कैला तुरी, सोखा मांझी समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

# माता सबरी की जयंती पर जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा केरेडारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** भुइंया समाज केरेडारी के तत्वावधान में कौलेश्वरी बागी में माता सबरी जयंती मनाई गई। उसके बाद डैम होकर पुनः पूजा स्थल पहुँची, कलश यात्रा में जय श्री राम,हर हर महादेव के नारे लगाए जा रहे थे।इसके ततपश्चात जयंती की शुरुआत की गई।जयंती समारोह में एक एक महिला पुरुष माता सबरी के चित्र में माल्यार्पण किया।मौके पर उपस्थित आजसु प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज साहा, भाजपा मंडल महामंत्री नरेश कुमार महतो,बैजनाथ महतो ने संयुक्त रूप से माता सबरी के जीवन काल पर विस्तार से चर्चा किया कहा कि माता सबरी के श्रद्धा को देखते हुए भगवान राम ने सबरी के जूठन बैर खाये थे,इन बातों से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मनु कुमार ने किया।जबकि संचालन सचिव बलराज भुइयां ने किया।मौके पर गुडन भुइयाँ, कमलेश भुइयां, सुरेश भुइयां, कैला भुईयां, तेतर भुईयां, बहादुर भुईयां, बिजय भुईयां, प्रकाश भुइयाँ, संतोष भुईयां, रोहित भुईयां,सागर भुईयां, महाबीर भुईयां समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# बड़कागांव में धूमधाम से मनाई गई माता शबरी की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अखिल भारतीय भुईया समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में बरवाडीह भोक्ता स्थान में राम जानकी मंदिर में धूमधाम से माता सबरी जयंती मनाई गई। इस दौरान माता शबरी, भगवान श्री रामचंद्र, भाई लक्ष्मण की जीवंत झांकी निकाली गई तथा नगर भ्रमण कराकर लोगों के बीच प्रेम का संदेश देने का प्रयास किया गया। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख फुलवा देवी ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन महावीर राम ने किया।मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी, पूर्व मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ महतो, पंसस उपेंद्र महतो, प्रभु राम, हेमंत भुइयां, गया से सुरजनदेव ऋषि, विपिन कुमार उपस्थित हुए। बरवाडीह भोक्ता स्थान राम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को प्रमुख फुलवा देवी ने अपने संबोधन में कहा कि माता शबरी और भगवान श्री रामचंद्र के बीच का संबंध प्रेम का संदेश देता है। भगवान श्री रामचंद्र जी ने माता शबरी के झूठे बेर खाए थे। वही झूठे बेर के गुठली संजीवनी बूटी के रूप में लक्ष्मण के जान बचाए थे। हमें किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव जात-पात नहीं करना चाहिए। सभी के प्रति आपसी प्रेम भाई चारगी बनाए रखना चाहिए। माता शबरी प्रेम और तपस्या की प्रतिमूर्ति थी। सुनीता देवी ने कहा आप सभी भुईयां समाज लोग माता शबरी के संतान के रूप में जाने जाते है। एल शिक्षा पर ध्यान नहीं देने के कारण आप लोग बहुत ज्यादा पिछड़े हुए हैं। आगे बढ़ना है तो शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। वहीं बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का खूब मन मोहा। कपिल म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा एक से एक माता शबरी का भक्ति गाना प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, सचिव शंकर भुईयां, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष शारदा ऋषि, खेमलाल भुईयां, गिरजा भुईयां, रामचंद्र भुईयां ,रामवृक्ष राम, गणेश भुईया, गुलाब भुईयां, अशोक राम, वार्ड सदस्य फूलचंद भुईयां, सविता देवी ,संतोष भुईयां, मोहन भुईयां ,आलोक भुईयां, विजय भुईयां ,सरोज भुईयां ,मोती भुईयां, सोमर भुईयां के अलावा प्रखंड के कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# सोना–सोबरन योजना के तहत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने धोती, साड़ी, लुंगी का किया वितरण



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठियां गांव में जितेन्द्र कुमार उर्फ मंटू यादव के यहां जनवितरण प्रणाली केंद्र पर सोनाङ्कसोबरन योजना के तहत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, वॉर्ड सदस्या प्रतिनिधि सुरेश पंडित ने संयुक्त रूप से कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया। इस दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथङ्कसाथ अनुदानित दर पर सोनाङ्कसोबरन योजना साड़ी, लुंगी,धोती योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका लाभ कार्डधारियों को मिल रहा है। मात्र 10-10 रुपए में धोती, साड़ी व लूंगी प्रदान किया जा रहा। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, वॉर्ड प्रतिनिधि सुरेश पंडित, जितेन्द्र यादव उर्फ मंटू यादव, अशोक यादव, संतोष यादव, उमेश यादव, योगेन्द्र यादव, सुमित्रा देवी, मोहम्मद अनवर अंसारी, यशोदा देवी, नागेश्वरी देवी, शोभा देवी, मंजू देवी, भतनी देवी, मुलिया देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी, बिमल किशोर यादव, कामेश्वरी देवी, विनोद राणा, कर्मी देवी, शकुन्तला देवी, जसिया देवी, बिरजू राणा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विभावि के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष से मिला झारखंड छात्र मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड छात्र मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल यूसेट में व्याप्त समस्याओं को लेकर डी.एस.डब्लू से मुलाक़ात की। प्रतिनिधि मंडल ने यूसेट में कई विषयों के शिक्षक नहीं होने,विषयों में मशीनों का कार्य ना करना,भवनों की जर्जर स्थिति,छात्र,छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा,कक्षाएं और प्रयोगसाला सुचारू रूप से संचालित हो,खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमित हों,समय पर परीक्षाएं आयोजित हों,प्लेसमेंट सेल आयोजित होने और समय पर कौसन मानी वापस करने जैसी समस्याओं पर चर्चा की। सभी समस्याओं को सुनने के बाद डी.एस.डब्लू ने यूसेट के प्राचार्य और विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों से वार्ता कर तत्काल मामले पर कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर मौजूद झारखंड छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष लड्डू यादव ने कहा कि अगर पंद्रह दिनों के भीतर इन सारे मामलों कारवाई नहीं की गई तो आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जाएगी और इसकी सारी जवाबदेही विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।मौके पर मुख्य रूप से मौजूद थे चंदन सिंह,लड्डू यादव,सुनील मेहता,अनिल मेहता,साजन मेहता,अभिषेक आनंद,करण कुमार दास,रौशन यादव,जानवी सिंह,आर्य गौतम,गोलू यादव,ऋषभ राज,पाकी कुमारी के साथ दर्जनों छात्र मौजूद थे।

# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तहत जल जीवन मिशन की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहणालय सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) एवं जल जीवन मिशन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग जिले को पेयजलापूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर करना था। जल जीवन मिशन अंतर्गत छ्छ्छरू स्भ्ठ्ठह्लश्हह्ठ्ठद ष्ट्ठ्ठह्यद्य बनाने के लिए द्वारा निर्देशित किया गया। साथ ही गृष्म ऋतु के लिए चापाकल एवं जलमीनार का सर्वे कर दुरूस्त करने का भी निदेश दिया गया, ताकि गृष्म ऋतु में पेयजल की समस्या दूर की जा सके। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) अंतर्गत विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों को निर्धारित समय सीमा में कार्यो को पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। योजनाओं के वर्तमान कार्यो, उनकी प्रगति मेंआ रही चुनौतियों एवं समाधान के उपायों पर चर्चा की। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने जल आपूर्ति परियोजनाओं की स्थिति पर विशेष जोर दिया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि स्वच्छता मिशन के तहत बनाए गए शौचालयों की स्थिति की नियमित जांच की जाए और जो भी कमियां हैं, उन्हें शीघ्र सुधार किया जाए। उक्त बैठक सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग तथा सभी जिला समन्वयक उपस्थित थे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ताओं का एक दिवसीय धरना आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** केंद्र सरकार के द्वारा लाया जाने वाला अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ता संघ हजारीबाग का एकदिवसीय धरना व हड़ताल मंगलवार को किया जाएगा। उक्त निर्णय सोमवार को आहूत बार संघ के लाइब्रेरी हॉल में आम सभा की हुई एक बैठक में ली गई । अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजकुमार राजू ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता का हनन करने वाला है ।इस बिल में बहुत सी खामियां हैं जिसे केंद्र सरकार को सुधारना होगा। जिसको लेकर मंगलवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर रहेंगे।उन्होंने कहा कि बार कॉन्सिल ऑफ इंडिया में केंद्र सरकार की ओर से तीन सदस्य नामित होंगे जो कि काउंसिल को नियंत्रित करेंगे। सचिव सुमन कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के कार्य में कोई हस्तक्षेप ना करें केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के लिए कोई भी लाभकारी योजना नहीं चल रही है। साथ ही ना ही कोई अधिवक्ताओं को वेतन देती है।उन्होंने कहा कि धरना के दौरान बिल की एक प्रति जलाई जाएगी साथ ही एक ज्ञापन उपयुक्त को दी जाएगी।मौके पर उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सहसचिव कुणाल कुमार, दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष भारत कुमार, कार्यकारिणी सदस्य भैया सुमित कुमार सिंहा, शिवदत्त पांडे , विभव कुमार, चंद्रिका प्रसाद, डॉक्टर चंदन कुमार ,सतीश सिंह,गौतम चक्रवर्ती ,स्वरूप चंद जैन, संजय कुमार, रीना वर्मा, अमित प्रकाश, बैजनाथ मिश्रा ,मनीष भारद्वाज ,संतोष कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे

# प्रयागराज जा रही बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, 30 यात्री घायल



**चौपारण (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र में महाकुंभ के लिए कोलकाता से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा सियरकोनी के पास पीके इंटरनेशनल होटल के नजदीक हुआ। हादसे में 30 के करीब यात्री घायल हुए हैं। इनमें से दो की स्थिति गंभीर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क किनारे प्याज लदा एक ट्रक खड़ा था। पीछे से आ रही यात्री बस इस ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।एनएचएआई के एम्बुलेंस से सभी घायलों को चौपारण सरकारी अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार मामूली रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों का इलाज जारी है। सभी यात्री खतरे से बाहर हैं।

# एनएमएल पकरी बरवाडीह के द्वारा स्थानीय पत्रकारों के लिए चार दिवसीय यात्रा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने स्थानीय पत्रकारों के साथ अपने रिश्तों को ओर प्रगाढ़ करते हुए चार दिवसीय यात्रा का आयोजन किया। स्थानीय पत्रकारों की टीम को उनके परिवार जनों के साथ सर्व प्रथम कुंभनगरी प्रयागराज ले जाया गया जहाँ पर सभी पत्रकार बंधुओं ने अपने प्रियजनों के साथ पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। कुंभ में स्नान के पश्चात सभी माँ विंध्यवासिनी की नगरी विध्यांचल पहुँचे जहाँ पर सभी ने माता का दर्शन किया। यात्रा के तीसरे दिन सभी सांस्कृतिक धरोहर और अध्यात्म की नगरी काशी पहुँचे जहाँ पर इस पौराणिक शहर का सभी ने भ्रमण के साथ साथ ऐतिहासिक मंदिरों का दर्शन भी किया। बनारस पहुँचते ही पत्रकार बंधु घाटों की ओर बढ़े और अस्सी घाट से शुरू हुआ सिलसिला मणिकर्णिका तक जा पहुँचा जहाँ उन्होंने जीवन के अंतिम सत्य को देखा। प्रयाग,विंध्याचल, वाराणसी के प्रवास के बाद पूरी टीम अपने घरों के लिए रवाना हुई जहां अपने घर से नज़दीक पडने वाली माँ भद्रकाली मंदिर का भी दर्शन पूजन किया। इस पूरी यात्रा ने सभी के चेहरों पर अध्यात्म, उत्साह और उमंग लौटाई है। सभी ने इस यात्रा के लिए पकरी बरवाडीह प्रबंधन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि इस टूर से हमने कई सारी यादें, कई लम्हें बटोरी हैं जो आने वाले दिनों में हमारी चेहरों पर मुस्कान लाने की वजह बनेगी।

# चौपारण में धूमधाम से मनाया गया मां शबरी महोत्सव



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चौपारण प्रखंड के जोकट गांव में मां शबरी महोत्सव का आयोजन पूरे धूमधाम से किया गया। हर साल की तरह इस वर्ष भी यह महोत्सव तीसरे संस्करण के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं माथे पर कलश लेकर जोकट से चौपारण शिव मंदिर तक पहुंचीं।महोत्सव में समिति के अध्यक्ष आजाद भूईया, सचिव दिगंबर भूईया और अन्य सदस्यों ने श्रद्धालुओं के साथ मां शबरी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस दौरान विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, संस्थापक सदस्य जमुना यादव, आशीष सिंह, आकाश भारती, सौरभ सिंह, मनीष यादव और करू यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।विशेष रूप से, अयोध्या से पधारे रामजी शास्त्री जी के नेतृत्व में सभी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और बरही विधानसभा में सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, और पूरा माहौल भक्ति भाव से सराबोर रहा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
**e-mail ID eedwsd.Gumla@gmail.com**

**अति अल्प कालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 17/2024–25**

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 01/03/2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 07/03/2025 को 05.00 बजे अपराह्न तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (Online) जमा करने की तिथि एवं समय – 07/03/2025 को 05.00 बजे अपराह्न तक
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 08/03/2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे के बाद।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियन्ता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7739802331
9. ई प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7739802331
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला अन्तर्गत चापाकलों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य हेतु यथा आवश्यक 125x115 मि0 मि0 व्यास के हैण्ड पम्प I.M.–II के लिए अद्यतन संशोधित आई0 एस0 – 15500 (पार्ट–1–7)/2004 के अनुसार स्पेयर पार्टस की आपूर्ति वर्ष 2024–25 | 50,02,000.00 | 1,00,100.00 | 10,000.00 | 31.03.2025 |

नोट : 1. निविदा के नियम एवं शर्तें आदि झारखण्ड सरकार के वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 347133 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 126/24–25.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 04/03/2025 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 05/03/2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 05/03/2025 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची, / विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सेठ सीताराम स्कूल डोरण्डा, रॉंची स्थित आवास सं0 A22, अरगोडा चौक, रॉंची स्थित BCD-1 में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति एवं बदलीकरण का कार्य। | 2,79,799=00 | 750=00 | 6,000=00 | 21 दिन |
| 2. | सूचना भवन, रॉंची मे अधिष्ठापित 02 अदद् 10 person capacity लिफ्ट (Make-Kone) के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 4,44,047=00 | 750=00 | 9,000=00 | एक वर्ष |
| 3. | व्यवहार न्यायालय, रॉंची के सी0सी0टी0वी0 रूम में 02 अदद् 2.0 टन क्षमता के स्पलीट वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 1,90,084=00 | 500=00 | 4,000=00 | 21 दिन |
| 4. | धुर्वा, रॉंची स्थित विधायक आवास, गेस्ट हाउस एवं विभिन्न एम0एल0ए0 आवास, मंत्री आवास में अधिष्ठापित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 8,14,355=00 | 1250=00 | 17,000=00 | एक वर्ष |
| 5. | स्टेट गेस्ट हाउस, मोरहाबादी, रॉंची में स्थित 1 अदद् लिफ्ट के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 3,89,719=00 | 750=00 | 8,000=00 | तीन वर्ष |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 347126 Energy(24-25)#D

# आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# कोल इंडिया इंटर खेलकूद प्रतियोगिता में सीसीएल कि टीम ने 4 स्वर्ण, 5 रजत, 8 कांस्य पदक हासिल किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** कुठगुंडम तेलंगाना में दो दिवसीय 22 फरवरी से 23 फरवरी तक कोल इंडिया इंटर कंपनी खेलकूद प्रतियोगिता में सीसीएल की टीम ने 4 स्वर्ण पदक 5 रजत पदक,8 कांस्य पदक के साथ पुरुष वर्ग में ओवरऑल उप विजेता एवं पूरे प्रतियोगियों में ओवरऑल उप विजेता का खिताब अपने नाम हासिल किया। वहीं इस जीत के मौके पर उरीमारी परियोजना के परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार,खान प्रबंधक पी के सेनगुप्ता,कार्मिक प्रबंधक राजीव वर्मा,गणेश राम आदि लोगों ने टिम को जीत की बधाई दी है। वहीं उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि सीसीएल की टीम तेलंगाना में जाकर जीतकर वापस आना ये बहुत बड़ी बात है। वहीं इस जीत में बरका सयाल का काफी अहम योगदान रहा,टीम का हिस्सा रहे एरिया एवं उरीमारी परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों को बहुत बहुत धन्यवाद देता हु जो कंपनी का नाम और झंडा ऊंचा करने में अपना योगदान दिए है वहीं उन्होंने साथ ही साथ टिम कोच मिस मेरी,टिम मैनेजर अजय कुमार सभी धन्यवाद के पात्र है जो टिम की प्रतिभा निखारने में अपना अहम योगदान दिए है। वहीं दूसरी ओर कोल इंडिया स्तर पर सीसीएल का एक अलग पहचान बन चुका है जिसमें शामिल सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हुं। वहीं बधाई देने वालों में उरीमारी परियोजना के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी कोयला लदी ट्रक, कोई हताहत नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के चेकपोस्ट स्थित एटक कार्यालय के समीप रविवार देर रात करीब दस बजे कोयला लदी एक हाइवा जेएच 02 एके 5014 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। वहीं ड्राइवर ने अपनी सुझ-बुझ दिखाते हुए ड्रक से कुद कर जान बचाई। वहीं बताया जाता है कि उक्त ट्रक कोयला लोडकर सौदा बी साइडिंग जा रहा था। तभी सीपीआई आफिस के समीप बने गढ़े में ट्रंक अनियंत्रित होकर पलट गई। वहीं देर रात ही पेलोडर के माध्यम से गिरा हुआ कोयला उक्त ट्रक में लोड किया गया।

# माता शबरी जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ अरगड्डा झारखंड भुईयां समाज विकास समिति द्वारा अरगड्डा स्थित सामुदायिक भवन परिसर में माता शबरी जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो बासुदेव राम नन्दुवीर राम तेज नारायण राम व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता रंधीर गुप्ता शामिल हुए।समारोह में माता शबरी की जीवन गाथा, उनके समाज के प्रति योगदान और आध्यात्मिक विचारों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने माता शबरी के आदर्शों को अपनाने और समाज में समरसता व समानता लाने पर जोर दिया।मुख्य अतिथि बजरंग महतो ने अपने संबोधन में कहा कि माता शबरी न सिर्फ श्रद्धा और भक्ति की प्रतीक थीं, बल्कि उन्होंने सामाजिक समरसता और समानता का भी एक नया अध्याय लिखा। उन्होंने भगवान श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति के साथ-साथ जाति-पाति से ऊपर उठकर मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा।उन्होंने कहा कि माता शबरी का जीवन यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति, समर्पण और सेवा से ईश्वर की प्राप्ति संभव है। उन्होंने समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से वंचित और शोषित समुदायों को जागरूक होकर शिक्षा और आत्मनिर्भरता की राह अपनाने का संदेश दिया।बजरंग महतो ने कहा कि आज समाज को माता शबरी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है, ताकि सामाजिक भेदभाव मिटाकर हम एक समतामूलक समाज का निर्माण कर सकें। उन्होंने झारखंड भुईयां समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों और हक की लड़ाई को आगे बढ़ाने की अपील की।उन्होंने आगे कहा कि सरकार और समाज को मिलकर भुईयां समाज के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास के अवसर प्रदान कर ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। माता शबरी का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी आत्मसम्मान और स्वाभिमान बनाए रखना चाहिए।इस अवसर पर झारखंड भुईयां समाज विकास समिति के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई और समाज के उन्नति के लिए विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। मौके पर पार्षद गोपाल मुंडा आजाद भुईयां गोविंद राम गरीब भुईयां अनिल राम सागर कुमार मोहन भुईयां सुषमा देवी

## दाखिल खारिज एवं परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त के निर्देश पर कल विशेष शिविर का होगा आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर कल दिनांक 25 फरवरी 2025 को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अंचलों में दाखिल खारिज एवं परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर से वरीय पदाधिकारियों अंचलवार प्रतिनियुक्त किया गया है जिनके द्वारा शिविर का अनुश्रवण किया जाएगा। शिविर के तहत पतरातू अंचल के लिए अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजलि, चितरपुर अंचल के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार रामगढ़ अंचल के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह, दुलमी अंचल के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी एवं गोला अंचल के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता रामगढ़ प्रियंका दीप्ति कुजूर को प्रतिनियुक्त किया गया है।

# मेला हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के साथ स्थानीय व्यवसाय को भी बढ़ावा देगा बजरंग महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** युवा एकता ट्रस्ट के तत्वावधान में रामगढ़ फुटबॉल मैदान में हस्तशिल्प मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन कांग्रेस के पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो विशिष्ट अतिथि संजय साव दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश रौनक हैल्मेट मनोज कोटवार ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। मेला 12 मार्च 2025 तक चलेगा और प्रतिदिन सुबह 11ः00 बजे से रात 9ः00 बजे तक जारी रहेगा। मुख्य अतिथि बजरंग महतो ने अपने संबोधन में कहा कि यह मेला स्थानीय कारीगरों और देशभर से आए शिल्पकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने और आर्थिक रूप से सशक्त होने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा, ÷झारखंड की मिट्टी में कला और संस्कृति की गहरी जड़ें हैं। यह मेला हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्थानीय व्यवसाय को भी बढ़ावा देगा।÷उन्होंने आगे कहा कि सरकार हस्तशिल्प कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है। ऐसे मेलों के माध्यम से न केवल पारंपरिक कला को संरक्षित किया जा सकता है, बल्कि युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित भी किया जा सकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करें।

**मेले की विशेषताएँ**

इस मेले में भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 1000 शिल्पकार अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं। इनमें विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के भदोही का विश्व प्रसिद्ध कालीन, लखनऊ की चिकनकारी और जयपुर की ज्वेलरी एवं अन्य हस्तशिल्प उत्पाद शामिल हैं।आयोजन समिति के अध्यक्ष सला उद्दीन कमर ने बताया कि रामगढ़ वासियों के लंबे इंतजार के बाद यह मेला आयोजित किया गया है। मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले, वॉटर वोट, जंपिंग और मिठाई माउथ जैसे आकर्षण शामिल किए गए हैंसंयोजक मुकेश गिरि ने बताया कि मेले में खानपान के विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिसमें मुंबई का पनीर टिक्की चाट, पाव भाजी और आइसक्रीम सहित अन्य स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हैं।सह-संयोजक मनात परवेज ने जानकारी दी कि आयोजन स्थल पर आगंतुकों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के स्टॉल और विश्राम स्थल बनाए गए हैं। इस भव्य आयोजन में अजीत भागोदिया का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

# आदिवासी उराँव(कुड़ख़र) मिलन समारोह रेलीगड़ा दो तल्ला मैदान में किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आदिवासी उराँव(कुड़खर) मिलन समारोह रेलीगड़ा दो तल्ला मैदान में किया गया द्य अरगड्डा क्षेत्र से सभी सामाजिक अगुवा साथी गनो वग मुख्य रूप से सामाजिक गती विधी को प्रकाश डाला गयाद्य तथा उच्च शिक्षा को और ध्यान करने व शादी विवाह ,मुंडन,मरनी, कंबेधी सब प्रकाश डाला गयाद्य सरना कोड को सभी अतिथियों ने विशेष प्रकाश डाला गयाद्य जल , जंगल व जमीन बचाने की जरूरत हैद्य मौके पर सुदेश उरांव,बिगू उरांव, तेतरा उरांव, सुरेश उरांव , बंटी उरांव, राजू उरांव ,दीपक उरांव, बेचन उरांव,रतु उरांव,निशा कमांडो उरांव,काली उरांव, अकाश उरांव, पवन उरांव, अजय उरांव, गोपाल उरांव, दिनेश उरांव, अमर उरांव, सरलू उरांव, संचो उरांव, आदित्य उरांव, सुबाश उरांव, राजेंद्र उरांव, निशा निखिल उरांव, शशि उरांव, रजत उरांव आदि कोई महिला पुरुषों शामिल थे।

# दो दिवसीय सम्मेलन में पवन इंटरप्राइजेज को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** जॉनसन टाइल्स का 67 साल पूरा होने के उपलक्ष्य पर पश्चिम बंगाल के कोला घाट स्थित होटल सोनार बांगला में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जॉनसन टाइल्स बिजनेस के प्रेसिडेंट अभिषेक जैन, वाइस प्रेसिडेंट पियूष व्यास, वाइस प्रेसिडेंट जयंत भागवत, वाइस प्रेसिडेंट आशित नंदा शामिल हुए. अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रोप्राइटरों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया. सम्मेलन में झारखंड और बिहार राज्य के जॉनसन टाइल्स से जुड़े सैकड़ों प्रोपराइटर शामिल हुए. इस दौरान अतिथियों ने जॉनसन टाइल्स के 67 वर्षों का यात्रा की विस्तृत जानकारी दी. प्रेसिडेंट श्री जैन ने कहा कि अपनी गुणवत्ता और टिकाऊ के कारण जॉनसन टाइल्स लोगों की पहली पसंद है. जिस कारण जॉनसन का नाम टाइल्स जगत के शीर्ष पर है. उन्होंने झारखंड और बिहार के प्रोपराइटरों को व्यवसाय बढ़ाने एवं जॉनसन टाइल्स के प्रति अपने ग्राहकों के विश्वास जीतने को लेकर कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए. इस दौरान टाइल्स व्यवसाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर चितरपुर के पवन इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर पवन कुमार को सम्मानित किया गया. रंगारंग कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड, बिहार और नेपाल हेड सैफुर रहमान, अभिनव त्रिपाठी, लोकेश सिंह का सराहनीय योगदान रहा. कार्यक्रम में झारखंड हेड नवीन कुमार, सौरभ सिंह, निखिल राज के अलावा सौरभ शेखर, अक्षत जैन, आनंद चौधरी सहित कंपनी के 200 पार्टनर मौजूद थे.

# छुपाकर रखे गए कोयला को किया गया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले के सीसीएल सुरक्षा विभाग के द्वारा कोलियरी सिरका नया कोयला स्टॉक के आसपास अभियान चलाकर छुपाकर रखे गए करीब 11 टन कोयला को जब्त किया गया है, जिसे ट्रक में रखवाकर बंद सीएचपी सिरका कोयला स्टॉक में जमा करवाया गया है। अभियान में सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, इंस्पेक्टर सह प्रभारी सिरका राजू राम, हवलदार सिरका गंगा राम, हवलदार जीएम ऑफिस भैया लाल, होपना मरांडी, प्रहरी आकाश, लीलामण समेत कई उपस्थित थे।

# भाजपा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी, चितरपुर की घटना पूरी तरह निंदनीय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला के चितरपुर मे पिछले दिनों एक विशेष समुदाय के युवक के द्वारा हिंदू समाज की युवती को भगाने का मामला तूल पकड़ लिया है। सोमवार को रामगढ़ जिला भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह , रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा के नेताओं ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। सांसद प्रतिनिधि ने सर्वप्रथम पीड़ित परिजन के घर पहुंचे और युवती के अभिभावकों से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान नेताओ ने पीड़ित परिजन को विश्वास दिलाया कि आपके हर समस्या को भाजपा गंभीरता से ले रही है, जल्फ ही इस मामले को लोकसभा में उठाया जाएगा। साथ ही झारखंड विधानसभा के सत्र में भी इस मामले को गंभीरता से रखा जाएगा। थाना प्रभारी से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने रजरप्पा थाना पहुंचकर रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली।

**प्रशासन मामले को गंभीरता से नही ले रही : राजीव जायसवाल**

हजारीबाग लोकसभा के रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। प्रशासन एक विशेष समुदाय को मदद करने का काम कर रही है ।भाजपा इस मामले को पूरे गंभीरता से ले रही है और जल्द ही पूरे झारखंड में आंदोलन करेगी। इससे पूर्व भाजपा नेताओं ने इस घटना के कड़े शब्दों में निंदा की इस अवसर भाजपा के जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, वरिष्ठ नेता रंजीत पांडेय,जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, जिला मंत्री अनमोल सिंह, खिरोधर साहू, पुरुषोत्तम पांडेय, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह, शोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, राकेश सिन्हा, ब्रजेश पाठक, मिथलेश मंडल, चितरपुर मंडल महामंत्री पीएन सिंह, प्रकाश स्वर्णकार, अनिल प्रसाद, पूर्व प्रमुख चंदन स्वर्णकार, महेंद्र प्रसाद, बिक्की महतो, सत्यजीत सिंह, कुणाल दास, सोनू सोनी, सहित भारी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित थे।

## आईआईटी आईएसएम द्वारा किसानों के लिए एक दिवसीय उपचार कार्यशाला आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग ने प्रो. रश्मि सिंह के नेतृत्व में सोमवार को जमताड़ा जिले के कर्माटांड प्रखंड में किसानों के लिए एक दिवसीय उपचार कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों द्वारा सामना की जाने वाली कृषि समस्याओं, विशेष रूप से मिट्टी की सेहत और पौधों की बीमारियों के प्रबंधन पर ध्यान देना था। यह कार्यशाला झारखंड राज्य के जमताड़ा जिले में खेल सिद्धांत और संचालन अनुसंधान तकनीकों के उपयोग से अनुसूचित जनजाति समुदायों की आर्थिक स्थिति सुधारने नामक परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। इस पहल के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को कृषि से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। किसानों को गहरी जानकारी देने के लिए, परियोजना की प्रमुख अन्वेषक प्रो. रश्मि सिंह ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से दो प्रमुख वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया। डॉ. अरविंद कुमार, जो एक प्रसिद्ध मिट्टी विशेषज्ञ हैं, ने मिट्टी की सेहत और उसकी उर्वरता बढ़ाने की प्रभावी रणनीतियों पर एक उपयोगी सत्र लिया। साथ ही डॉ. एम.के. बर्नवाल जो पौध रोग विशेषज्ञ हैं, ने प्रमुख पौध रोगों और उनके समाधान पर चर्चा की, जिससे किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा और उत्पादन में सुधार करने की महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस कार्यशाला में आईआईटी आईएसएम धनबाद के शोधकर्ता दीप चौधरी, पवन कुमार, निलेश कुमार, सन्नी, आनंद चंद्र साहू और सुमना बनर्जी ने भी भाग लिया।

## जागृत मंदिर मे महाशिवरात्रि की भव्य तैयारी, भक्तों में उत्साह




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को भव्य रूप से मनाने के लिए जागृत मंदिर चिरागोडा में तैयारियाँ जोरों पर हैं। मंदिर कमिटी एवं श्रद्धालु मिलकर इस शुभ अवसर को यादगार बनाने में जुटे हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रोशनी और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया जा रहा है। विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन की योजनाएँ बनाई गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जल, प्रसाद एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। मंदिर के सह सचिव बिल्लू गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष विशेष महा आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु भाग लेंगे। साथ ही, धार्मिक प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्वयं सेवकों की तैनाती की गई है, ताकि भक्तजन सुचारू रूप से दर्शन कर सकेंगे। वहीं श्रद्धालुओं में महाशिवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वे उपवास रखकर, भगवान शिव की आराधना कर इस पर्व को पूरी श्रद्धा से मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

## स्ट्रीट लाइट ठीक करने को लेकर सदानंद महतो ने किया पत्राचार




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोमो आरओबी में सुचारू रूप से प्रकाश व्यवस्था को लेकर आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने एडीएन गोमो-1, डीआरएम-धनबाद तथा इंस्पेक्टर आरपीएफ गोमो को पत्राचार कर के बताया की सोलर स्ट्रीट लाइट खराब होने से प्रकाश ठप हो गई है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों, राहगीरों एवं रेल यात्रियों को काफी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से सड़क दुर्घटनाएं व छिनतई बढ़ गई है। अगर रेलवे विभाग संज्ञान नहीं लेती है तो इसकी शिकायत गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से की जाएगी।

## बड्स गार्डेन स्कूल में स्मारिका विमोचन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दलूडीह स्थित बर्डस गार्डेन ने अपने स्कूल पत्रिका का चौथा संस्करण स्मारिका 2025 -26 का सोमवार को विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में स्कूल परिवार ने अपने ही विद्यालय के पूर्व छात्रों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जो कि केंद्र व राज्य सरकार के अच्छे संस्थानों में अच्छे पदों पर आसीन है, जो कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के बीच एक विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहे ।स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्रों में भागीरथ महतो ,सब इंस्पेक्टर झारखंड पुलिस, बोकारो थर्मल, शिखा चौरसिया ,कंपनी सेक्रेट्री असिस्टेंट मैनेजर, बेंगलुरु, वरुण कुमार, अस्सिटेंट इंजीनियर भारतीय रेल, कतरास, मिथिलेश कुमार, असिस्टेंट ऑफिसर एनटीपीसी, हजारीबाग, निलेश रजवार, असिस्टेंट स्कूटिव इंजीनियर, तेनुघाट विद्युत निगम, सुशील कुमार, चिफ ब्यूरो कतरास, दैनिक जागरण, कुमार गौरव, चीफ इंजीनियर सीपीडब्ल्यूपी एवम् धर्मदेव प्रसाद, सब इंस्पेक्टर, राजगंज थाना मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे। विद्यालय परिवार की ओर से स्कूल की बच्चियों ने सभी अतिथियों को तिलक लगाकर और शिक्षिकाओं ने इन्हें पुस्तक कुछ देकर इनका स्वागत किया। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इस पत्रिका में अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा दिए गए संदेश भी छपे हैं। साथ ही भविष्य में विद्यालय की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई है। सभी अतिथि गण स्मारिका के साथ फोटो खिंचवायें और सभा को संबोधन में अपने स्कूल में बिताए हुए पल के बारे में जानकारियां साझा किया, बच्चों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## धनबाद एनजीओ एसोसिएशन का हुआ गठन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज धनबाद में कई एनजीओ के सहयोग से धनबाद एनजीओ एसोसिएशन का सफलतापूर्वक गठन किया गया। इस संगठन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य जुड़े, जिनकी भागीदारी से इसे एक परिवार का रूप दिया गया। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को अलग-अलग पदों की जिम्मेदारी दी गई, ताकि संगठन को प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके। इस संगठन के गठन में सत्यजीत का विशेष योगदान रहा। उनकी मेहनत और समर्पण से यह संगठन एक मजबूत नींव पर खड़ा हुआ है, जो आने वाले समय में सामाजिक कार्यों को नई दिशा देगा। इस अवसर पर धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष सारदा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में वन नेशन, वन इलेक्शन के महत्व पर भी प्रकाश डाला और इसे देश की राजनीतिक स्थिरता के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से देश में बार-बार होने वाले चुनावों की प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकता है, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी।सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की जिम्मेदारी दी गई और संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया गया। यह संगठन समाज के हर वर्ग की सहायता के लिए कार्य करेगा और सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देगा।

## धनबाद नगर निगम की विफलता को आईना दिखाने का काम आम आदमी पार्टी करेगी : महेंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** आम आदमी पार्टी का बैठक झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह मदन राम के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता आदित्य नारायण संचालन महफूज आलम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह ने कहा की नल पहुंचाने को लेकर पाइप लाइन तो बिछाया जा रहा है, लेकिन नल से पानी का इंतजाम अब तक नहीं हो पाया है। दावे तो तमाम किए गए लेकिन सच यही है कि अब तक धनबाद नगर निगम के लोग पीने के पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही हैं। धनबाद नगर निगम क्षेत्र में हर घर जल हर घर नल योजना के तहत देश के अंतिम व्यक्ति के घर तक पेयजल उपलब्ध कराना था लेकिन केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार का एक बहुत बड़ा विफलता है। सरकार के बिफलता का आईना दिखाने का काम आम आदमी पार्टी चरणबद्ध आंदोलन कर सभी के घरों में जल की व्यवस्था करने के काम करेगी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मदन राम, महेंद्र सिंह, समरेंद्र पासवान, सदरे आलम, महफूज आलम, मनीष कुमार, आदित्य नारायण, बादशाह खान, हरि प्रसाद, जसीम अंसारी, मो शमशाद, मुन्ना अंसारी, अजय पासवान, तारक बनर्जी, राजेश सरकार, डब्लू अंसारी आदि लोग थे ।

## सेवानिवृत व मृत कर्मियों के मामले प्राथमिकता के आधार पर करें निष्पादित : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न संवर्ग के सरकारी सेवकों पर की गई विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने उप विकास आयुक्त कर्यालय, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अपर समाहर्ता, एडीएम सप्लाई, डीआरडीए, अनुमंडल कार्यालय व एलआरडीसी कार्यालय में लंबित मामलों की समीक्षा की।समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने सेवानिवृत एवं मृत कर्मियों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले लंबित रहने से कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान करने में कठिनाई होती है। वहीं माननीय न्यायालय में लंबित मामलों पर सरकारी अधिवक्ता से अद्यतन रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया।वहीं मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सतर्क रहने, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करने, सीसीटीवी कैमरे की जांच करने, अधिकृत व्यक्ति को ही परीक्षा केंद्र में प्रश्नपत्र ले जाने देने सहित झारखंड अधिविद्य परिषद् के नियमों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, डीएलओ राम नारायण खलको, विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, स्थापना शाखा के कार्यालय अधीक्षक शांतनु सरकार, सचिन कुमार रजक, रितेश मंडल के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

प्रपत्र संख्या–1

**ई– निविदा**

निविदा संख्या :- 11/JMT/2024-25 दिनांक 24-02-2025

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | ग्रुप/संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Toilet for Anganbari Center in Government Building for the year 2024-25 | JMT/ Aganbari-50-1 | 17,70,450/- | 36,000/- | 5000/- | 60 Days |
| | | JMT/ Aganbari-50-2 | 17,70,450/- | 36,000/- | 5000/- | 60 Days |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | | 01-03-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | | 18-03-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03 .10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | 18-03-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | | 19-03-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 347106 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

**आम सूचना**

वर्ष 2025 के आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जनहित में पेयजल से उत्पन्न समस्या से त्वरित निराकरण हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया अंतर्गत जिलास्तरीय जिला नियंत्रण कक्ष का गठन निम्न प्रकार किया जाता है।

जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी निम्नवत है :–

(1) श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता मो0 – 7541920901
(2) श्री विशाल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक मो0 – 7269057933
(3) श्री अनिल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक मो0 – 6299093017

नियंत्रण कक्ष के प्रभारी श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया होगे। प्रभारी सुबह/शाम नोडल पदाधिकारी (सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया) को प्रतिवेदित करेंगे। निर्देश है कि प्रमंडल स्तर पर शिकायत पंजी का संधारण/निराकरण कराया जायेगा। प्राप्त शिकायत को अवर प्रमंडल कार्यालय को तत्काल दूरभाष पर सूचित कर दर्ज कराया जायेगा।

अवर प्रमंडल/प्रशाखा स्तर पर सहायक अभियंता/कनीय अभियंता शिकायत पंजी का संधारण/निराकरण हेतु जिम्मेवार होगे। इस आलोक में प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है जो निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | प्रखंड का नाम | सहायक अभियंता | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का नाम/पदनाम | दूरभाष नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, कोडरमा मो0 नं0 9263952920 | श्री विकास कुमार दास, कनीय अभियंता | 9471329527 |
| 2 | डोमचाँच | | श्री अभिजीत कुमार, कनीय अभियंता | 8789932957 |
| 3 | सतगावाँ | | श्री अमित कुमार, कनीय अभियंता | 7250105348 |
| 4 | जयनगर | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया मो0 नं0 9263952920 | श्री ओम प्रकाश कनीय अभियंता | 7033773207 |
| 5 | मरकच्चो | | श्री जहेन्द्र भगत, कनीय अभियंता | 8084416065 |
| 6 | चंदवारा | | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, कनीय अभियंता | 8969448444 |

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा) कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया।

PR.NO.347108 Drinking Water and Sanitation(24-25):D



### ऊर्जा विभाग
### झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
### विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/124/2024-25 दिनांक– 24/02/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | झारखण्ड विधान सभाग, धुर्वा रॉची में अधिष्ठापित 22 अदद् लिफ्ट (with 24/4CS Device) के तीन वर्षो हेतु वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 72,09,794=00 | 10,000=00 | 1,45,000=00 | तीन वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.03.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 04.03.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 10.03.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 11.03.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 347120 (Energy) 24-25 (D)



### उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा
### (एन०आर०ई०पी० शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**NIT NO – 03 वर्ष 2024–25**

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथिः– :– कार्यालय अवधि में दिनांक 04.03.2025 अपराह्न 1.30 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 05.03.2025 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 05.03.2025 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | द्वितीय कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कुडू | ग्राम बन्दुआ में रजेश्वर भगत के घर से स्कूल मोड़ तक 735 फीट पी0सी0सी0पथ निर्माण। | 16,10,230.00 | 32,300.00 | 5000.00 | 02(दो) माह | |
| 2 | कैरो | चाल्हो पुराना स्कूल से चर्च तक 990 फीट पी0सी0सी0 पथ | 17,91,240.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 02(दो) माह | |
| 3 | लोहरदगा | भक्सो जतरा बगीचा से जोहन उरांव के घर तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 19,14,410.00 | 38,300.00 | 5000.00 | 02(दो) माह | |
| 4 | लोहदगा | जोरी गड़री पारा कालीकरण रोड से होते हुए गिरजाघर तक 1015 फीट पी0सी0सी0पथ निर्माण | 10,69,417.00 | 21,500.00 | 2500.00 | 02(दो) माह | |
| 5 | पेशरार | ग्राम केराडीह केश्वर ठाकुर के घर से करमा टाना भगत के घर तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 08,67,030.00 | 17,500.00 | 1250.00 | 02(दो) माह | |
| 6 | किस्को | ग्राम भूषाड़ जामूनटोली से श्मशान घाट में गार्डवाल एवं शेड निर्माण। | 24,98,170.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 02(दो) माह | |

2 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा

PR 347117 Lohardaga(24-25).D



### Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office : Engineering Building, H.E.C. Dhurwa, Ranchi-834004

**Delivery Mode: Speed Post**

**IN THE SUPREME COURT OF INDIA**
**EXTRA-ORDINARY APPELLATE JURISDICTION**
**SPECIAL LEAVE PETITION (CIVIL) No. 1621 OF 2017**

JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LTD. Petitioner(s)/Appellant(s)

VERSUS

M/S. NABA METAL LTD. Respondent(s)

To,
**1 M/S. NABA METAL LTD., PID: 35734/2025 FOR R[1] IN SLP(C) NO.1621/2017 (SEC XVII)**
**BALIJHORE NOAMUNDI, PO AND PS**
**NOAMUNDI, THROUGH VIJAY**
**BHARDWAJ, SON OF T. BHARDWAJ, RO BALIJHORE NOAMUNDI,**
**DISTRICT-PATNA, BIHAR**

WHEREAS the Petition for Special Leave to Appeal with prayer for interim relief along with application for **CONDONATION OF DELAY IN FILING, CONDONATION OF DELAY IN REFILING/CURING THE DEFECTS, EXEMPTION FROM FILING O.T., EXEMPTION FROM FILING C/C OF THE IMPUGNED JUDGMENT, PERMISSION TO FILE ANNEXURES,, SUBSTITUTED SERVICE, CONDONATION OF DELAY IN FILING** above mentioned (copy enclosed) filed in the Registry by **Mr. ANUP KUMAR**, Advocate on behalf of the Petitioner(s) above named was listed for hearing before this Court on **02.01.2017** along with the connected matters, when the Court was pleased to pass the following order:-

**""Delay condoned.**
**Issue notice.**
**Tag with SLP(C) No. 27763 of 2016""**

AND WHEREAS, the matter above-mentioned was listed **before Ld. Registrar's Court on 07th January, 2025**, when the following order was passed, inter-alia:-

**"Ld. Counsel for the petitioner has filed application seeking substituted service on the sole respondent. Same is allowed. Proof of publication be filed within four weeks of such publication.**
**Hence, Application for condonation of delay in filing spare copies stands infructuous**.
List again on 13.02.2025."

NOW, THEREFORE, TAKE NOTICE that the above petition with prayer for interim relief along with application for **EXEMPTION FROM FILING O.T., EXEMPTION FROM FILING C/C OF THE IMPUGNED JUDGMENT, PERMISSION TO FILE ANNEXURES, SUBSTITUTED SERVICE, CONDONATION OF DELAY IN FILING** will be posted for hearing before this Court in due course and you may enter appearance before this Court either in person or through an advocate on record of this Court duly appointed by you in that behalf within 30 days from the date of service of notice. You may thereafter show came to the Court on the day that may subsequently be specified as to why delay in filing SLP-delay in Jiling/refiling-S1.D-be not condoned-and Special Leave Petition and interim relief as prayed be not granted and the resultant appeal be not allowed.

Take Further Notice that the prayer for interim relief after notice will also be listed before the Court in due course.

You may file your affidavit in opposition to the petition as provided under Rule 14(1) of Order XXI, S.C.R.2013 within 30 days from the date of receipt of notice or not later than 2 weeks before the date appointed for hearing, whichever be earlier, but shall do so only by setting out the grounds in opposition to the questions of law or grounds set out in the SLPs and may produce such pleadings and documents filed before the Court/Tribunal against whose order the SLP is filed and shall also set out the grounds for not granting interim order or for vacating interim order if already granted.

TAKE FURTHER NOTICE that if you fail to enter appearance as aforesaid, no further notice shall be given to you even after the grant of special leave for hearing of the resultant appeal and the matter above mentioned shall be disposed of in your absence.

Dated: **08th January, 2025**

**ASSISTANT REGISTRAR**

Copy to :-
1 Mr. Anup Kumar (adv.)
4-a, Sagar Apartments, Tilak Marg 6, New Delhi-110001, Landline No. 011-40521445 New Delhi, Delhi

**ASSISTANT REGISTRAR**

**Important Notice**
**LEGAL AID**

(1) Legal Services of an advocate is provided by the Supreme Court Legal Services Committee and the Supreme Court Middle Income Group Legal Aid Society to eligible litigants.

For further information, please contact the Secretary, Supreme Court Legal Services Committee or the Member Secretary, Supreme Court Middle Income Group Legal Aid Society, 107-108, Lawyers' Chambers, R.K. Jain Block Near Post Office, Supreme Court Compound, Tilak Marg, New Delhi-110001 (Tel Nos. 011-23116353,23116354 (Additional Building Complex) and 011-23381257 (Front Office))

**MEDIATION**

(2) The facility of amicable settlement of disputes by trained mediators in cases pending in the Supreme Court is now available in the Supreme Court.

For further information, please contact the Coordinator, Supreme Court Mediation Centre, 109, Lawyers Chambers, R.K. Jain Block - Near Post Office, Supreme Court Compound, Tilak Marg, New Delhi-110001 (Tel No. 011-23071432)

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager (Rev.)**
**JBVNL**

PR 347062 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D

# डीसी और एसपी समेत कई अन्य पदाधिकारियों ने कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का निरीक्षण कर बारीकी से मुआयना किया, कहा

## समन्वय स्थापित कर प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी वर्ग निभाएं अहम भूमिका

### मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम आज, तैयारियां पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** शहीद शेख भिखारी की याद में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में धुर्वा मोड़ में आयोजित मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल की तमाम प्रकार की तैयारियों का उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां,उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा,अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा,बीडीओ अरूण उरांव,सीओ अजय कुमार,थाना प्रभारी सुमन मिंज समेत जिले के कई अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण कर बारीकी से वस्तु स्थिति का मुआयना किया और तैयारियों को समय से पूरा कराए जाने का निर्देश दिए। मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से कहा कि लोहरदगा जिला में शुरू से स्थापित गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए सभी वर्ग के लोग मिलकर कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिससे लोहरदगा जिले के नाम भाईचारा में पूरे देश में एक नयी आयाम स्थापित कर सके। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि प्रोग्राम को सफल बनाने में जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अपनी ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली है। किसी तरह की गड़बड़ी करने वालों को हरगिज बख्शा नहीं जाएगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने में नारी नवाडीह के अलावा पूरे लोहरदगा जिला वासियों की भूमिका अहम हो। इधर कव्वाली प्रोग्राम स्थल का मुआयना करने पहुंचे उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के द्वारा संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार और तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल से पूरी वस्तु स्थिति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली और कमियों को शीघ्र पूरा कराए जाने का निर्देश दिया। यहां पर बता दें कि देश के अमर शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित कव्वाली प्रोग्राम को भव्य और ऐतिहासिक तरीके से कराए जाने हेतु कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के विशेष सहयोग से तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के द्वारा प्रोग्राम को भव्य बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में है। यहां पर आज रात्रि मुम्बई के मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली अपनी लाजवाब प्रस्तुति देंगे। इन दोनों कव्वाल शहीद शेख भिखारी की शान में एक से बढ़कर एक कव्वाली पेश कर उनके आदर्शों पर चलने की सिख देने का कार्य कर दिखाएंगे।

**पांच मंत्री, दर्जनों विधायक समेत कई हस्तियां करेंगे प्रोग्राम में शिरकत**

तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा शहीद शेख भिखारी की शान में आज आयोजित होने वाली मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजूल हसन, सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा प्रोग्राम में शामिल होने की सहमति प्रदान कर चुके हैं। वहीं प्रोग्राम में मुख्य संरक्षक सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के अलावा झारखंड प्रदेश के विभिन्न विस क्षेत्र के दर्जन भर विधायक शामिल होंगे। मालूम हो कि इन मंत्रियों और विधायकों के आगमन को लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह की ओर से खास तैयारियां की गई है। साथ ही प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में साफ सफाई के साथ सजाने का काम शुरू



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि को लेकर सभी के मन मे उमंग व उत्साह है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की वेद शास्त्र अनुसार शिवरात्रि का पर्व शिव विवाह के रूप में फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। जिसे इस वर्ष 26 फरवरी बुधवार को श्रद्धालु भक्तों द्वारा हर्षोल्लाष के साथ धूमधाम से महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाने के लिए प्रखंड क्षेत्र के चौकनी, बक्सीडीपा, बदला, सेन्हा, कोराम्बे, चितरी, सीठीयो, अरु, सेन्हा बांधटोली, जोगना मोड़,चंदवा गढ़गांव सहित विभिन्न गांवों में श्रद्धालु भक्तों द्वारा मंदिरों की साफ सफाई हो रही है। साथ ही महाशिवरात्रि का त्यौहार को लेकर मंदिरों का रंग रोगन का काम शुरू हो गया हैं। वही साफ सफाई और रंग रोगन के साथ महिला पुरुष सभी भक्त जनों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के लिये विधि व्यवस्था भी किया जा रहा है। जिसे पूजा के दौरान भक्तों को किसी प्रकार का असुविधा न हो। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर कई स्थानों पर भजन कीर्तन व भंडारा का आयोजन किया जायेगा तो कही कही पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा रात्रि में भगवान महादेव श्री भोलेनाथ की बरात निकाली जाने की बात है। जिसे महाशिवरात्री का त्यौहार मनाने के लिये श्रद्धालु भक्तों का मन मे मन व उत्साह देखा जा रहा है।

## सांसद सुखदेव भगत संसद की संयुक्त समिति जेपीसी की बैठक में भाग लेने दिल्ली हुए रवाना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधेयक (वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार करने हेतु संसद की संयुक्त समिति जेपीसी का गठन किया गया है। आज दिनांक 25 फरवरी को जेपीसी की तीसरी बैठक का आयोजन नई दिल्ली में किया गया है। इस बैठक में भाग लेने हेतु लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत दिल्ली के लिए हुए रवाना। सांसद आज बैठक में अपनी बातों को तार्किक ढंग से रखेंगे। इस बैठक में इस बार सुप्रीम कोर्ट के कई पूर्व न्यायाधीश भी शामिल होंगे।

## चौधरी कंस्ट्रक्शन से लेवी मांगने के आरोपित को भंडरा थाना पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलसिरी गांव में चल रहे कालीकरण पथ निर्माण कार्य के चालक के साथ मारपीट करने व संवेदक चौधरी कंस्ट्रक्शन से लेवी मांगने के आरोपित को भंडरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि विगत 30 जनवरी 2025 की शाम तिलसिरी में चल रहे कालीकरण पथ निर्माण कार्य को लेकर चौधरी कंस्ट्रक्शन के चालक हाइवा से भरनो प्लांट से अलकतरा मिक्स मैटेरियल लेकर लौट रहा था। तभी भंडारा थाना क्षेत्र के जमगाई गांव के समीप रांची जिले के खुखरा गांव निवासी स्वर्गीय टुलू उरांव के पुत्र सोबरन उरांव (33 वर्ष) हाइवा चालक जितेंद्र सिंह के साथ मारपीट कर मोबाइल लुट लिया था। साथ ही लूटे गए मोबाइल से संवेदक कुलदीप चौधरी से तीस हजार रुपए की लेवी की मांग की गई थी। लेवी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही थी। इस घटना की जानकारी संवेदक ने भंडरा थाना पुलिस को दी। इसके उपरांत भंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपित खुखरा गांव निवासी टुलु उरांव के पुत्र सोबरन उरांव को उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## एक ही मानव जाति श्रृंखला में कई अलग अलग प्रजाति, जाति के साथ साथ भाषा में भी कई परिवर्तन : डॉ. टी साहू

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी सह डॉक्टर टी साहू ने कहा कि आज के 21वी सदी में आदिवासी अर्थात् आदि-अनादि काल से निवास करने वाले मूल निवासी कहे जाने वाले झारखण्ड अर्थात् छोटानागपुर जिसकी मूल भाषा नागपुरी है। यदि झारखण्ड के आदिवासियों की बात करें तो इनकी विशेष पहचान उनकी भाषा है। जिनकी मातृभाषा अर्थात् घर में नागपुरी और घर के बाहर भी स्थानीय लोगों के बीच जिनकी जनसंपर्क भाषा नागपुरी ही है। वे ही झारखण्ड के असली आदिवासी हैं। दूसरी तरफ, जिनकी मातृभाषा अर्थात् वे लोग जो अपने घरों में नागपुरी की जगह कोई अन्य भाषा जैसे भोजपुरी, उड़िया, बंगाली, मुण्डारी, खड़िया, कुडुख, संथाली, पंजाबी आदि बोलते हैं तथा घर के बाहर निकलने पर अन्य लोगों के बीच हिन्दी या सिखी-सिखाई टुटी-फूटी नागपुरी भाषा बोलते हैं। वे झारखण्ड के आदिवासी कैसे हो सकते हैं? ठीक वैसे ही, यदि कोई छोटानागपुर का व्यक्ति अपने परिवार सहित उड़िसा जाकर लंबा समय तक बस जाए और उड़िया सीख ले तथा घर में अपने परिवार के बीच नागपुरी भाषा बोलता हो किन्तु घर के बाहर और लोगों के बीच उड़िया भाषा बोलता हो। वह उड़िसा का आदिवासी नहीं बल्कि वहाँ वह प्रवासी कहलाएगा।पहले मनुष्य घुमक्कड़ जीवन व्यतीत करते थे और वे जंगल के हिंसक पशुओं से बचने के लिए झूण्ड में रहते थे।

## शिवरात्रि त्यौहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आगामी शिवरात्रि त्यौहार को लेकर थाना परिसर में रविवार को जिला परिषद सदस्य सेन्हा की अध्यक्षता में शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुआ। आगामी 26 फरवरी को शिवरात्रि त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक में विशेष चर्चा किया गया। साथ ही उपस्थित शांति समिति के सदस्यों से क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजन की जानकारी ली गई। जिसे सदस्यों द्वारा पर्व के दौरान प्रशासन की ओर से सहयोग का अपेक्षा किया गया। बैठक के क्रम में शांति समिति सदस्यों द्वारा बताया गया कि सेन्हा डीपु के समीप से झांकी के साथ रात्रि में शिव बारात जोगना मोड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पंहुचेगी, वही कोराम्बे में शिवरात्रि पर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना किया जायेगा। जबकि सुदुर्वर्ती ग्रामीण क्षेत्र अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में पूजा अर्चना और हरि कीर्तन तथा 27 फरवरी को जतरा का आयोजन किया जायेगा। साथ ही 26 फरवरी को सुबह से ही भीड़ भाड़ मंदिर परिसर में प्रशासनिक व्यवस्था कराने का मांग किया गया। शांति समिति बैठक में मुख्य रूप से शांति व्यवस्था पर्व के दौरान कायम रखने का अपील करते हुए बताया गया कि किसी प्रकार की समस्या हो या अफवाह फैलाया जा रहा है तो ऐसे प्रस्थिति में स्थानीय प्रशासन को सूचना दें। तथा असमाजिक प्रवृति पर विशेष नजर रखने की सलाह दी गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा त्यौहार में सभी को संगठित होने का अवसर प्रदान होता है। जिसे कायम रखते हुए पर्व मनाने का अपील किया गया। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा सभी बिंदुओं पर ड्रोन कैमरा के माध्यम से नजर रखी जायेगी। और किसी प्रकार से असुविधाएं हो या अन्य प्रकार से पर्व त्यौहार में बाधाएं उत्पन्न होने की संभावना होने पर नियम संगत कारवाई किया जायेगा। मौके पर एस आई मनीष कुमार महतो, ए एस आई गोवर्धन तुरी, असरफी बहेलिया, रामचंद्र मांझी, अलबिना लकड़ा, के अलावे शांति समिति के सदस्य मुनेश्वर साहू, रामलगन महतो, त्रिलोकी सिंह, सरिता देवी, पूनम देवी, बालेश्वर उराँव उर्फ पंडित, गुजरात खान, शौखत अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रयागराज महाकुंभ में संजय सर्राफ का स्नान एक दिव्य अनुभव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने अपने सपरिवार ईस्ट मित्रों के साथ प्रयागराज महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में स्नान किया उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ जो हिंदू धर्म की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण आस्था का प्रतीक है,न केवल धर्मावलंबियों के लिए एक पुण्य अवसर है, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को भी सहेजने का माध्यम है। महाकुंभ स्नान जो न केवल व्यक्तिगत श्रद्धा का प्रमाण है, बल्कि सामाजिक एकता और समर्पण का प्रतीक भी है। महाकुंभ का महत्व सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि यह समूचे समाज को एकजुट करने, शांति और सौहार्द बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। तथा उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो समाज में धार्मिक व सांस्कृतिक मान्यताओं को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म, संस्कृति और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, और महाकुंभ जैसे पवित्र अवसरों पर भागीदारी हमारी आस्था और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान न केवल व्यक्तिगत आस्था को प्रगाढ़ करते हैं, बल्कि समाज में धार्मिक सद्भावना और आपसी प्रेम का माहौल भी तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 60 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान किया है। जो की एक विश्व रिकॉर्ड है। महाकुंभ में परिवार के आनंद अग्रवाल, निर्मल महलका, बद्री सरायका, तुषार, अमित, रजत, अनीता, अनुराधा, सीमा, अंशु, आयुषी सहित कई लोगों ने स्नान किया।

## दो मोटर साइकिल की टक्कर में दो युवक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के संत मार्क विद्यालय के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर दो मोटर साइकिल के आमने सामने टक्कर में मोटरसाइकिल में सवार दोनों युवक घायल हो गये। दोनों घायलों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से थाना प्रभारी ने इलाज के लिये अस्पताल भेजा। वही बताया जाता है की सेन्हा निवासी सुभान अंसारी का पुत्र 32 वर्षीय नेसार अंसारी उर्फ सीटन अंसारी अपना मोटरसाइकिल संख्या जेएच 19 सी 8945 में था। जो बिना नम्बर का बाइक से टकरा गया। जिसमें नेसार अंसारी का एक पैर टूट गया जिसे इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरान्त रिम्स रांची रेफर कर दिया है। वही दूसरा मोटरसाइकिल बिना नंबर का था जिसमे सवार युवक को हल्की चोटें आई है?। जिसे उसको एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। वही बिना नम्बर मोटर साइकिल को कंडरा का बताया जा रहा है। जिसे सेन्हा थाना पुलिस ने दोनों मोटर साइकिल को जब्त कर सुरक्षित थाने में रखी है। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक घायल हो गये हैं। जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया है। गलत करने वाले के विरुद्ध आवेदन पड़ते ही प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर करवाई किया जायेगा।

## अंचल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने की महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो लोहरदगा :** महाशिवरात्रि पूजा को लेकर थाना परिसर में अंचल पदाधिकारी कुमारी शिला उरांव एवं थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो के सयुंक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र से आये शांति समिति के गण्यमान लोगो ने अपने-अपने क्षेत्र में शिवरात्रि के दिन होने वाली पूजा-अर्चना, कलश यात्रा एवं कीर्तन-भजन सहित भंडारे का आयोजन पर चर्चा किया। साथ ही शिवरात्रि के दिन क्षेत्र में शरारती तत्वों पर अंकुश लगाने को लेकर प्रसासन से क्षेत्र में गश्ती बढाने की मांग किया। बैठक में अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव ने कहा पूजा-अर्चना एक आस्था की विषय है इसका सम्मान सभी जाति धर्म के लोगो को करनी चाहिए। धर्म का असली मतलब आपसी प्रेम भागीदारी एक जुटता। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने कहा लोगो की समस्याओं का समाधान करना प्रसासन की पहली प्राथमिकता है। महाशिवरात्रि के दिन क्षेत्र में विशेष रूप से क्षेत्र में चौकसी रहेगी एवं किसी भी अनहोनी से निपटा जाएगा। मौके पर थाना के मनोज कुमार गुप्ता, रामाधर कुमार, ग्राम प्रधान बीरेंद्र उरांव, पंचायत समिति सुखमनी देवी, पूर्व उप प्रमुख दिलीप सिंह, नजीर आलम खान, कृष्णा मनी यादव, विशेश्वर प्रसाद दिन, बजरंग उरांव, सूरज मोहन साहू, विवेक प्रजापति, मोहन साहू, अख्तर अंसारी, जमील अख्तर, प्रवीण साहू आदि उपस्थित थे।

## डीसी व एसपी ने संयुक्त रूप से शुभम टीवीएस कुडू ब्रांच का किया भव्य शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** सोमवार को शुभम टीवीएस कुडू ब्रांच, थाना मोड़ के पास, कुडू में नया ब्रांच का उदघाटन किया गया। शुभम टीवीएस ने 24 फरवरी 2025 को अपने नए कुडू ब्रांच का शानदार उद्घाटन किया, जिससे इस क्षेत्र के ग्राहकों को सुपर प्रीमियम और इलेक्ट्रिक बाइक्स की विस्तृत श्रृंखला का लाभ मिलेगा। इस भव्य समारोह में प्रशासनिक अधिकारी, उद्योग विशेषज्ञ और बाइक प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर शुभम टीवीएस के संस्थापक शुभम जायसवाल, उनके पिता सतीश जायसवाल, तथा मुख्य अतिथि उपायुक्त लोहरदगा डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डीडीसी-दिलीप सिंह शेखावत ने ब्रांच का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया और उपस्थित ग्राहकों को विशेष उपहार वितरित किए गए।

### भाजपा जिला कार्यालय में सक्रीय सदस्यता आवेदन का किया गया सत्यापन

# जिला अध्यक्ष चुनाव में भागीदारी के लिये सक्रीय सदस्य होना आवश्यक : प्रदीप सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक चुनाव 2025 को लेकर चल रहे प्राथमिक सदस्यता अभियान समापन एवम बूथ कमिटी गठन के बाद सक्रीय सदस्यता आवेदन का सत्यापन सोमवार को जिला कार्यालय में सक्रीय सदस्य सत्यापन प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित नगर समेत सभी प्रखंडों के अध्यक्ष द्वारा पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन जमा किये गए।विदित हो कि जिला अध्यक्ष के चुनाव में सक्रीय सदस्य बनने वाले कार्यकर्ता ही भागीदारी कर सकते हैं। मौके पर सक्रीय सदस्यता सत्यापन प्रभारी प्रदीप सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही देश की एक ऐसी राजनीति पार्टी है जो पार्टी संविधान के अनुसार चलती है। यहाँ पार्टी पर किसी व्यक्ति विशेष की इच्छा का कोई महत्व नही है।उन्होंने बतलाया कि पार्टी का संगनात्मक स्थिति काफी मजबूत है जिसके कारण मात्र 2 सांसदों से जीत दर्ज करने वाली पार्टी की आज केंद्र समेत 20 राज्यों में भाजपा एवम एनडीए की सरकार है। वहीं जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि झारखंड में हेमन्त सरकार के उदासीन रवैये से राज्य की जनता त्रस्त है। महिलाओं को न तो मईयां योजना का लाभ मिल रहा है और न विधवा पेंशन, बृद्ध पेंशन। राज्य में चोरी, डकैती लूट भ्रस्टाचार, लड़कियों से छेड़छाड़, बलात्कार जैसी घटना बढ़ गयी है। बांग्लादेशी घुसपैठिये को संरक्षण दिया जा रहा है।खुद मुख्यमंत्री ने इस बात को स्वीकार किया है कि अंचल एवं ब्लॉक कार्यालय दलालो का अड्डा बन गया है।सरकारी भूमि में अवैध कब्जा आम हो गया है। कई विभाग के कर्मचारियों का वेतन नही मिल पा रहा है।उन्होंने कहा कि राज्य में अराजकता इतनी है कि मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक हो जा रहे है।जिसके कारण पेपर रद करने पड़े।जिससे युवकों का भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यो की तरह झारखंड में भी जल्द ही एनडीए की सरकार बनेगी। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, महामंत्री संजय अग्रवाल, पशुपति नाथ पारस, मीडिया प्रभारी विजय सोनी, मंडल अध्यक्ष विश्वजीत भारती, अशोक साहू, राजेन्द्र महतो, राजकुमार मुंडा, रघुनाथ महली सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मेला का फीता काटकर किया शुभारंभ

# कव्वाली प्रोग्राम स्थल की तैयारियों का स्थल निरीक्षण कर लिया जायजा, कहा

### तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा आयोजित कव्वाली प्रोग्राम देश स्तर में क्रीतिमान स्थापित करेगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज की शाम शहीदों के नाम पर तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में धुर्वा मोड़ पर शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का का प्रोग्राम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने निरीक्षण कर बारीकी से मुआयना किया। इससे पूर्व मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू धुर्वा मोड़ मैदान में लगाई गई मेला का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किए। इस बीच उन्होंने आयोजन समिति के संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार, अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल और तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्तागण को प्रोग्राम को ऐतिहासिक और आपसी सद्भाव के साथ कराए जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित कव्वाली प्रोग्राम कई मायनों में अहम है, कव्वाली प्रोग्राम सर्वधर्म को एकसूत्र में बांधने का कार्य कर दिखाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे तन-मन से अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करेंगे। मौके पर जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, हातिम अंसारी, ऐनुल अंसारी, मुस्तफा अंसारी, युनूस अंसारी, तनवीर गौहर, हाजी सदरूल अंसारी, साकिर अंसारी, रेयाज अंसारी, जियाउल अंसारी, अकबर अंसारी, हन्नान अंसारी, नसीम अंसारी, अमीरूल्लाह अंसारी, कैश आलम, ताजुद्दीन अंसारी, असलम अंसारी, रेहान, तबरेज अंसारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### नवनियुक्त न्यायमूर्तियों का किया गया स्वागत

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सोमवार को दो नवनियुक्त न्यायाधीशों न्यायमूर्ति आशीष नैथानी और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा का बार सभागार में स्वागत किया और उच्च न्यायालय की रजिस्ट्रार जनरल कहकशा खान सहित दोनों नये न्यायमूर्तियों का स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।इस अवसर पर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मेहता ने कहा कि उत्तराखंड उच्च न्यायालयों में नए न्यायमूर्तियों की नियुक्ति से वादकारियों को शीघ्र न्याय मिलने में सहायता मिलेगी। वहीं दोनों न्यायमूर्तियों ने अपने संबोधन में हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए स्वयं को इस सम्मान के लिये सौभाग्यशाली बताया।कार्यक्रम में उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता डीके शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सैय्यद नदीम मून, आरसी आर्या, राजेश जोशी सहित कई अन्य अधिवक्ताओं ने भी न्यायमूर्तियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर डीसीएस रावत, प्रभाकर जोशी, सौरभ अधिकारी, सीएम साह, डीके बनकोटी, हरेंद्र रावल, दीप प्रकाश भट्ट, अमित, एसएस चौधरी, ललित सामंत, सुरेश भट्ट, डीके जोशी, सुशील वसिष्ठ, चेतन जोशी, मेनका त्रिपाठी, संगीता भारद्वाज, विजय लक्ष्मी, प्रभा नैथानी और शक्ति प्रताप सिंह राठौर सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### हिमाचल में नशे का प्रकोप, बने सख्त कानून : शांता कुमार



**पालमपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश में नशे के प्रकोप को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या अब भयावह स्थिति में पहुंच चुकी है और राज्य की युवा पीढ़ी इससे पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। शांता कुमार ने कहा है कि नई तकनीकी और मोबाइल फोन ने समाज की स्थिति को और बिगाड़ दिया है जिससे बच्चों का बचपन लगभग समाप्त हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने सोमवार को एक बयान में कहा कि नशे के व्यापार में अब डाक्टर, तहसील कल्याण अधिकारी, पटवारी और मेडिकल वकील तक पकड़े जा चुके हैं। नशे के मामलों में सजा बहुत कम हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीन वर्षों में लगभग 6 लाख लोग नशे के मामलों में पकड़े गए लेकिन इनमें से केवल 6 हजार को सजा मिली जबकि 5.94 लाख आरोपितों को छोड़ दिया गया और वे फिर से इस अवैध काम में शामिल हो गए हैं।शांता कुमार ने सरकार और समाज के बुद्धिजीवियों से अपील की कि वे इस गंभीर समस्या पर गहरी सोच-विचार करें और सख्त कानून बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि नशे के बड़े कारोबारियों को उम्रभर की सजा और 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए और हर विभाग में नई भर्ती के लिए डोप टेस्ट अनिवार्य किया जाए।

# शिक्षा से ही होगा समाज का उत्थान : अरुणा शंकर

## भील की राजकुमारी माता शबरी के त्याग को भुलाया नहीं जा सकता





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** माता शबरी जयंती सह भुइया परिवार मिलन समारोह 2025 के कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने माता शबरी के बारे बताई। उन्होंने कहा कि माता शबरी भील समाज की राजकुमारी था। उनका वास्तविक नाम श्रमना था। वे भगवान राम की परम भक्त थी। उन्होंने सालों तक भगवान राम और माता सीता की प्रतीक्षा की थी। माता शबरी को पशु पक्षियों से बहुत लगाव था। माता शबरी ने विवाह नहीं की और ऋषि मतंग के शिष्य बन गई। माता शबरी ने भगवान राम को झूठे बेर खिलाए थे। हमारे देश में शबरी धाम दक्षिण पश्चिम गुजरात के डांग जिले के आहवा से 33 किलोमीटर और सापुतारा से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर सुबीर गांव के पास स्थित है। जहां हजारों लोग जाकर दर्शन करते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे भुइया समाज के लोग जो इतनी संख्या में आज उपस्थित है, मैं उनसे कहना चाहूंगी कि आप भी अपने बच्चों को खास कर लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा दिलाए। तभी समाज का उत्थान होगा। इस अवसर पर सुनील भुइया, विश्वनाथ भुइया, समारोह के उद्घाटन करता राजू भुइया, रविंद्र भैया, पारस नाथ भुइया के साथ-साथ हजारों की संख्या में महिला पुरुष माता बहने उपस्थित थीं।

### एमडीएम का साढ़े 26 क्विंटल चावल की हुई चोरी

**पूर्वी चंपारण :** जिले कोटवा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोन्हवा से अज्ञात चोरों ने रविवार की रात भंडार कमरे का ताला तोड़ कर मध्यान भोजन का साढे 26 क्विंटल चावल की चोरी कर ली। इस सम्बन्ध में स्कूल के गार्ड कोन्हवा गांव निवासी अजय सिंह ने प्रधानाध्यापक राजीव कुमार सिंह को मोबाइल फोन पर चोरी होने की सूचना दी। जिसके बाद प्रधानाध्यापक ने मामले की जानकारी थाना में दी है। जिसमें बताया है कि 24 फरवरी की सुबह 5 : 50 बजे स्कूल के गार्ड अजय सिंह ने उन्हें फोन पर बताया कि स्कूल के भंडार कमरे का ताला टूटा हुआ है और भंडार कक्ष से चावल गायब है।

# काशी विश्वनाथ दरबार में 25 से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन बंद



**एजेंसी**

**वाराणसी :** महाशिवरात्रि पर्व पर प्रयागराज महाकुंभ से काशी में लाखों श्रद्धालुओं के अनवरत आगमन और नागा संतों के पेशवाई को देख मंदिर न्यास ने किसी भी तरह के प्रोटोकाल व्यवस्था में दर्शन पूजन को बंद रखने का निर्णय लिया है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में 25 से 27 फरवरी के बीच किसी भी तरह के प्रोटोकाल व्यवस्था में दर्शन पूजन नहीं होगा। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अनुसार महाकुंभ से लगातार लाखों श्रद्धालुओं के मंदिर में पलट प्रवाह से भीड़ बढ़ गई है। महाकुंभ की अवधि में महाशिवरात्रि पर्व पड़ने से देश के विभिन्न प्रांतों से दर्शनार्थियों के साथ विभिन्न अखाड़ों के नागा संत,महामंडलेश्वर भी अधिक संख्या में दरबार में आ रहे है। ऐसे में नागा संतों के दर्शन पूजन को देख मंदिर के गेट नंबर चार से पांच से 06 घंटे तक दर्शन पूजन आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

ऐसे में दर्शन के लिए कतारबद्ध शिवभक्तों को 16 से 18 घंटे तक दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। गर्मी एवं उमस के वर्तमान वातावरण में अत्यधिक प्रतीक्षा अवधि बच्चों, महिलाओं, वृद्धों आदि के लिए गंभीर स्थिति उत्पन्न कर सकती है। इसके दृष्टिगत तीन दिनों तक सभी प्रकार के प्रोटोकॉल दर्शन नहीं होंगे।

# पर्यावरणविद डॉ. कौशल किशोर जायसवाल उत्तराखंड रवाना

## देहरादून के मंसूरी में पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे डॉ कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने सोमवार को उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरा पर रवाना हो गए हैं। डॉ. कौशल उत्तराखंड के देहरादून, मसूरी में पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। डॉ कौशल ने कहा है कि उक्त सम्मेलन में तमिलनाडु समेत देश के कई राज्यों के पर्यावरणविद भाग लेंगे और हिमालय बचाओ एवं पद्म भूषण से सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा की धर्मपत्नी विमला बहुगुणा की 13 वीं श्राद्धकर्म में शामिल होंगे। सम्मेलन में अमेरिका के जॉब एजेंसी व नेपाल के सरोज शर्मा भी शामिल होने की सहमति प्रदान की है।

# महाशिवरात्रि में इस बार 149 वर्ष बाद बन रहा विशेष संयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** शिव और शक्ति के मिलन का पावन पर्व महाशिवरात्रि पर इस वर्ष करीब 149 साल बाद एक अद्भुत संयोग बनने जा रहा है। यह संयोग देश और समाज के लिए काफी शुभप्रद्ध साबित होगा। महिलाओं की बात करें तो यह संयोग उन्हें अपार सम्मान दिलाएगी। यह बातें जन्मकुंडली, वास्तु व कर्मकाण्ड परामर्श के विशेषज्ञ आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने कहा। आचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन इस बार काफी दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन ग्रहों की स्थिति काफी अलग रहने वाली है।उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन इस बार धन के दाता शुक्र अपनी उच्च राशि मीन में रहेंगे। जिससे मालव्य राजयोग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही मीन राशि में शुक्र की राहु के साथ युति हो रही है। इसके अलावा कुंभ राशि में सूर्य और शनि की युति चल रही है। पिता-पुत्र की युति होने से कई राशियों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा कुंभ राशि में बुध भी विराजमान हैं। इससे तीनों ग्रहों की युति से त्रिग्रही योग और सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य योग और शनि के अपने मुल त्रिकोण राशि में होने से राजयोग का निर्माण हो रहा है।चतरा के आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने बताया कि ऐसा संयोग 1873 ईस्वी में बना था। करीब 149 साल बाद इस वर्ष यह संयोग बन रहा है। इसके अलावा इस दिन शिव के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। यह योग शुभ फलप्रद माना गया है। यह योग भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और आराधना हर प्रकार के कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला होगा। यह संयोग समृद्धि दिलाने के साथ साथ हर मुश्किलों से दूर करने वाला होगा।आचार्य ने कहा कि सबसे बड़ी बात कि इस वर्ष महाशिवरात्रि के दिन बुधवार और श्रवण नक्षत्र का योग बन रहा है यह योग विद्यार्थी वर्ग के लिए विद्या प्रदान करने वाला योग माना गया है। वहीं इस दिन श्रवण नक्षत्र के साथ-साथ परिघ और शिव नाम का योग का निर्माण हो रहा है। यह योग महिलाओं को अखंड सौभाग्य दिलाने वाला होगा। ऐसे में इस पावन त्योहार पर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विशेष लाभप्रद होगा।

### दून विश्वविद्यालय ने दो महत्वपूर्ण समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**देहरादून :** दून विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक और अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तराखंड अमेरिका के प्रतिष्ठित ऑकलैंड विश्वविद्यालय और उत्तरांचल ग्रामीण बैंक के साथ दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों का उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, वैश्विक शिक्षा और शोध के अवसर उपलब्ध कराना और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना है। दून विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से छात्रों और फैकल्टी को वैश्विक स्तर पर अध्ययन और शोध के अवसर प्राप्त होंगे। इस समझौते में दून विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव दुर्गेश डिमरी और प्रोफेसर राजीव सिंघल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

# राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में अगली सुनवाई छह मार्च को



**एजेंसी**

**सुलतानपुर :** कांग्रेस नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सोमवार को एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। अगले गवाह से राहुल गांधी के अधिवक्ता को जिरह करनी थी, लेकिन गवाह की ओर से परिवादी के अधिवक्ता ने हाजरी माफी लगा दी। अब इस मामले में छह मार्च को मामले में सुनवाई होगी।

कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपीएमएलए कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी। इससे वह वह खासे आहत हुए। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, लेकिन राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। अदालत ने राहुल गांधी को 25-25 के दो मुचलकों पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। कई तारीख पड़ने के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताते हुए कहा था कि मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। इसके बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश हुए। इस वर्ष दो जनवरी को जिरह पूरी नहीं होने पर कोर्ट ने 10 जनवरी व 22 जनवरी की तारीख नियत की थी, लेकिन इन दोनों ही तारीखों पर अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते सुनवाई पुनः टल गई थी।

# विभिन्न विभागों में 333 पदों पर होगी भर्ती : पर्यटन मंत्री



**एजेंसी**

**अगरतला :** त्रिपुरा सरकार ने प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों में 333 पदों पर भर्ती की घोषणा की है। इसके तहत वन विभाग में 104 फॉरेस्ट गार्ड और वित्त विभाग के कोषागार प्रभाग में 140 ऑडिटरों के अलावाकई अन्य विभागों में भी भर्ती की जाएगी।

कैबिनेट प्रवक्ता और पर्यटन मंत्री सुशांत चौधरी ने सोमवार को भर्ती योजना की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि वन विभाग 104 फॉरेस्ट गार्ड की भर्ती एक विशेष परीक्षा बोर्ड के माध्यम से करेगा। वहीं, वित्त विभाग अपने कोषागार प्रभाग में स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए 140 ऑडिटरों की नियुक्ति करेगा। चौधरी ने कहा कि वर्तमान में ऑडिटरों की संख्या अपर्याप्त है। इस भर्ती से इस कमी को दूर किया जाएगा और इसे जल्द पूरा किया जाएगा। इसके अलावा, सहकारी विभाग को ऑडिटर, अन्वेषक और सांख्यिकीय अन्वेषक सहित 30 पद भरने की अनुमति दी गई है। सामाजिक कल्याण विभाग सेवा आयोग के माध्यम से 34 आईसीडीएस पर्यवेक्षकों की भर्ती करेगा। मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एजीएमसी एवं जीबीपी अस्पताल के क्षेत्रीय जेरियाट्रिक केंद्र में 20 नए कर्मचारियों के साथ दो बायो-मेडिकल इंजीनियर नियुक्त किए जाएंगे। पर्यटन विभाग तीन ग्रुप-डी कर्मचारियों की प्रत्यक्ष भर्ती करेगा और दो को अपर डिवीजन क्लर्क के रूप में पदोन्नति मिलेगी। इसके अलावा, जैव प्रौद्योगिकी निदेशालय एक वैज्ञानिक सहायक की भी नियुक्ति करेगा। उन्होंने बताया कि यह भर्ती अभियान ग्रुप-सी (अराजपत्रित) से लेकर ग्रुप-ए (राजपत्रित) तक के विभिन्न स्तरों पर की जाएगी, जिससे राज्य की कार्यबल क्षमता मजबूत होगी।

### धार्मिक स्थलों के पास चलाया सफाई अभियान

**नैनीताल :** स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से एस-3 ग्रीन आर्मी ने सत्य नारायण मंदिर के निकट जलस्रोत के पास विक्की आर्य के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया और भारी मात्रा में शराब की खाली बोतलें, चिप्स के पैकेट और मोमो के रैपर एकत्र किए। टीम ने बताया कि मंदिर मार्ग होने के बावजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने इस स्थान को शराब पीने का अड्डा बना दिया है, जिससे आसपास के श्रद्धालु और स्थानीय लोग परेशान हैं। टीम के सदस्यों ने प्रशासन से अपील की है कि इस क्षेत्र में छापा मारकर शराबियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस पवित्र स्थल पर गंदगी और नशाखोरी को रोका जा सके। साथ ही शहरवासियों से अपील की गयी है कि वे अपने कूड़े को कूड़ेदान में ही डालें और यदि कोई सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करता दिखाई दे, तो उसे रोकें।

# भारत में न्यायिक सुधारों की आवश्यकता पर सेमिनार आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** फोरम फॉर फास्ट जस्टिस मुंबई स्थित एक पंजीकृत ट्रस्ट है जो भारत के लोगों को समय पर न्याय उपलब्ध कराने के लिए एक मिशन मोड पर काम करता है। इसने जिला स्तर की इकाइयाँ स्थापित की हैं जो कानून के अनुसार पंजीकृत भी हैं जिन्हें उस विशेष जिले के फास्ट जस्टिस के लिए सोसायटी के रूप में नामित किया जाएगा। समय पर न्याय पाना भारत के नागरिकों का मौलिक अधिकार है, जो कानून के शासन को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। हालाँकि, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के बावजूद, न्यायिक प्रणाली में होने वाली देरी के कारण समय पर न्याय पाने के अधिकार से अक्सर समझौता किया जाता है। जब अदालतें उचित समय सीमा के भीतर फैसला सुनाने में विफल रहती हैं, तो इससे न केवल विवादों के समाधान में बाधा उत्पन्न होती है, बल्कि नागरिकों का कानूनी प्रणाली में विश्वास भी कम होता है।

यह है कि 20-02-2025 तक जिला न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालयों और भारत के सर्वोच्च न्यायालय तक 4,60,25,360 (चार करोड़ साठ लाख पच्चीस हजार तीन सौ साठ) से अधिक मामले लंबित थे। इनमें से अगर एक साल से अधिक समय से लंबित मामलों की बात करें तो यह जिला न्यायालयों में 74.20 प्रतिशत, उच्च न्यायालयों में 80.15 प्रतिशत और 35.15 प्रतिशत है। उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या एक वर्ष से अधिक है। कुल लंबित मामलों में पश्चिम बंगाल का योगदान 4,60,25,360 (चार करोड़ साठ लाख पच्चीस हजार तीन सौ साठ) है, जिनमें से 80.15 प्रतिशत मामले एक वर्ष से अधिक पुराने हैं।इस कार्यक्रम में भागवान जी रेयानी, ट्रस्टी (चेयरमैन), आशीष मेहता, ट्रस्टी, राजेंद्र चौधरी, × सेक्रेटरी, प्रवीण पटेल, (ट्रस्टी × कंवेनर) गीता श्री उरांव, (पूर्व शिक्षा मंत्री), उमा शंकर सिंह, फरजाना फारुकी, अधिवक्ता मीना, सीता दिया सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। इस कार्यक्रम का आयोजन दिया संस्थान ने किया था।